डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार | 09 अगस्त 2025 | वर्ष-31, अंक-293, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 15, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं

रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

## एक नजर

### पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह, को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**धनबाद।** झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। वे अपने चचेरे भाई और धनबाद के तत्कालीन डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोप में आठ साल से जेल में हैं। निचली अदालत और झारखंड हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद संजीव सिंह ने शीर्ष अदालत में गुहार लगाई थी। संजीव सिंह झरिया की मौजूदा भाजपा विधायक रागिनी सिंह के पति हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद संजीव सिंह के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। उनके खिलाफ निचली अदालत में मुकदमे की सुनवाई जारी रहेगी।

संजीव सिंह के अधिवक्ता मो जावेद ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विनोद चंद्रन और जस्टिस एनबी अंजारिया की खंडपीठ ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत प्रदान की। अदालत में संजीव सिंह की ओर से अधिवक्ता सन्नी चौधरी ने दलीलें पेश कीं।

ज्ञात हो कि 22 मार्च 2017 को धनबाद के स्टील गेट इलाके में नीरज सिंह की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने उनकी एसयूवी के बोनट पर चढ़कर अंधाधुंध फायरिंग की थी। नीरज सिंह के शरीर में 25 गोलियां लगी थीं। इस हमले में उनके निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी, चालक घलटू और करीबी सहयोगी अशोक यादव की भी मौके पर मौत हो गई थी।

# झारखंड राज्य स्तरीय जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में पलामू के हेमंत वआयुष को ब्रॉन्ज मेडल

- दोनों खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पलामू का नाम रोशन किया

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन और साहिबगंज जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 7 अगस्त को साहिबगंज स्टेडियम में राज्य स्तरीय जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के चौथे नेशनल जैवलिन दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पलामू जिले से चयनित दो बालक खिलाड़ियों ने भाग लिया और उत्तम प्रदर्शन करते हुए क्रमशः हेमंत कुमार को अंडर 18 आयु वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल और आयुष कुमार को अंडर 16 आयु वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ, जिससे पलामू का नाम गर्व से रोशन हुआ। यह उपलब्धि पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन और पलामू के लिए एक गौरव की बात है। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इन खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने भी खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। शुभकामना देने वालों में एथलेटिक्स कोच मोनू कुमार, पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद शेष पेज 11 पर...

# सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में गढ़वा से मझिआंव होते हुए कांडी पंडुका ब्रिज तक चौड़ी सड़क निर्माण की उठाई मांग

- पलामू क्षेत्र के चहुमुखी विकास और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए अहम कदम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आज लोकसभा में सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत एक महत्वपूर्ण मामला उठाया। उन्होंने गढ़वा से मझिआंव होते हुए कांडी पंडुका ब्रिज (झारखंड सीमा के अंत) तक चौड़ी सड़क निर्माण की मांग की। सांसद राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के चहुमुखी विकास और क्षेत्र की जनता के सुगम आवागमन के लिए यह सड़क परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों द्वारा गढ़वा से मझिआंव होते हुए कांडी पंडुका ब्रिज तक चौड़ी सड़क के निर्माण की मांग की जा रही है। इस सड़क निर्माण से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी, और यह क्षेत्र एक प्रमुख व्यापारिक गलियारे के रूप में विकसित हो सकेगा। इस सड़क के निर्माण से दक्षिण बिहार के इस इलाके का सीधा संपर्क झारखंड राज्य के विभिन्न शहरों से हो सकेगा। पंडुका पुल का निर्माण कार्य पूरा होने पर गढ़वा जिले के मझिआंव, कांडी विशुनपुरा, बरडीहा, भवनाथपुर जैसे प्रखंडों के लोग वाराणसी जाने के लिए 80 किलोमीटर कम दूरी तय करेंगे। इसके अलावा पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला जैसे जिलों के लोग और छत्तीसगढ़ से आने वाले यात्रियों को जीटी रोड या वाराणसी जाने के लिए तीसरा विकल्प मिलेगा।

सांसद राम ने इस मुद्दे पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध किया कि गढ़वा से मझिआंव, कांडी होते हुए पंडुका ब्रिज तक चौड़ी सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाए।

## नेमरा स्थित पैतृक आवास से सरकारी कामकाज निपटा रहे सीएम ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# कार्यों में तत्परता व निरंतरता बनाए रखें

- कहा, आमलोगों की समस्याओं का निराकरण तत्काल हो, कोताही नहीं हो
- राज्यहित से जुड़े विषयों को लेकर सजग और संवेदनशील हैं सीएम
- पुत्र धर्म के साथ अपना कर्तव्य भी निभा रहे हैं मुख्यमंत्री सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** एक तरफ 'बाबा' के परलोक गमन की असहनीय पीड़ा, तो दूसरी तरफ राज्य के प्रति जिम्मेदारियों को निभाने की चिंता। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपनी जिन्दगी के सबसे कठिन समय से गुजर रहे हैं । 'बाबा' के निधन का आज पांचवां दिन है। पर, दुःख-दर्द और आंसू थम नहीं रहे हैं। दिल- दिमाग बेचैन, विचलित और व्यथित हैं। लेकिन, ऐसे विषम हालात में भी वे पुत्र धर्म के साथ राजधर्म निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री सोरेन रामगढ़ जिले के नेमरा स्थित पैतृक आवास में एक ओर स्मृति शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के उपरांत के रस्म रिवाज को पारंपरिक विधि-विधान से निभा रहे हैं, तो दूसरी तरफ शासन-प्रशासन चलाने का भी फर्ज बखूबी निभा रहे हैं, ताकि राज्य के विकास की गति में कोई अवरोध नहीं हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शोक की इस घड़ी में भी राज्यहित से जुड़े विषयों को लेकर पूरी तरह सजग और संवेदनशील हैं। व्यक्तिगत भावनाओं और दुःख-दर्द को सीने में दबाकर वे सरकारी कामकाज को बेहतर तरीके से निभाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जरूरी संचिकाओं का निष्पादन करने के साथ सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ नियमित संवाद बनाए हुए हैं। सरकार की गतिविधियों की निरंतर जानकारी लेने के साथ-साथ उन्हें निदेशित किया है कि वे अपने कार्यों में तत्परता व निरंतरता बनाए रखें और इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आमजनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो। कहीं भी, किसी भी कार्य में कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों से यह भी कहा कि वे उन्हें हर पल अद्यतन सूचनाओं से अवगत कराते रहें तथा आवश्यकतानुसार निर्देश प्राप्त करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद दुख और मुसीबत की घड़ी में जिस तरह राज्य की जनता मेरे पूरे परिवार के साथ खड़ी रही, उसी से मुझे यह हिम्मत मिली कि मैं इन कठिन परिस्थितियों में भी इस राज्य के प्रति अपने दायित्वों को निभा सकूं।

### बाबा को दिए वचन और वादों को निभा रहा हूं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा हमेशा कहा करते थे, सार्वजनिक जीवन में हमेशा आम जनता के लिए खड़ा रहना। वे संघर्ष की मिसाल थे। उन्होंने कभी झुकना नहीं सीखा। इस राज्य के लिए हमेशा लड़ते रहे। उन्होंने कभी भी अपने व्यक्तिगत हितों को तरजीह नहीं दी। संसद से सड़क तक इस राज्य के लिए संघर्ष करते रहे। आज झारखंड है, तो यह दिशोम गुरु की देन है। लेकिन, अब उनका साया हमारे ऊपर से उठ चुका है। पर, वे हम सभी के लिए पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक रहेंगे। उन्होंने इस राज्य की खातिर मुझसे कई वचन लिए थे। मैं उनसे किए वादों को पूरा करने का हर संभव प्रयास कर रहा हूं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उतरे खेतों में, धनरोपनी होते हुए देखा, कहा-

# हमारी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की पहचान भी है कृषि



- किसानों से कहा, सरकार आपको खुशहाल और सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध
- सरकारी योजनाओं से जुड़ें और उसका लाभ उठाएं, किसान खुशहाल तो देश सशक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का खेती-किसानी से लगाव जगजाहिर है। इसकी बानगी शुक्रवार एक बार फिर देखने को मिली, जब रामगढ़ के नेमरा स्थित अपने पैतृक आवास से निकलकर वे खेतों की मेड़ से होते धनरोपनी करते किसानों के बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि कृषि ना सिर्फ अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि हमारी पहचान, अस्मिता, शेष पेज 11 पर...

### किसानों से की बात समस्याओं के निराकरण का दिया भरोसा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खेत में अपने बीच देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे। उनकी खुशियां देखते ही बन रही थीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी परेशानियां तथा समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। आपके लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने को सशक्त बनाएं। मैं आपके लिए हमेशा खड़ा हूं। आपको जो परेशानी हो, बताएं, उसका निराकरण निश्चित तौर पर होगा।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# सारंडा के दीघा में आईईडी विस्फोट सीआरपीएफ के दो जवान जख्मी

- एयरलिफ्ट कर रांची लाए गए, अस्पताल में भर्ती

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची/चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के दीघा क्षेत्र में शुक्रवार को सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन 209 के दो जवान नक्सलियों के बिछाए आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आ गए और विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। जानकारी के अनुसार, उन्हें राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान राम प्रवेश सिंह और छोटू कश्यप के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार, विस्फोट की यह घटना शुक्रवार की दोपहर उस वक्त हुई थी, जब सुरक्षा बलों का दस्ता जंगल के इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन पर था। पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी राकेश रंजन ने घटना की पुष्टि की है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। बताया गया है कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके खिलाफ सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। पश्चिमी सिंहभूम में पुलिस और सुरक्षाबलों ने पिछले तीन माह के अंदर नक्सलियों के एक दर्जन से ज्यादा डंप को ध्वस्त करते हुए हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया था। ज्ञात हो कि सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने और अपने ठिकानों तक पहुंचने से रोकने के लिए नक्सलियों ने पूरे इलाके में जमीन के नीचे जगह-जगह आईईडी लगा रखे हैं, जिन पर जवानों के पांव पड़ते या हल्का प्रेशर बनते ही विस्फोट हो शेष पेज 11 पर...

### ग्रीन कॉरिडोर बनाकर लाया गया अस्पताल

सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के दोनों घायल जवानों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। रांची हवाई अड्डे से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दोनों जवानों को राज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक उनकी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

# पलामू में 31 राजस्व उप निरीक्षक व 6 अमीनों का तबादला

- जिला राजस्व स्थापना समिति के निर्णय पर तत्काल प्रभाव से लागू हुआ आदेश, संबंधित अधिकारियों को अनुपालन के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग में व्यापक फेरबदल करते हुए जिले भर में कार्यरत 31 राजस्व उप निरीक्षकों और 6 अमीनों का स्थानांतरण कर दिया है। यह निर्णय 7 अगस्त को हुई जिला राजस्व स्थापना समिति की बैठक में लिया गया था, जिसके आधार पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी द्वारा स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। तबादला सूची में शामिल प्रमुख नामों में सुरेन्द्र कुमार को नौडीहा बाजार से विश्रामपुर, सुनील कुमार सिंह को हैदरनगर से छत्तरपुर, विकास कुमार सिंह को पीपरा से हुसैनाबाद, ज्योत्सना आभा कुजूर को नीलाम्बर-पीताम्बरपुर से छत्तरपुर, प्रगास मोची को पाटन से सदर मेदिनीनगर और संजीव कुमार को हरिहरगंज से पाटन में स्थानांतरित किया गया है।

प्रेमचंद कुमार को मोहम्मदगंज से मनातू, रितेश रंजन तिवारी को हरिहरगंज से मनातू, संतोष कुमार को छत्तरपुर से चैनपुर और मुकेश कुमार को नीलाम्बर-पीताम्बरपुर से चैनपुर भेजा गया है। बाह्यस्रोत अमीनों की सूची में उदय प्रताप मेहता को ऊँटारी रोड से हैदरनगर, रफीक अंसारी को पाटन से नीलाम्बर-पीताम्बरपुर, शंकर कुमार सिंह को नीलाम्बर-पीताम्बरपुर से पाँकी, विजय सिंह को पाटन से मोहम्मदगंज, विनय यादव को मोहम्मदगंज से ऊँटारी रोड और अजीत कुमार सिंह को हैदरनगर से मोहम्मदगंज में पदस्थापित किया गया है। प्रशासन ने निर्देश जारी किया है कि सभी संबंधित अंचलाधिकारी इन कर्मियों को तत्काल कार्यमुक्त कर नए स्थानों पर योगदान सुनिश्चित कराएं। साथ ही, अगस्त 2025 का वेतन और अमीनों का मानदेय अब उनके नए कार्यालय से ही देय होगा। यह फेरबदल प्रशासन की दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे जिला स्तर पर कार्य संचालन अधिक प्रभावी हो सके।

## इंडिया

# आदिवासी समुदाय के वोट बैंक की राजनीति और सांस्कृतिक प्रहसन



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड बने 25 वर्ष और देश की आजादी के 75 वर्ष हो रहे हैं आज तक जितनी प्रमुख पार्टियों देश में और झारखंड में आईं लगभग सभी ने अपने को आदिवासियों का सच्चा हितैषी और संरक्षक बताया लेकिन चंद चमकते हुए अभिजात्य वर्ग के जनजातियों को छोड़ दिया जाए तो झारखंड सहित भारत के आदिवासी इलाकों में डायन प्रथा विकास की पोल खोलती है। डायन प्रथा के मूल में दो मुख्य कारण हैं पहला किसी अकेली लाचार आदिवासी या दलित महिला की संपत्ति हड़पना और दूसरा इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होना। यह दोनों अवस्थाएं हमारे सारे विकास के दावों की पोल खोलती है यदि कोई अकेली महिला को समाज या सरकारें सुरक्षा नहीं दे पा रहीं या आंकड़ों के हिसाब से अरबों रूपए के बजट से चलने वाले हर गांव के आसपास स्वास्थ्य उपकेंद्र केंद्र रेफरल और अलग-अलग नाम से छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों की श्रृंखला है तब झाड़ फूंक करने की नौबत क्यों आ रही है? वस्तु स्थिति यह है की राजनीतिक पार्टियां विकास के नाम पर जनजातीय समुदाय को लुभाने के लिए बड़े-बड़े दावे करती हैं कोई उनको पैसे देता है कोई उनका सम्मान देने की बात करता है और कोई उनके लिए अलग-अलग योजनाएं बनाता है लेकिन इसकी मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की कहानियों की ऐसी लंबी श्रृंखला है जो गांव से लेकर जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री तक आज भी हमें आईना दिखा रही हैं । दूसरी और जो



पढ़े-लिखे विकसित आदिवासी हैं उनके अंदर एक अभिजात्य वर्ग तैयार हो गया है जो या तो सरकारी अफसर रहे हैं या नेताओं से जुड़े हुए लोग या कुछ मामलों में बड़े भूस्वामी हैं । इस वर्ग की सोच लगभग वैसी ही है जैसे तथाकथित शोषक वर्ग की है यह वर्ग कई बार मांग कर चुका है कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के उसे प्रावधान को शिथिल कर दिया जाए जिसमें एक ही थाना क्षेत्र के ही आदिवासियों को जमीन की खरीद बिक्री करने की अनुमति दी गई है इसकी बारीकी यह है कि यह वर्ग यह नहीं चाहता कि समुदाय गरीब अपने बच्चों की पढ़ाई व्यवसाय या अन्य कार्यों के लिए लाखों करोड़ों के बाजार मूल्य पर जमीन का लेनदेन कर पाएं लेकिन अगर वह आधे दाम पर बेचे तो उन्हें । वे यह भी नहीं चाहते कि लीज पर जमीन रखकर व्यापार या बाजार मूल्य पर बिक्री के आधार पर उन गरीब आदिवासियों के बच्चों की पढ़ाई अच्छी हो वह भी समाज की मुख्य धारा में आएं यही कारण है कि आरक्षण की सुविधा जो यह नवअभिजात्य वर्ग जो अंग्रेजी माध्यम या बड़े शिक्षण संस्थानों में पढ़कर आता है वह ले लेता है चाहे वह नौकरी हो या उच्च शिक्षा। बिना वैध बिक्री रजिस्ट्री के मिट्टी के मोल जमीन सादे कागज पर बड़े पैमाने पर गैरआदिवासी कब्जा रहे हैं ऐसे आरोप उछलते रहते है। राजनीति इन्हें रोकने की नहीं भड़का कर गोलबंद कर वोट बैंक में ही बदलने की रही है। दिलचस्प बात यह है कि टाइटल के आधार पर आप अगर पूछें कि आपकी घर की भाषा क्या है आप अपने बच्चों से किस भाषा में बात करते हैं तो पता चलेगा कि वे जिस समुदाय से आते हैं उसकी भाषा नहीं जानते अपने घरों में अपने बच्चों को अंग्रेजी सिखा रहे हैं आदिवासी रीति रिवाज की दुहाई सभी देते हैं लेकिन पाश्चात्य रीति रिवाज से लेकर अलग-अलग रीति रिवाज मानने वालों की एक बड़ी संख्या झारखंड में है जो झारखंड के गांव की आखरा संस्कृति गीत संगीत और पारंपरिक पर्व त्योहार से दूर हटती जा रही है जिसका सबसे बड़ा प्रमाण झारखंड के मेले और बाजार हैं जहां आधुनिकता का शोर है और स्पष्ट रूप से अभिजात्य वर्ग के आदिवासियों की सांकेतिक भागीदारी फोटो खिंचाने तक सिमट कर रह गई है।

# देवघर में निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी पर एफआईआर

- बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जबरन घुसने का आरोप

**नवीन मेल डेस्क**

**देवघर।** दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी और गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में कथित रूप से जबरन प्रवेश करने के आरोप में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह एफआईआर देवघर की पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पूर्व महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर की शिकायत पर 7 अगस्त को दर्ज की गई है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है, पूजा करने के कारण यह केस है। अभी तक 51 केस मेरे ऊपर दर्ज हैं। कल देवघर एयरपोर्ट से सीधे पुलिस स्टेशन जाकर गिरफ्तारी दूंगा। पंडा धर्मरक्षिणी सभा के कार्तिकनाथ ठाकुर ने अपनी शिकायत में कहा है कि श्रावणी मेले के दौरान मंदिर में वीवीआईपी दर्शन और गर्भगृह में प्रवेश पर रोक थी।

इसके बावजूद 2 अगस्त को मनोज तिवारी, निशिकांत दुबे, उनके पुत्र कनिष्ककांत दुबे, दोनों सांसदों के पीए और देवघर के कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए जबरन गर्भगृह में प्रवेश किया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि निकास द्वार पर तैनात पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की गई, जिससे मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई। शेष पेज 11 पर...

## मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन

**विश्रामपुर (पलामू)।** शुक्रवार को मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी और मिठाइयाँ खिलाईं। छात्रों ने उन्हें उपहार देकर रक्षा का वचन दिया और राष्ट्र की सेवा का संकल्प भी लिया। स्कूल निदेशक राहुल जैकब ने रक्षाबंधन पर्व की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य प्रतिभा कुमारी, उप प्राचार्य एडविन मार्टिन, सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# समता स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व प्रेम व सौहार्द के साथ मनाया गया

**छात्राओं ने भाई-बहन के अटूट रिश्ते की मिसाल पेश की, शिक्षकों ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों को बताया अद्वितीय**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अमन चैन मुहल्ला एवं जपला छतरपुर रोड स्थित धरहरा जपला के समता स्कूल में शुक्रवार को भाई-बहन के प्रेम और रक्षा के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी और मिठाइयाँ खिलाईं। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर स्नेह और सुरक्षा का वचन दिया। विद्यालय के



निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने छात्रों को रक्षाबंधन का सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति में पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक सुरक्षा और नारी गरिमा का प्रतीक है। डॉ. चौहान ने श्रीकृष्ण और द्रौपदी की कथा के माध्यम से भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती और रक्षा का संदेश भी बच्चों को दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण झ विनोद चौधरी, किरण देवी, संतोष मिश्रा, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, राहुल गुप्ता सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## किशुनपुर चौक पर जाम घंटों बाधित रहा आवागमन

**बाजार और त्योहार की भीड़ में अतिक्रमण ने बढ़ाई परेशानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** पलामू-पाटन मार्ग पर स्थित किशुनपुर चौक पर शुक्रवार को भीषण जाम लग गया, जिससे घंटों तक आवागमन ठप रहा। रक्षाबंधन और साप्ताहिक बाजार को लेकर चौक पर अत्यधिक भीड़ थी, वहीं सड़क किनारे अतिक्रमण ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। किशुनपुर ओपी की तत्परता और समय पर पहुंचने से जाम धीरे-धीरे हटाया गया और यातायात बहाल हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि त्योहार और बाजार के दिनों में यहां ट्रैफिक व्यवस्था को और सुदृढ़



करने की जरूरत है।

## जलजमाव से एनएच-75 कीचड़ में तब्दील, आवागमन में परेशानी

**पंडवा (पलामू)।** पंडवा सरकारी विद्यालय के पास एनएच-75 पर जलजमाव के कारण सड़क की हालत काफी जर्जर हो गई है। दो फीट तक के गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जो आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। यह मार्ग पंडवा के शैक्षणिक संस्थानों से जुड़ा है, जहां से प्रतिदिन हजारों विद्यार्थी आना-जाना करते हैं। कई महीनों से सड़क की स्थिति खराब है, लेकिन अब तक किसी विभाग ने इसे सुधारने की पहल नहीं की है। आमजन को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर हुई बैठक, एसडीओ ने साफ-सफाई का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों, सरकारी कार्यालयों व प्रतिमा स्थलों पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। एसडीओ ने नगर पंचायत को सभी चौराहों पर स्थित प्रतिमा स्थलों की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही पूर्व की तरह विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालने की बात कही गई। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने हेतु पुलिस बल को निर्देश दिया गया। इस मौके पर एलआरडीसी गौरांग महतो, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, प्रमुख राजकुमारी देवी, अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, डॉ. विनेश कुमार, प्रो. राजेश सिंह, प्राचार्य प्रेमनाथ सिंह, एचएम कन्हैया प्रसाद, अशहर रूमी, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## हैदरनगर-गाजीबिहारा रोड पर बना गड्ढा दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हैदरनगर-गाजीबिहारा मुख्य सड़क पर भगड़ा गांव के समीप पीसीसी सड़क में बना गहरा और खोखला गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र के स्कूल, हॉस्पिटल, स्टेशन और बैंक तक पहुँचने का मुख्य मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मोतियाडीह के पास भी सड़क की हालत बेहद खराब है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बावजूद इसके अब तक संबंधित विभाग की ओर से कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि कोई बड़ा हादसा हुआ, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने सड़क मरम्मत की दिशा में तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार की 'हर गाँव तक सड़क' नीति पर सवाल उठाए हैं।



## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर विश्रामपुर सीएचसी में कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विश्रामपुर के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें आंगनबाड़ी सेविकाएं, स्वास्थ्य सहिया और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। डॉ. राजेन्द्र कुमार ने बताया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले अभियान में 2.79 लाख लोगों को तीन दवाएं (डीईसी, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन) मुफ्त दी जाएंगी। इस कार्य के लिए 280 बूथ, 32 सुपरवाइजर, 560 कर्मी और 6 ट्रांजिट टीमें तैनात की गई हैं। साथ ही, 54 सामाजिक कार्यकताओं को भी अभियान में जोड़ा गया है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। 1-2 वर्ष के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल दिया जाएगा। स्वास्थ्यकर्मी विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि यदि दवा लेने के बाद उल्टी, चक्कर या खुजली जैसे लक्षण दिखें, तो यह संकेत है कि शरीर में पहले से परजीवी थे, जो अब मर रहे हैं। यह सामान्य प्रक्रिया है।



### नावाबाजार में लापरवाही से बढ़ रही फाइलेरिया मरीजों की संख्या

नावाबाजार प्रखंड में फाइलेरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में २७ मरीज सक्रिय हैं। सर्कल इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने चेताया कि यदि समय रहते जागरूकता नहीं आई, तो नावाबाजार प्रखंड राज्य में सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र बन सकता है। सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और बूथों पर दवाएं उपलब्ध करा दी गई हैं।

### पांडू में निभा पेट्रोल पंप का उद्घाटन

## विधायक बोले- गुणवत्तापूर्ण ईंधन व रोजगार दोनों मिलेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** प्रखंड में शुक्रवार को निभा पेट्रोलियम का भव्य उद्घाटन हुआ। स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह और समाजसेवी राजू तर्की ने फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि इस पेट्रोल पंप से क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने प्रोपराइटर श्यामसुंदर यादव से गुणवत्तापूर्ण ईंधन उपलब्ध कराने और उपभोक्ताओं से अच्छे व्यवहार की अपेक्षा जताई। राजू तर्की ने कहा कि किसानों को भी अब आसानी से ईंधन मिल सकेगा। उद्घाटन के मौके पर विधायक ने आश्वासन दिया कि पांडू को स्थायी बीडीओ और सीओ जल्द मिलेंगे तथा भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## पांकी में छात्रा लापता, एक सप्ताह बाद भी नहीं मिला सुराग

**पांकी।** प्रखंड के हुरलौंग गांव निवासी सदीक खलीफा की 16 वर्षीय पुत्री तनु परवीन बीते 31 जुलाई को घर से विद्यालय जाने निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। पिता ने बताया कि तनु उस दिन भरी स्थित स्त्रोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में टीसी लेने के लिए गई थी, लेकिन विद्यालय अवधि समाप्त होने के बाद भी घर नहीं लौटी। सहपाठियों और विद्यालय कर्मियों से पूछताछ करने पर पता चला कि वह विद्यालय पहुंची ही नहीं थी। अगले दिन परिजनों ने पांकी थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई। एक सप्ताह बीतने के बावजूद छात्रा का कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन बेहद चिंतित हैं। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है।

# भारतीय रेल का नया कीर्तिमान : 4.5 किलोमीटर लंबी 'रूद्रास्त्र' मालगाड़ी का सफल संचालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** माल ढुलाई की क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू) ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। गंजख्वाजा स्टेशन से पहली बार 'रूद्रास्त्र' नामक 4.5 किलोमीटर लंबी मालगाड़ी को सफलतापूर्वक चलाया गया। यह भारतीय रेल के इतिहास की अब तक की सबसे लंबी मालगाड़ी है। 'रूद्रास्त्र' में कुल 354 वैगन शामिल थे, जिन्हें छह खाली बॉक्सन रेक जोड़कर तैयार किया गया। इनको खींचने के लिए सात शक्तिशाली इंजन लगाए गए। गाड़ी को दोपहर 2:20 बजे गंजख्वाजा स्टेशन से गढ़वा रोड के लिए रवाना किया गया, जिसने 5 घंटे में 40.5 किमी प्रति घंटे की



औसत गति से 209 किलोमीटर की दूरी तय की। मार्ग में गंजख्वाजा से सोननगर तक यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर और फिर गढ़वा रोड तक सामान्य ट्रैक पर चली। डीडीयू मंडल भारतीय रेल के सबसे अहम मंडलों में से एक है, जो धनबाद मंडल को समय पर कोयला और अन्य सामान लादने के लिए खाली मालगाड़ियां उपलब्ध कराता है। यहां बड़े पैमाने पर डिब्बों की जांच और मरम्मत की जाती है। ह्यरूद्रास्त्रह्न का सफल संचालन डीडीयू मंडल की कार्यक्षमता, विभागीय तालमेल और उत्कृष्ट प्रबंधन का उदाहरण है। अलग-अलग छह गाड़ियां चलाने की बजाय इन्हें एक साथ चलाने से मार्ग और समय दोनों की बचत होगी, जिससे अधिक मालगाड़ियां चलाने का अवसर मिलेगा। शाम 7:30 बजे 'रूद्रास्त्र' गढ़वा रोड पहुंचकर धनबाद मंडल क्षेत्र में प्रवेश कर गई।

## न्यूज | बॉक्स

### हुसैनाबाद में सर्पदंश से दो किशोरियों की मौत



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में 12 घंटे के अंतराल में अलग-अलग स्थानों पर सर्पदंश से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। पहली घटना सरहु गांव की है, जहां विनय कुमार मेहता की तीन वर्षीय पुत्री अनशिखा कुमारी गुरुवार की शाम बारिश के समय घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान विषैले सर्प ने उसे डंस लिया। परिजन उसे तुरंत हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में शुक्रवार सुबह हुई। सुजीत कुमार चंद्रवंशी की तीन वर्षीय पुत्री प्रांसी कुमारी घर के पास खेल रही थी, तभी विषैले सर्प के काटने से उसकी मौत हो गई। दोनों घटनाओं से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### थानेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक, भंडारा और भक्ति जागरण



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना परिसर स्थित श्री सिद्धि थानेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को लगातार तीसरे वर्ष रुद्राभिषेक, भंडारा और भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। मुख्य यजमान थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय एवं उनकी पत्नी रहे। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने कहा कि महादेव की शरण में जाने से जीवन में कल्याण संभव है और सभी को मानवता के साथ समाज कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कार्यक्रम की निरंतरता और अगले वर्ष इसे और व्यापक रूप से मनाने की घोषणा की। आचार्य सतीश मिश्रा और भोलू बाबा ने रुद्राभिषेक संपन्न कराया। भक्ति जागरण में भजनों की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। देर रात तक चले भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नहर किनारे की सड़क पर आवागमन जोखिम भरा, कई जगह क्षतिग्रस्त



**मोहम्मदगंज।** हैदरनगर-गाजी बिहरा मुख्य सड़क से जुड़ने वाली, नहर के दाईं ओर स्थित आरईओ निर्मित सड़क पर आवागमन इन दिनों जोखिम भरा हो गया है। यह मार्ग लटपौरी, कोल्हुआ-सोनबरसा, पंसा और रामबांध पंचायत के दर्जनों गांवों को जोड़ता है और ग्रामीणों के लिए मुख्य आवागमन साधन है। लगातार हुई बारिश से सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। मोतियाडीह के पास गहरा गड्ढा बन गया है, जबकि भगड़ा गांव के पास पीसीसी सड़क के नीचे भूधंसान से सड़क टूट गई है। कई जगहों पर सड़क के नीचे की मिट्टी बह गई है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। शुक्रवार को एक बड़ा वाहन यहां फंसते-फंसते बचा, जिसे ग्रामीणों की तत्परता से निकाला गया। युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह और शुभम कुमार सिंह ने प्रशासन से तुरंत मरम्मत कर आवागमन सुगम बनाने की मांग की है।

# भजनियां-कोल्हुआ-हैदरनगर मार्ग पर बरसात में आवागमन हुआ मुश्किल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां-कोल्हुआ, सहार बिहरा, गाजी बिहरा, बड़ीहा, पंसा, परता कबरा होते हुए हैदरनगर को जोड़ने वाला सड़क मार्ग इस बरसात में फिर से मुश्किलों का सबब बन गया है। सांसद विष्णुदयाल राम ने 30 मई को भाई बीघा (हैदरनगर) में 17.372 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण का शिलान्यास किया था। यह सड़क सीआरआईएफ योजना से 36.23 करोड़ रुपये की लागत से 7 मीटर चौड़ाई में कालीकरण के साथ बननी है। निर्माण पूर्ण होने पर तीन पंचायतों के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी सड़क सुविधा की समस्या दूर होगी और विकास के द्वार खुलेंगे। लेकिन, शिलान्यास के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं होने से कोल्हुआ गांव समेत आसपास के क्षेत्रों में थोड़ी-सी बारिश में भी सड़क पर जलजमाव और कीचड़ से आवागमन प्रभावित हो जाता है। अतीत में इसी सड़क की खराब हालत को लेकर ग्रामीणों को काफी संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने तक का निर्णय ले लिया था, जो जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर वापस लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वादों के बावजूद उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे वे आहत हैं।



## विवेकानंद पब्लिक स्कूल में 'राखी बनाओ - राखी बांधो' प्रतियोगिता का आयोजन

**नावाबाजार (पलामू)।** आरापुर महुगाईं स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 'राखी बनाओ - राखी बांधो' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को स्कूल निदेशक ऋतुराज मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार है, और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। प्राचार्य तृप्ति मिश्रा, उप प्राचार्य शैली कुमारी, और शिक्षकगण सहित कई अभिभावक भी मौजूद रहे।

**जागरूकता**

## हुसैनाबाद में भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

# 'हर घर तिरंगा' राष्ट्रप्रेम व एकता का संदेश घर-घर पहुँचाने का लिया गया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की हुसैनाबाद इकाई द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर शुक्रवार को पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद ने की, जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने किया। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी एवं भाजपा जिला मंत्री सोमेश सिंह ने आगामी आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया कि 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 12 से 14 अगस्त तक शहीद



स्मारकों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अगस्त को हुसैनाबाद में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यशाला में उपस्थित वक्ताओं ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न की सफलता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा के दर्जनों वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्टेशन रोड पर बेतरतीब ऑटो खड़ी होने से लोगों की परेशानी बढ़ी

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड पर शुक्रवार को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बाजार में बढ़ी भीड़ के बीच जाम की समस्या ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी। बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए ऑटो रिक्शाओं के कारण न केवल राहगीरों का आवागमन बाधित हुआ, बल्कि दुकानदारों के व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मॉडर्न स्टेशन में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा होने के बावजूद ऑटो चालकों की मनमानी से स्टेशन रोड पर ही सवारियों को उतारने और चढ़ाने का काम होता है। इससे दिन भर बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यवसायी और आम नागरिकों ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पुलिस और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की है, ताकि त्योहारों के समय लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# रक्षाबंधन की खरीदारी से बढ़ी चहल-पहल राखी और मिठाइयों की बिक्री जोरों पर

● शुभ मुहूर्त में राखी बांधने के लिए बाजार में भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन के अवसर पर मेदिनीनगर में बाजारों में खरीदारी की धूम मची हुई है। भाई-बहन के प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक यह त्योहार शुक्रवार को बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला। बहनों ने जहां अपने भाईयों के लिए रंग-बिरंगी राखियाँ खरीदीं, वहीं भाईयों ने अपनी बहनों के लिए उपहार, कपड़े और मिठाइयाँ खरीदीं। मेदिनीनगर के प्रमुख बाजारों में मिठाइयाँ और राखियाँ बिक रही हैं, जहां बाजारों में खूब चहल-पहल देखने को मिल रही है।



इस बार मिठाइयों की कीमतें पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़ी हैं। छेने के मिष्ठान की कीमत 220 रुपये प्रति किलोग्राम और खोवे की मिठाई 240 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। वहीं, बालूशाही और लड्डू की कीमत 200 से 250 रुपये प्रति किलोग्राम है।

राखियों की कीमत पांच रुपये से शुरू होकर सौ रुपये तक है। बाजार में स्टोन से बनी राखियाँ खासतौर पर 80 से सौ रुपये तक बिक रही हैं, जबकि बच्चों के लिए गणेशा, छोटा भीम और मिकी माउस के डिजाइन की राखियाँ ज्यादा बिक रही हैं।

शुभ मुहूर्त के अनुसार राखी बांधने का समय सुबह 5:35 बजे से लेकर दोपहर 1:24 बजे तक है, जबकि अभिजीत मुहूर्त दिन के 11:25 से 12:30 बजे तक है।

## खुले में बिक रही मिठाइयां, मिलावट की आशंका बनी

● फूड सेफ्टी विभाग मौन, गढ़वा में मिलावटी मिठाइयों की बड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन के अवसर पर मिठाइयों की बढ़ती डिमांड के बीच, जिले में खुले में मिठाइयाँ बेची जा रही हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। मिठाइयाँ सड़क किनारे गंदगी से घिरे स्थानों पर बेची जा रही हैं, जहाँ बारिश के कारण धूल, मिट्टी और मक्खियाँ इन मिठाइयों के संपर्क में आ रही हैं। इसके अलावा, मिलावटी मिठाइयों की बिक्री भी एक बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें नकली मावा, दूध और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

फूड सेफ्टी ऑफिसर गुलाब लकड़ा से इस मामले में जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि उनका तबादला बोकारो हो चुका है और वे वहां शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने के लिए चली गई थीं, जिसके कारण जिले में मिठाई विक्रेताओं और मिठाइयों की जांच नहीं हो पाई।

बता दें कि दो दिन पहले गढ़वा जिले में एक बड़ी कार्रवाई हुई थी, जिसमें एसडीएम की टीम ने 50 क्विंटल मिलावटी मिठाइयों को जब्त किया था। बावजूद इसके पलामू जिले में प्रशासन द्वारा इस तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गढ़वा जिले में हुए मिलावटी मिठाइयों की जब्ती के बाद, पलामू जिले के लोग भी इस मामले को लेकर चिंतित थे, और उन्होंने नामी मिठाई दुकानों से ही मिठाइयाँ खरीदीं।

ज्ञात रहे कि पलामू जिले में कई मिठाईयाँ रांची, बनारस समेत अन्य स्थानों से मंगवाई जाती हैं। इस दौरान इन मिठाइयों में सिंथेटिक दूध, नकली खोवा, और जहरीले केमिकल्स की आशंका जताई जा रही है, जो बच्चों और वयस्कों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकते हैं।

### लिलिपुट परिवार ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

## प्यार, भाईचारे व सुरक्षा का प्रतीक बना रक्षाबंधन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लिलिपुट प्ले स्कूल में शुक्रवार, 8 अगस्त को रक्षाबंधन का त्योहार बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस खास अवसर पर सभी लड़कियों ने लड़कों को प्यार से राखी बांधी और लड़कों ने खुशी से उन्हें चॉकलेट दी। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे पर खुशी और उल्लास साफ देखा गया।

कार्यक्रम के दौरान, स्कूल के डायरेक्टर श्री राजीव गोयल ने बच्चों को रक्षाबंधन की ऐतिहासिक महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार भगवान श्री कृष्ण और द्रौपदी के बीच के एक पवित्र रिश्ते की याद दिलाता है। जब भगवान श्री कृष्ण की उंगली में चोट लगी थी, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दिया था, जिससे उनका खून बहना रुक गया। इसके बदले में भगवान श्री कृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा करने का वचन दिया था। इस कहानी ने रक्षाबंधन के रक्षा सूत्र के महत्व को दर्शाया है, जिससे भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती को बताया जाता है।

श्री गोयल ने बच्चों और स्कूल परिवार को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें भाई-बहन के रिश्ते की अहमियत समझाई।

इस कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिकाएं और शिक्षक भी मौजूद रहे, जिनमें मुस्कान, निधि, आयुषी, नेहा, गणेश, नमिता, राजनंदिनी, नगमा, वंदना, तृप्ति, तनु, वंशिका, एकता, करनाली, पलक, आँचल, जानवी, सपना, नैंसी, लक्ष्मी, कृति, दीक्षा शामिल थीं।

कार्यक्रम की सफलता में श्याम तिवारी, मन्नत सिंह बग्गा, अश्विनी कुमार, फलक आफरीन और अरीबा ने विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाई।

## राखी विश्वास, प्रेम और जिम्मेदारी का प्रतीक है : अविनाश देव

● संत मरियम विद्यालय में रक्षाबंधन उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक है। इसी भावना को बच्चों के मन में जगाने के उद्देश्य से संत मरियम विद्यालय में छुट्टी से एक दिन पूर्व रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने अपने धर्म-भाइयों की कलाई पर राखी बाँधी, आरती उतारी और मिठाई खिलाकर इस पावन पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया। छात्रों में उत्साह और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, "राखी कोई साधारण धागा नहीं, बल्कि यह एक ऐसा पवित्र बंधन है जो रिश्तों में अटूट विश्वास और जीवनभर साथ निभाने की भावना का प्रतीक है।" उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति इतनी समृद्ध है कि यहाँ के पर्व–त्योहार सभी समुदायों के लोग मिलकर मनाते हैं। इसी साझी संस्कृति ने भारत को दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई है। अविनाश देव ने उदाहरण देते हुए ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती, सिस्टर निवेदिता, फादर कामिल बुल्के और मदर टेरेसा जैसे महापुरुषों का उल्लेख किया, जिन्होंने भारतीय संस्कृति से जुड़कर इसे अपनाया और यहीं के होकर रह गए। उन्होंने छात्रों से भाईचारा, सहिष्णुता और आपसी सम्मान को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य एस. बी. साहा, समन्वयक एकता सहाय, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और इस पावन पर्व की भावना को जीवनभर निभाने का संकल्प लिया।

## रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नन्हें-मुन्नों ने पुलिस को बांधी राखी



● हुसैनाबाद थाना परिसर में भाईचारे और सौहार्द का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में रक्षाबंधन का पावन त्यौहार बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से आए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारियों को राखी बांधकर भाई-बहन के अटूट संबंध का प्रतीक प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मिठाइयाँ और चॉकलेट बाँटकर खुशियाँ साझा कीं और हर चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। इसके साथ ही, पुलिस पदाधिकारियों ने भी बच्चों को उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें हमेशा सुरक्षित और सहयोगी माहौल प्रदान करने का आश्वासन दिया।

पालामू पुलिस इस प्रकार के आयोजनों को महत्व देती है, ताकि समाज और पुलिस के बीच आपसी विश्वास एवं स्नेह को और सुदृढ़ किया जा सके। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है और पुलिस को जनता के करीब लाने में मदद मिलती है।

## रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शहर में लगा भीषण जाम



● ट्रैफिक पुलिस की मेहनत भी जाम खोलने में नाकाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को मेदिनीनगर में भारी जाम की स्थिति बनी रही। बाजारों में बढ़ती भीड़ और डिज्नीलैंड मेला देखने पहुंचे लोगों के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सद्दीक मंजिल चौक, शिवाजी मैदान रोड, कोयल पुल, शाहपुर, कचहरी चौक और ओवर ब्रिज समेत कई अन्य इलाकों में गाड़ियों का परिचालन बहुत धीमा हो गया। सामान्य दिनों में कुछ मिनटों में तय होने वाली दूरी को तय करने में लोगों को दो घंटे से अधिक का समय लग गया। सड़क किनारे अस्थायी स्टॉलों के कारण पैदल चलने वाले लोगों को भी फुटपाथ पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस ने कई बार जाम को खोलने के लिए प्रयास किए, लेकिन बड़े वाहनों की बढ़ती संख्या और छोटे वाहनों की अराजकता के कारण स्थिति और बिगड़ गई।

## महिला सशक्तिकरण और भूमि सुधार पर फोकस, उपायुक्त ने की दो अहम पहल

● मुख्यमंत्री ट्रैक्टर योजना के तहत लाभुक महिलाओं को ट्रैक्टर सौंपा गया, राजस्व मामलों की भी गहन समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले में शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक ओर जहाँ मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत विश्रामपुर की कोमल आजीविका सखी मंडल और रूपा आजीविका सखी मंडल की महिलाओं को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी गई, वहीं दूसरी ओर उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर योजना के तहत लाभुक महिलाओं को ट्रैक्टर, रोटावेटर और अन्य कृषि यंत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर उपायुक्त समीरा एस ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि ट्रैक्टर का उपयोग केवल कृषि कार्यों में किया जाए और सभी यंत्रों का समुचित उपयोग हो, ताकि योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिंद ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान कृषक समूहों, महिला समूहों, सखी मंडलों और लैम्प्स-पैक्स के बीच कृषि यंत्रों का वितरण किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत बड़े ट्रैक्टर और दो कृषि यंत्रों की खरीद पर कुल 10 लाख रुपये का पैकेज निर्धारित है, जिसमें ट्रैक्टर पर 50% और यंत्रों पर 80% तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी दौरान उपायुक्त द्वारा राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में अंतर विभागीय भूमि हस्तांतरण, म्यूटेशन, सीमांकन, भू-लगान, पीजी पोर्टल ई-राजस्व न्यायालय, सक्सेशन म्यूटेशन और पार्टीशन म्यूटेशन जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि 90 दिनों से अधिक समय से लंबित सभी आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित प्रतिवेदन समय पर नहीं भेजे जाने के कारण कई बार लाभुकों को राहत राशि मिलने में देरी होती है, जिससे बचा जाना चाहिए।

बैठक में उपायुक्त ने सभी अंचलों से दो डिसमिल भूमि की उपलब्धता की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने को कहा, जिससे सहकारिता समितियों को निबंधक सुविधा दी जा सके। साथ ही ई-रेवेन्यू कोर्ट का स्टेटस, लगान संग्रह और लैंड डिमार्केशन जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

इन दोनों कार्यक्रमों में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, सदर अंचलाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मनाया

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पलामू के द्वारा झारखंड राज्य आंदोलन के महानायक शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस चलानी किला, शाहपुर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंखनाथ सिंह चेरो ने की, जबकि संचालन दाऊद केरकेट्टा ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद निर्मल महतो का बलिदान झारखंड राज्य के निर्माण की दिशा में बीज का काम किया। उनका योगदान झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि उनके विचार और आदर्श आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं और उन्हीं के रास्ते पर चलकर हम राज्य के नव-निर्माण में सहभागी बन सकते हैं। कार्यक्रम में राजा मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी के प्रशिक्षक सिहान, संतोष कुमार, दीपक गुप्ता, आशुतोष पांडेय, संतन कुमार, सिकंदर प्रजापति, रंजन कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सभी ने शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## शिबू सोरेन को महिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह के आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सात बार सांसद रहे शिबू सोरेन (दिशोम गुरु) के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन से की गई। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती रेखा सिंह ने कहा, "गुरुजी केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने आदिवासियों और गरीबों के हक के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और महाजनी प्रथा का अंत किया। झारखंड अलग राज्य का निर्माण उन्हीं की देन है। आज देश में उनके जैसा कोई दूसरा आदिवासी नेता नहीं है। उनके विचार और संघर्ष हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।" इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से बबीता देवी, लीलावती देवी, मीरा देवी, संध्या देवी, रीमा देवी, पिंकी देवी, सरिता देवी, रेखा देवी, पुष्पा देवी, गीता देवी, लाजवंती देवी और पूनम देवी शामिल थीं।

## मिशन समृद्धि ने शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयास किए: अब कचरवा व जनकपुरी में नियमित रूप से चलेंगी पाठशालाएं

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था ने कचरवा टोला और पांकी रोड जनकपुरी पाठशाला में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कदम उठाए हैं। पहले जहाँ एक ही दिन में एक ही स्थान पर पाठशाला चलती थी, वहीं अब कचरवा में तीन दिन और जनकपुरी में पांच दिन नियमित रूप से पाठशाला चलेगी। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने बताया कि पहले एक दिन में एक ही जगह क्लास होने के कारण कचरवा पाठशाला को कम समय मिल पाता था, लेकिन अब पाठशाला का संचालन अधिक दिन और बेहतर तरीके से होगा। शीला श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि एक दिन अंबेडकर नगर के लिए भी निर्धारित किया जाएगा, हालांकि बरसात के कारण वहाँ का कार्यक्रम अभी स्थगित कर दिया गया है। आजकल के बच्चों की समस्याओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में नैतिक शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। वर्तमान समय में बच्चे छोटी उम्र से ही गलत आदतों की ओर आकर्षित होने लगे हैं, जैसे चोरी, नशा आदि। ऐसे बच्चों को सही मार्ग पर लाने और उन्हें जीवन मूल्यों की शिक्षा देने के लिए समृद्धि की पाठशाला पूरी तरह से समर्पित है।

## कांग्रेसी नेता सज़्ज़ाद ख़ान का निधन

● ईमानदार, संघर्षशील और जनसेवक नेता के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे सज़्ज़ाद ख़ान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और समर्पित संगठनकर्ता सज़्ज़ाद ख़ान का शुक्रवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से कांग्रेस संगठन को गहरा आघात पहुँचा है। वे पांकी विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रह चुके थे और जीवन भर उन्होंने संगठन की मजबूती, गरीबों की आवाज़ और जन समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया। उनकी सादगी, स्पष्टवादिता और जनहित के प्रति निष्ठा उन्हें एक अलग पहचान देती थी। पार्टी के नेताओं ने उन्हें जनसेवक और सच्चे कांग्रेसी सिपाही के रूप में याद किया। तरहसी थाना क्षेत्र के गुरहा गांव में उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का ध्वज चढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित की। बिट्टू पाठक ने झारखंड प्रदेश से बाहर रहते हुए भी शोक संदेश भेजा और कहा, "सज्जाद ख़ान साहब का जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति। इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार उनके परिजनों के साथ है।" जिला कांग्रेस के प्रवक्ता गोपाल सिंह ने उन्हें एक विचारधारा का प्रतीक बताते हुए कहा, "सज्जाद ख़ान साहब सिर्फ एक नेता नहीं थे, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने जीवनभर संगठन को मजबूत करने और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा।" इस अवसर पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यानंद दुबे, कामेश्वर तिवारी, रुद्रा शुक्ला, कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी, कोषाध्यक्ष अजय साहू, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र नाथ पासवान, मिट्ठू खान, खुर्शीद आलम, अमिताभ शर्मा, विष्णु देव यादव, सुधीर सिंह, अनिल सिंह, छोटू चंद्रवंशी सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर 'तेज' संस्थान की अनूठी पहल: 151 छात्रों को जेईई, नीट और एनडीए की मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

● पलामू में शिक्षा को नई दिशा देने की प्रेरणादायक कोशिश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान "दी एजुकेशनल ज़ोन (तेज)" ने एक सराहनीय और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ी पहल की घोषणा की है। संस्थान अब 151 बहनों-भाइयों को जेईई (इंजीनियरिंग), नीट (मेडिकल) और एनडीए (डिफेंस) जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराएगा।

इस संबंध में संस्थान के शिक्षक राहुल चतुर्वेदी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू होगी, जो पूरी तरह से ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान के कार्यालय से या वेबसाइट के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



**विशेष योजना 11वीं–12वीं के छात्रों के लिए :** वरिष्ठ रसायन शास्त्र शिक्षक एस. के. अग्रवाल ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए है। नामांकन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। चयनित छात्रों को पूरी तैयारी संस्थान द्वारा बिल्कुल मुफ्त कराई जाएगी।

गणित शिक्षक पी. के. सोनी ने कहा कि छात्रों को संस्थान की ओर से प्रिंटेड स्टडी मटेरियल भी निःशुल्क प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें किसी अन्य पुस्तक की आवश्यकता न हो।

### पलायन रोकने और प्रतिभा को स्थानीय मंच देने की कोशिश

संस्थान के शिक्षक देवानंद यादव ने कहा, "हमारा उद्देश्य पलामू को शिक्षा का केंद्र बनाना है, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को बाहर न जाना पड़े। तेज उन्हें यहीं उच्च स्तरीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा।" रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर 'तेज' की यह पहल न केवल सामाजिक सेवा का उदाहरण है, बल्कि पलामू के शैक्षणिक परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक मजबूत कदम भी है।

शिक्षक रिकेश प्रसाद ने जानकारी दी कि संस्थान ने पिछले 20 वर्षों के प्रश्नपत्रों का विशेष अभ्यास सेट तैयार किया है, जो छात्रों की तैयारी को सटीक और परिणामोन्मुख बनाएगा।

## स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेले का आयोजन



**गढ़वा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेला का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ। इस कार्यक्रम में कुल 78 वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिनमें कचरा प्रबंधन, खाद्य संरक्षण, वर्षा जल संवेदनक जैसे नवाचारों पर आधारित मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र बने। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि और सृजनात्मकता को बढ़ावा देना है, जिससे वे भविष्य में बड़े वैज्ञानिक बन सकें। कार्यक्रम के अंत में एसपीडी महदेईया कॉलेज के इन्द्रशेखर पांडेय, टीडीएम अधौरा के दिलीप कुमार गुप्ता और प्लस टू हाई स्कूल के दीपक कुमार पांडेय को निर्णायक के रूप में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। चयनित छात्रों को अब प्रांतीय विज्ञान मेला में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## डायरिया का कहर, एक वृद्धा की मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड के बुका गांव के तीनकोनिया टोला में डायरिया फैलने की घटना सामने आई है। डायरिया की चपेट में आने से 80 वर्षीय तेतरी देवी की मृत्यु हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। स्थानीय सीएचसी में इलाज कराने के बाद गंभीर रूप से बीमार लोगों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किया गया। डायरिया के कारण ग्रामीणों में हाहाकार मच गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव में कैंप लगाया और प्रभावित लोगों का इलाज शुरू किया। सीएस डॉ. दिनेश कुमार ने निर्देश दिया कि प्रभावित इलाकों में दवाइयां वितरित की जाएं। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी डॉ. सूर्यकांत कुमार, डॉ. जी. प्रसाद, एमपीडब्ल्यू उपेंद्र गुप्ता सहित अन्य टीम सदस्य उपस्थित रहे।

## पैराडाइज पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन

**डंडई।** पैराडाइज पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। बाद में, छात्राओं ने अपने सहपाठी छात्रों को राखियां बांधी और उनके अच्छे स्वास्थ्य और सफलता की कामना की। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रजापति ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है और यह समाज में प्रेम और एकता की भावना को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। छात्र-छात्राओं ने इस पावन पर्व का आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ राखियां बांधकर इसे खास बनाया।

## 66 छात्रों के बीच साइकिल वितरण, छात्रों के चेहरे खिल उठे

**केतार।** उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह में उन्नति के पहिया योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक दीपक सिंह और प्रबंधन समिति अध्यक्ष देव कुमार ठाकुर ने कुल 66 छात्रों के बीच साइकिल वितरित की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दीपक सिंह ने कहा कि यह योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य दूर-दराज के छात्रों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा देना है। उप मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि साइकिल वितरण से बच्चों को अब विद्यालय जाने में कोई परेशानी नहीं होगी और वे अच्छे से अपनी शिक्षा पूरी करेंगे। साइकिल पाकर छात्रों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस कार्यक्रम में प्रबंधन समिति सदस्य संजीव गुप्ता, शिक्षक अमरेंद्र मिश्रा, और कई अन्य उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का अंचल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**चिनियां।** प्रखंड के रानीचेरी गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण शुक्रवार को अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, छात्राओं की गतिविधियों, साफ-सफाई, भोजन की व्यवस्था और पढ़ाई का माहौल संतोषजनक पाया गया। अंचल अधिकारी ने छात्राओं से सामान्य ज्ञान, भूगोल के सवाल पूछे, जिन्हें छात्राओं ने आत्मविश्वास से उत्तर दिया। अधिकारी ने कहा, ₹हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी स्कूलों में भी निजी स्कूलों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।₹ उन्होंने वार्डन भारती कुमारी को निर्देश दिए कि वे छात्राओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, कक्षाओं का समय और प्रेरणादायक गतिविधियों में सुधार करें। अंचल अधिकारी ने कहा कि यदि इसी तरह का संचालन जारी रहा तो यह विद्यालय आने वाले समय में मॉडल स्कूल के रूप में पहचाना जाएगा। मौके पर राजस्व उप निरीक्षक विनोद कुमार दुबे, सुरक्षा प्रहरी जय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान' के तहत जागरूकता रैली का आयोजन

**मझिआंव।** गढ़वा नगर पंचायत मझिआंव में ₹हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता₹ अभियान के तहत तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली की अगुवाई नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने की। यह अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक लगातार चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य राष्ट्रध्वज और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान नगर पंचायत ने रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा वितरण और स्वच्छता संबंधित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया। विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया, ताकि वे अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराएं और स्वच्छता का पालन करें। कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा, 'यह अभियान औपचारिकता नहीं, बल्कि जनजागरूकता का संदेश है। हमारा उद्देश्य यह है कि हर नागरिक देशभक्ति और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाए।'

## आर.के. +2 हाई स्कूल भवनाथपुर में बाल संसद चुनाव सम्पन्न, आर्यन कुमार बने प्रधानमंत्री

**भवनाथपुर।** आर.के. +2 हाई स्कूल भवनाथपुर में शुक्रवार को बाल संसद चुनाव का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उल्लासपूर्ण वातावरण था, और छात्रों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पूर्ण अनुभव लिया। कुल 62 छात्रों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन किया था, और 18 पदों के लिए विजेताओं की घोषणा की गई। पहली बार विद्यालय में मतपत्र प्रणाली से चुनाव कराया गया, जो पूरी तरह से पारदर्शी था। आर्यन कुमार, कक्षा 10 के छात्र, ने प्रधानमंत्री पद के लिए सर्वाधिक मत प्राप्त किए और विजय हासिल की। चुनाव में छात्राओं की भागीदारी भी उत्साहजनक रही। प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार उपाध्याय ने छात्रों को लोकतांत्रिक मूल्यों की अहमियत समझाई और कहा कि इस प्रक्रिया ने छात्रों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और सामाजिक सहभागिता की भावना को बल दिया।

# भंडरिया थाना परिसर में रक्षाबंधन महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

### छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** गढ़वा भंडरिया थाना में शुक्रवार को रक्षाबंधन महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल मदगड़ी की छात्राओं ने थाना परिसर में जाकर प्रखंड प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को रक्षासूत्र बांधे। छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा, सब-इंस्पेक्टर दिलीप रंजन समेत अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और तिलक कर मिठाई खिलाई। इस दौरान अधिकारी भावुक हो उठे और इस पावन पर्व की गरिमा को सलाम किया। बीडीओ अमित कुमार ने छात्राओं से उनके भविष्य के बारे में बात की और उन्हें अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित किया। थाना प्रभारी ने रक्षाबंधन के महत्व को बताते हुए कहा कि यह भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है और आज इन छात्राओं ने राखी बांधकर इस कर्तव्य को निभाया।

## एम.के. इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



**श्री बंशीधर नगर।** एम.के. इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत एक सामूहिक गान से हुई, जिसमें भाई-बहन के रिश्ते को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कक्षा चौथी से सातवीं तक की छात्राओं ने रंगीन नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य आयोजन में, छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनसे उनकी रक्षा का वचन लिया। शिक्षिकाओं ने भी इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षकों की कलाई पर राखी बांधी, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास का वातावरण बन गया। प्राचार्य डॉ. अभिमन्यु सिंह ने कहा, 'रक्षाबंधन एक पर्व ही नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच विश्वास और प्रेम का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों का सम्मान पैदा होता है।'

# नव प्राथमिक विद्यालय में 16 वर्ष बाद भी पहुँच पथ की कमी



**बच्चों और शिक्षकों की जान जोखिम में**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** मड़वनीया पंचायत के कबीसा ग्राम स्थित खरठिया टोला में स्थित नव प्राथमिक विद्यालय अपने 16 वर्षों के अस्तित्व में भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। यहां तक पहुँचने के लिए कोई स्थिर सड़क नहीं है, और बच्चे एवं शिक्षक रोज खेतों के आरी और नदी को पार कर विद्यालय पहुंचते हैं। सड़क के अभाव में यह रास्ता बहुत खतरनाक है, और हमेशा अनहोनी का डर बना रहता है। प्रधान सहायक अध्यापक प्रमोद प्रसाद यादव ने बताया कि इस विद्यालय की स्थापना 2008-09 में हुई थी, और अब यहां कुल 71 छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि, विद्यालय तक पहुंचने के लिए कोई उचित सड़क नहीं है, जिससे शिक्षा के रास्ते में खतरे की स्थिति बनी रहती है। वे कहते हैं, 'चुनावों के दौरान प्रशासन से सड़क निर्माण का आश्वासन मिलता है, लेकिन आज तक कोई पहल नहीं हुई है।'

# खरौंधी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

▸ **प्रखंड कार्यालय में सुबह 8:15 बजे होगा ध्वजारोहण**



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर खरौंधी प्रखंड में आयोजित बैठक में विभिन्न स्थानों पर झंडोत्तोलन का समय तय किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने की, और इसमें प्रखंड क्षेत्र के कुल 11 स्थानों पर ध्वजारोहण की योजना पर चर्चा हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रखंड कार्यालय खरौंधी में सुबह 8:15 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर क्रमशः समय पर झंडोत्तोलन होगा।

- मध्य विद्यालय खरौंधी - 8:50 बजे
- उच्च विद्यालय खरौंधी - 9:00 बजे
- पंचायत भवन खरौंधी - 9:10 बजे
- तहसील भवन - 9:15 बजे
- डाकघर खरौंधी - 9:20 बजे
- स्वास्थ्य उपकेंद्र - 9:40 बजे
- बीआरसी भवन - 10:10 बजे
- झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक - 10:20 बजे
- थाना खरौंधी - 10:35 बजे

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिसरी - 11:30 बजे**

प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि सभी निर्धारित स्थलों पर समयानुसार ध्वजारोहण किया जाएगा और हर कार्यक्रम में सभी लोग मिलकर शामिल होंगे। इस बैठक में अंचल अधिकारी गौतम कुमार लकड़ा, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, सीआई अजित कुमार दुबे सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## केतार में शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

**केतार।** झारखंड आंदोलनकारी संघ केतार ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिबू सोरेन के नेतृत्व में ही झारखंड अलग राज्य बना। उन्होंने जीवनभर झारखंडवासियों के हित में आवाज उठाई और आदिवासी समुदाय के लिए संघर्ष किया। वक्ताओं ने शिबू सोरेन की भूमिका को याद करते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। श्रद्धांजलि सभा में शिवकुमार सिंह, रामनारायण राम, नरेश बैठा, अली हुसैन अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।

## कुंबा ग्राम में श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा 101 पौधों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह ने कुंबा ग्राम में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 101 पौधों का वितरण किया। इसके साथ ही, ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया ताकि वे पर्यावरण के महत्व को समझ सकें। हेमंत प्रताप देव, उपाध्यक्ष ने बताया कि यह समूह निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों में संलग्न है, और इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित करना है। इस अवसर पर समूह द्वारा अब तक किए गए अन्य कार्यों का भी उल्लेख किया गया, जैसे कि मेडिकल कैंप और कंबल वितरण। कार्यक्रम में संजीव कुमार सिंह, नागेंद्र राम, राजेंद्र प्रसाद सहित कई अन्य गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद थे।

# भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शव को लेकर थाना प्रभारी और चिकित्सा पदाधिकारी में विवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** गुरुवार को भंडरिया कुरुन मुख्य मार्ग पर जिरमनिया डेम के समीप दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में बिंदा गांव निवासी जयराम सिंह की मृत्यु हो गई। शव को स्थानीय लोगों और भंडरिया पुलिस प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि, शव रखने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने भंडरिया थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा से शव को स्वास्थ्य केंद्र से हटाने की अपील की। थाना प्रभारी ने शव को रात में पोस्टमार्टम के लिए भेजने की असमर्थता जताई और मानवता के आधार पर शव को वहीं रखने का अनुरोध किया। दोनों पक्षों के बीच हुई बहस के बाद शव को शुक्रवार सुबह गढ़वा भेजा गया और अंतिम संस्कार के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी का कहना था कि अस्पताल परिसर में शव रखने की कोई व्यवस्था नहीं है, जो दूसरे मरीजों के इलाज में विघ्न डालती है। ग्रामीणों ने इस स्थिति को लेकर प्रशासन से बेहतर व्यवस्था की मांग की है, खासकर एम्बुलेंस की कमी के कारण। स्थानीय लोग बताते हैं कि घायल युवकों को इलाज के लिए निजी वाहन का सहारा लेना पड़ा क्योंकि 108 एम्बुलेंस काफी देर से पहुंची थी। यह तीसरी घटना थी, जब स्वास्थ्य केंद्र में शव रखने के कारण विवाद हुआ और ग्रामीणों ने इस पर समाधान की मांग की है।


## समाहरणालय, लोहरदगा
## जिला- लोहरदगा

### विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1/नीति–05–03/2024–903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" तथा राजस्व पर्षद द्वारा अनुमोदित बिक्री अधिसूचना की शर्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक के लिए झारखंड राज्य के **लोहरदगा जिला** की "देशी शराब की दुकान" तथा "शराब की कम्पोजिट दुकान" की बंदोबस्ती ई–लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की जायेगी। ई–लॉटरी में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों के द्वारा "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025", बिक्री अधिसूचना की शर्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान/दुकानों के समूह की विवरणी तथा आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट https://excise.jharkhand. gov.in, जिला के NIC वेबसाईट lohardaga.nic.in एवं https:// exciselottery.jharkhand.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–लॉटरी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है –

i. "देशी शराब की दुकान" और "कम्पोजिट दुकान" की ई लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08/08 /2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20/08/2025 की संध्या 7.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर किया जा सकेगा।
ii. ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकान समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदन शुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल/विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।
iii. कम्प्यूटर से Randomization के द्वारा ई–लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 22/08/2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट lohardaga.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा ।
iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान/दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (MGR) के आधार पर अवरोही क्रम (descending order) में सम्पन्न होगी ।
v. ई–लॉटरी का परिणाम https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट lohardaga.nic.in पर उपलब्ध होगा।
vi. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ, संबंधित दुकान/दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा।
vii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
viii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (ETD) की राशि जमा करनी होगी।

ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या–8002552386 (सामान्य कॉल), 7004325502 (Whatsapp मैसेज) है । उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी।

उपायुक्त, लोहरदगा

PR.NO.359181 Excise(25-26):D



## समाहरणालय, गढ़वा
## (उत्पाद शाखा)

### विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1/नीति–05–03/2025–903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" तथा राजस्व पर्षद द्वारा अनुमोदित बिक्री अधिसूचना की शर्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक के लिए झारखंड राज्य के गढ़वा जिला की "देशी शराब की दुकान" तथा "शराब की कम्पोजिट दुकान" की बंदोबस्ती ई–लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की जायेगी। ई–लॉटरी में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों के द्वारा "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025", बिक्री अधिसूचना की शर्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान/दुकानों के समूह की विवरणी तथा आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट https://excise.jharkhand.gov.in, जिला के NIC वेबसाईट www.garhwa.nic.in एवं https://exciselottery.jharkhand.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–लॉटरी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है –

i. "देशी शराब की दुकान" और "कम्पोजिट दुकान" की ई लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20/08/2025 की संध्या 7.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर किया जा सकेगा।
ii. ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकान समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदनशुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल/विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।
iii. कम्प्यूटर से Randomization के द्वारा ई–लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 22/08/2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा ।
iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान/दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (MGR) के आधार पर अवरोही क्रम (descending order) में सम्पन्न होगी ।
v. ई–लॉटरी का परिणाम https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध होगा।
vi. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ, संबंधित दुकान/दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक.जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा।
vii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण .जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
viii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (ETD) की राशि जमा करनी होगी।

ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या–7004133024 (सामान्य कॉल), 7004156509 (Whatsapp मैसेज) है। उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी।

ह0/–
उपायुक्त,गढ़वा

PR 359195 Excise(25-26).D


**आर्थिक वृद्धि** | दो बच्चों की पढ़ाई और परिवार की खुशहाली की बनी मिसाल

# बकरी पालन से बदली तकदीर : आत्मनिर्भर बनीं केतार की मंजू देवी

● **सालाना 65 हजार की आमदनी**

**बिट्टू सिंह**



**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के बक्सीपुर गांव की मंजू देवी ने बकरी पालन को आजीविका का जरिया बनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को न केवल सुदृढ़ किया, बल्कि आत्मनिर्भरता की एक मिसाल भी पेश की है। आज वह सालाना करीब 65 से 70 हजार रुपए तक की आमदनी कर रही हैं और अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर पा रही हैं। मंजू देवी बताती हैं कि एक समय था जब उनके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी संघर्ष करना पड़ता था। गांव में दूसरों के खेतों में मजदूरी कर जैसे-तैसे घर चलाया करती थीं। कभी-कभी काम नहीं मिलने पर साहूकारों से ब्याज पर कर्ज लेकर गुजारा करना पड़ता था। इसी बीच उन्होंने सखी मंडल समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से मिले ऋण से उन्होंने कर्ज से राहत पाई और फिर बकरी पालन शुरू किया। जेएसएलपीएस से 50 हजार रुपये का सीआईएफ और सीसीएल से 20 हजार का ऋण लेकर उन्होंने इस कार्य को आगे बढ़ाया। आज मंजू देवी हर महीने 5000 रुपए तक की नियमित आमदनी बकरी पालन से कर रही हैं। इस आमदनी से वह न केवल परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि अपने दोनों बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सिलाई का प्रशिक्षण भी दिला रही हैं। मंजू देवी बताती हैं, जब मेरे पास आमदनी का कोई जरिया नहीं था, तब समाज भी नजरअंदाज करता था। कोई मदद के लिए आगे नहीं आता था। लेकिन आज मेरी मेहनत और बकरी पालन ने मेरी जिंदगी बदल दी है। वह अब छोटी-छोटी बचत से और बकरियां खरीदकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहती हैं। आज मंजू देवी आत्मनिर्भरता की प्रतीक बन चुकी हैं। उनका दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और परिश्रम इस क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। बकरी पालन के जरिए मंजू ने यह साबित किया है कि इच्छाशक्ति हो तो संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बनती।

# न्यूज बॉक्स

### बरवाडीह में लवकेश सिंह ने संभाला अंचलाधिकारी का पदभार

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के नए अंचलाधिकारी लवकेश सिंह ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रेश्मा रेखा मिंज ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। पदभार ग्रहण के उपरांत लवकेश सिंह ने कहा कि वे क्षेत्र में विकास कार्यों को पारदर्शिता और जनहित को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता देंगे। इस मौके पर अंचल कार्यालय के कर्मी एवं कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बारियातू में कोकिला कुमारी बनीं नई अंचलाधिकारी

**बारियातू (लातेहार)।** अंचल कार्यालय में कोकिला कुमारी ने 14वें अंचलाधिकारी के रूप में शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। तत्कालीन सीओ नन्द कुमार राम ने उन्हें प्रभार सौंपा। कोकिला कुमारी ने कहा कि जमीन संबंधी मामलों का शीघ्र निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर नन्द कुमार राम को बीडीओ अमित कुमार पासवान सहित अधिकारियों ने बुके व शॉल ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी। बीडीओ ने बताया कि राम के कार्यकाल में ईमानदारी और प्रशासनिक दक्षता के कई उदाहरण देखने को मिले। नन्द कुमार राम ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल को जनहित में पारदर्शी बताते हुए कहा कि उन्हें स्थानीय कर्मियों और ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला, जो हमेशा स्मरणीय रहेगा। विदाई के दौरान वे भावुक भी हो गए। मौके पर कपीलदेव सिंह, नन्देव राम, राजू राम, अजय सारस, लवकुश यादव, अजय राम समेत कई अधिकारी, कर्मी और समाजसेवी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में छह वर्षीय बच्ची समेत तीन घायल, समाजसेवी ने पहुंचाया अस्पताल

**चंदवा।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग के चकला मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में छह वर्षीय बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान संतोषी कुमारी (6), सकेन्द्र उरांव और धर्मेंद्र उरांव के रूप में हुई है। घटना के समय तीनों बाइक से चिरो गांव जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। स्थानीय समाजसेवी नौशाद आलम खान ने मानवता का परिचय देते हुए अपने निजी वाहन से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया। डॉ. कंचन बाड़ा द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। सभी की स्थिति अब खतरे से बाहर है।

### सुमित कुमार झा ने चंदवा के 34वें अंचलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला

**चंदवा।** निवर्तमान अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के स्थानांतरण के बाद सुमित कुमार झा ने शुक्रवार को चंदवा के 34वें अंचलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही, भूमि संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर कई अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे जिनमें महेश सिंह, अमित प्रदीप तिर्की, तनवीर आलम, जनेश्वर राम, प्रतिमा एक्का आदि शामिल रहे।

### स्कूली छात्राओं के बीच 750 साइकिलों का वितरण

**चंदवा।** झारखंड सरकार के ₹उन्नति का पहिया₹ कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में आठवीं कक्षा के 750 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। बीआरपी प्रतीक कुमार सिन्हा ने बताया कि इससे सुदूर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को स्कूल आने-जाने में आसानी होगी, जिससे ड्रॉपआउट दर में कमी और शैक्षणिक सुधार होगा। कार्यक्रम में शिक्षक अनिल कुमार, अनूप कुमार बड़ाइक समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### समाजसेवी डोमन साहू के निधन पर शोक

**चंदवा।** थाना टोली निवासी और गुप्ता प्रिंटिंग प्रेस के संचालक समाजसेवी डोमन साहू (70 वर्ष) का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। गुरुवार की रात्रि अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुँचे, जहाँ उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स, रांची रेफर किया गया था। दुर्भाग्यवश, रिम्स पहुँचने से पूर्व ही उन्होंने अंतिम सांस ली। शुक्रवार की संध्या को देवनद दामोदर स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ ज्येष्ठ पुत्र सुबोध प्रसाद ने उन्हें मुखाग्नि दी। डोमन साहू के निधन पर क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से प्रमोद साहू (शौंडिक जयसवाल समाज), पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद, रामनाथ गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, प्रेम शंकर भगत, राजकुमार साहू, महेंद्र प्रसाद साहू, मुरली प्रसाद, अरुण प्रसाद, सुधीर प्रसाद, सतीश प्रसाद, राम कुमार प्रसाद समेत अनेक प्रबुद्धजन शामिल थे।

### महुआडांड़ में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक

**महुआडांड़ (लातेहार)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महुआडांड़ में शुक्रवार को एमडीए कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे ने की। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा, जिला परिषद सदस्य, सभी पंचायतों के मुखिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डॉ. अमित खलखो और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि 10 से 25 अगस्त तक 2 वर्ष से ऊपर के सभी स्वस्थ व्यक्तियों को फाइलेरिया उन्मूलन की दवा दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवा के सेवन से यदि किसी को सिरदर्द या उल्टी जैसी हल्की प्रतिक्रिया हो तो यह संकेत है कि दवा शरीर में मौजूद परजीवियों पर असर कर रही है।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया उन्मूलन हेतु 10 अगस्त से शुरू होने वाले एमडीए–आईडीए अभियान की सफलता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने फाइलेरिया की पहचान, रोकथाम, उपचार, दवा वितरण प्रक्रिया, डोज निर्धारण, सामुदायिक जागरूकता और निगरानी व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी।




सिविल सर्जन डॉ. राज मोहन खलको ने बताया कि 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों को छोड़कर, सभी पात्र लोगों को डीईसी, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन की एक खुराक 10 से 25 अगस्त के बीच दी जाएगी। अभियान के लिए जिले में कुल 1054 बूथ बनाए गए हैं। 10 अगस्त को बूथ पर दवा वितरण होगा। 11 से 25 अगस्त तक, स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए लोगों को दवा खिलाएंगे। दवा खाली पेट नहीं लें। आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे जागरूकता अभियान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दवा का सेवन कर लोग फाइलेरिया से सुरक्षित रह सकते हैं और लातेहार को फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने में योगदान दें।

**उपस्थित प्रमुख अधिकारी :** प्रवीण कुमार गगराई (आईटीडीए निदेशक), रामा रविदास (अपर समाहर्ता), डॉ. राज मोहन खलको (सिविल सर्जन), प्रभात रंजन चौधरी (डीआरडीए निदेशक), डॉ. चंदन (जिला जनसंपर्क पदाधिकारी), अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी।

## ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की दिशा में सार्थक पहल

- लातेहार में संगठन सृजन मंथन 2025 की समीक्षा बैठक सम्पन्न, ज़मीनी स्तर तक पहुंचने का दिया गया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन मंथन 2025 अभियान के तहत लातेहार ज़िले में कांग्रेस संगठन के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को लातेहार परिसदन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ज़िला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गूँजर उराँव ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए ज़िला सह प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव ने कहा कि संगठन सृजन मंथन 2025 केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर तक संगठन को मजबूती देना है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से अपील की कि इस जिम्मेदारी को पूरी संजीदगी, प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ निभाएं। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस को लातेहार ज़िले में फिर से मज़बूत आधार देना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने संगठन निर्माण की इस पहल को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा, "हमें मिलकर प्रयास करना है कि लातेहार ज़िला झारखंड में कांग्रेस संगठन के मामले में नंबर एक स्थान पर पहुंचे।" बैठक की अध्यक्षता कर रहे कार्यकारी अध्यक्ष गूँजर उराँव ने कहा कि माह के अंत तक सभी ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटियों का गठन पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा, "यह सिर्फ संगठन निर्माण नहीं, बल्कि कांग्रेस विचारधारा को गाँव-गाँव तक पहुँचाने का अभियान है। सभी कांग्रेसजन अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।" बैठक में ज़िला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सह बालूमाथ प्रखंड पर्यवेक्षक पंकज तिवारी, लातेहार प्रखंड पर्यवेक्षक इस्तेखार अहमद, प्रखंड अध्यक्ष मोती उराँव, अशगर अली, हरिशंकर यादव, दरोगी यादव, कामेश्वर यादव, विश्वनाथ पासवान, सुनील प्रसाद, प्रिंस गुप्ता, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष नसीम अंसारी, उपाध्यक्ष रब्बानी हुसैन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित यादव, ज्योति प्रकाश दुबे, मनोज पासवान, समशुल अंसारी, नागेश्वर यादव समेत अन्य कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की दिशा, गतिविधियों के क्रियान्वयन की रणनीति और स्थानीय समस्याओं को भी ध्यान में रखते हुहैए चर्चा की गई। सभी ने संकल्प लिया कि कांग्रेस को गाँव-गाँव तक सशक्त और सक्रिय बनाया जाएगा।

### इटखोरी मुखिया के नेतृत्व में इंदिरा क्लब की जमीन बचाने के लिए उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी बाजार स्थित ऐतिहासिक इंदिरा क्लब की जमीन को अवैध कब्जे से बचाने की मांग को लेकर पंचायत मुखिया जुगेश्वर दांगी के नेतृत्व में ग्रामीणों व समाजसेवियों ने उपायुक्त, चतरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुछ भू-माफिया क्लब की जमीन पर रैयत के वंशजों को लालच देकर उनकी भूमि अपने नाम करवाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि यह भूमि समाज की सेवा हेतु दी गई थी। इंदिरा क्लब की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी और यह स्थान लंबे समय से सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। क्लब की जमीन को लेकर 1981 में न्यायालय द्वारा क्लब के पक्ष में निर्णय भी दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफियाओं ने क्लब के मुख्य द्वार पर ताला भी लगा दिया है, जिससे आम जनता का प्रवेश बाधित हो गया है। पूर्व में यह स्थल गरीबों की शादी, बैठकें और विभिन्न आयोजनों के लिए उपयोग में आता था। उल्लेखनीय है कि इसी क्लब परिसर में कई वर्षों तक भद्रकाली महाविद्यालय का संचालन भी हुआ था। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से देवकुमार सिंह, कैलाश सिंह, टुन्नी सिंह, पंकज सिंह समेत अन्य ग्रामीण व समाजसेवी शामिल थे।

## इटखोरी में स्वतंत्रता सेनानी बौद्ध कुम्हार की स्मृति संरक्षण की पहल

- जल्द लगेगी प्रतिमा, नई पीढ़ी को मिलेगा प्रेरणा स्रोत: जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति

**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों की स्मृति को जीवंत बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है। इटखोरी के पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी बौद्ध कुम्हार की शिलापट्ट को अब उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान से प्रेरणा ले सकें।



शुक्रवार को जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति ने स्थल का निरीक्षण किया और प्रखंड कमेटी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सेनानी के पोते समर प्रजापति भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्मृति शिलापट्ट को सम्मानजनक स्थान पर स्थापित करने और जल्द प्रतिमा लगाने की मांग की। शिलापट्ट स्थापना की आधारशिला जिला अध्यक्ष, समर प्रजापति और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में रखी गई।

गौतम प्रजापति ने कहा, "वीर सेनानी बौद्ध कुम्हार का त्याग और बलिदान नई पीढ़ी तक पहुँचाना हमारा दायित्व है। उनके स्मृति स्थल को संरक्षित करना समाज का कर्तव्य है।"

इस कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राजेश प्रजापति, विजय प्रजापति, रामलखन प्रजापति, दिलीप प्रजापति समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### डीजीएमएस ने किया डीवीसी तुबेद कोयला खान का निरीक्षण

**लातेहार।** डीवीसी तुबेद कोयला खान में शुक्रवार को डीजीएमएस के अधिकारियों ने दौरा कर कार्यों की समीक्षा की। वरिष्ठ महाप्रबंधक अरविंद कुमार ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया। डीजीएमएस अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से खान की सुरक्षा व्यवस्था, एसओपी और अन्य दस्तावेजों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह दी। इस दौरान मिथिलेश कुमार, अलेक्जेंडर कुजूर, दीपक कुमार, एस. दास सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीजीएमएस ने खान की कार्यशैली पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुरक्षा कदम सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।

### सांसद से कोलकाता-मदार एक्सप्रेस का लातेहार में ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग

**लातेहार।** कोलकाता से मदार (अजमेर) के बीच चलने वाली कोलकाता-मदार एक्सप्रेस (19607-19608) का लातेहार रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग स्थानीय नागरिकों ने सांसद कालीचरण सिंह से की है। इस संबंध में एक ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि यह ट्रेन रांची रोड से सीधे 190 किमी बाद डालटनगंज में रुकती है। इस बीच लातेहार सहित कई अहम स्टेशन छूट जाते हैं, जबकि लातेहार एक जिला मुख्यालय है और इसे 'अमृत स्टेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है। ज्ञापनकर्ताओं ने कहा कि व्यवसायिक और पारिवारिक कार्यों के सिलसिले में कोलकाता जाने वाले लोगों को विशेष परेशानी होती है। ट्रेन का ठहराव लातेहार में होने से आम यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने यह भी बताया कि सांसद की पहल पर पहले भी छिपादोहर और बरवाडीह में ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित हुआ है, इसलिए लातेहार की जनता को उनसे बहुत उम्मीदें हैं।

### संगठन सृजन मंथन 2025 के तहत कांग्रेस ने ग्राम पंचायत कमिटी गठन की समीक्षा बैठक की

**लातेहार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे ₹संगठन सृजन मंथन 2025₹ कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी के गठन की प्रगति की समीक्षा शुक्रवार को लातेहार परिसदन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गूँजर उरांव ने की। जिला सह प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव ने कहा कि यह कार्यक्रम जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए है और सभी कार्यकर्ताओं को गंभीरता से इसे निभाना चाहिए। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस को लातेहार जिले में मजबूती से स्थापित करना हम सभी की जिम्मेदारी है और इस कार्यक्रम में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। गूँजर उरांव ने निर्देश दिया कि इस माह के अंत तक सभी ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन पूरा कर लिया जाए और कार्यकर्ता पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

### पंचायत उन्नति सूचकांक कार्यशाला का आयोजन, विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

**चंदवा।** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक (PII) के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उद्घाटन जिप सदस्य सरोज देवी, बीडीओ चंदन प्रसाद, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सरोज केरकेट्टा, और अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार ने गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल अधिकार, जल उपलब्धता, स्वच्छता आदि विषयों पर योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारी लोगों में चंदन कुमार (आपूर्ति पदाधिकारी), मनीष कुमार पांडे (कृषि पदाधिकारी), मुखिया संगीता लकड़ा, फुलजेन्सिया टोप्पो, सुनीता खलखो, पुष्पा देवी सहित सभी पंचायत सेवक व रोजगार सेवक शामिल रहे।

### अखंड हरी कीर्तन को लेकर महादेव मठ में निकाली गई कलश यात्रा

**कुंदा (चतरा)।** ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में सावन पूर्णिमा के उपलक्ष्य में अखंड हरी कीर्तन के आयोजन को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महादेव मठ से शुरू होकर यह यात्रा ब्लॉक, थाना रोड, मेन चौक और नीचे टोला होते हुए वापस महादेव मठ तक पहुंची। हालांकि, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष महिलाओं की भागीदारी कुछ कम रही, जिसका कारण ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-बाड़ी में व्यस्तता बताया गया। इसके बावजूद, शामिल महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा से कलश यात्रा में भाग लिया। शाम 4 बजे से अखंड हरी कीर्तन की शुरुआत हुई, जो सावन पूर्णिमा की शाम 4 बजे तक अनवरत जारी रहेगा। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुस्लिम उलेमाओं की मुलाकात, शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** झामुमो नेता और समाजसेवी जुनैद अनवर के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के उलेमा और बुद्धिजीवियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके पैतृक गांव नेमरा जाकर मुलाकात की और उनके पिता, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शिबू सोरेन ने समाज के सभी वर्गों के लिए आजीवन संघर्ष किया और उनकी जिंदगी एक मिसाल है। इस मौके पर उलेमाओं ने विशेष दुआ करते हुए कहा कि "अल्लाह तआला मुख्यमंत्री और उनके परिवार को सब्र और हिम्मत दे।" उलेमाओं ने शिबू सोरेन के सिद्धांतों को ज़िंदा रखने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।




**प्रतिनिधिमंडल में शामिल:** मुफ्ती शाहबाज, मौलाना जियाउल्लाह, कारी मोहम्मद अली, मौलाना जुबैर, मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी, मौलाना रिजवान दानिश, हाफिज आरिफ हुसैन, डॉ. दानिश अयाज़, डॉ. तारिक हुसैन (महासचिव अंजुमन इस्लामिया) सहित अन्य।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर महुआडांड़ में प्रशासनिक तैयारी तेज

- बैठक में जिम्मेदारियों का हुआ बंटवारा, झंडोत्तोलन की समय-सारणी तय

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में एसडीएम विपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सीओ संतोष बैठा, डॉ. अमित खलखो, थाना प्रभारी मनोज कुमार, प्रखंड प्रमुख निजामुद्दीन, फादर दिलीप एक्का, अजित मेहता समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**झंडोत्तोलन कार्यक्रम की समय-सारणी इस प्रकार तय की गई :** अनुमंडल आवासः 8:30 बजे, अनुमंडल पुलिस आवासः 8:45 बजे, बिरसा चौकः 9:20 बजे, शहीद चौकः 9:25 बजे, शास्त्री चौकः 9:30 बजे गांधी चौकः 9:40 बजे, थाना परिसरः 9:55 बजे, अंबेडकर चौकः 10:10 बजे, प्रखंड सह अंचल कार्यालयः 11:00 बजे, अनुमंडल कार्यालय परिसरः 11:20 बजे।

बैठक में प्रभात फेरी, झांकी, परेड, खेलकूद जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सभी अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने और बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष बल दिया गया।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Panning Office, Latehar, 829206**
**Website: www.latehar.nic.in**

**REQUEST FORPROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF AGENCY FOR RATE CONTRACT OF SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS "MODULAR KITCHEN" AT KGBV BALUMATHRESIDENTIAL SCHOOL OF DISTRICT LATEHAR**

**FACT SHEET**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at KGBV BALUMATH RESIDENTIAL SCHOOL Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 08 / 08 /2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 23 / 08 /2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 25 / 08/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 25 /08/ 2025, 3:00 PM |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1: -** The eligibility criteria documents as per Annexure-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2: -** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

*Table1: RFP Schedule*

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

PR 359205 Planning and Development(25-26).D — DISTRICT PLANNING OFFICER, LATEHAR



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**

पत्रांक 862/गढ़वा, दिनांक–08.08.2025

**अल्पकालिन कोटेशन (उद्धरण) आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल गढ़वा अंतर्गत कार्यालय उपयोग हेतु उपस्कर क्रय के लिए अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक उद्धरणदाता दिनांक **12.08.2025** को समय **3.00** बजे तक अपना उद्धरण (Quotation) सील बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय मे जमा करेगें। प्राप्त उद्धरण दिनांक **12.08.2025** को समय **3.30** बजे अप0 में खोला जायेगा।

| Sl. No. | Item | Qty. |
|---|---|---|
| 1 | Supply of 30 KVA silent DG set 40.00 BHP @NTP, 1500 RPM, Coupled to 30 KVA approved make 1 phase 415V, 50Hz alternator mounted on a common Base frame along with other accessories i.e., Fule tank, Manual Control Panel, Battery with leads and acoustic enclosure. With commissioning and installation. | 1.00 |
| 2 | HP DESKTOP i5 (13th)/8GB/512GB/24"TFT/WIN 11+MS (Computer desktop) HP Laserjet MFPnM1005 Printer (p/s/c) (Complete set) | 1.00 |

**आवश्यक शर्तें**
1. उद्धरणदाता को उद्धरण प्रपत्र के साथ पैन नं0/जी0एस0टी0 नं0 का छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. बिना कारण बताये किसी भी समय उद्धरण रद्द/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

कार्यपालक अभियंता, प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 359285 (Road)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
(अनाबद्ध मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/17/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह में अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय हेंदेहास में मेन रोड़ से विद्यालय भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4449700 | 89000 | 5000 | 2 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ पंचायत अम्बाटोली ग्राम बरटोली में आर0सी0डी0 रोड़ से चर्च होते हुए कब्रिस्तान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3454300 | 69500 | 5000 | 2 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालुमाथ अन्तर्गत पकरीया मोड़ से पाण्डे टोला होते हुए प्राथमिक विद्यालय चेताग तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3203900 | 64500 | 5000 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.08.2025 से दिनांक 18.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 359214 Rural Development(25-26)D

# रक्षाबंधन को लेकर लोहरदगा के बाजारों में रौनक, रंग-बिरंगी राखियों से सजा बाजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आज मनाए जाने वाले रक्षा बंधन पर्व को लेकर लोहरदगा का बाजार पूरी तरह सज चुका है। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों में खरीदारों की चहल-पहल बढ़ गई है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां खास आकर्षण बनी हुई हैं, वहीं युवाओं के लिए 'ओम' और रुद्राक्ष डिजाइन की राखियां उपलब्ध हैं। त्योहार नजदीक आते ही बहनों ने बाहर रहने वाले भाइयों को राखियां भेजनी शुरू कर दी हैं। कपड़े, मिठाई, ड्राईफ्रूट और गिफ्ट आइटम बेचने वाली दुकानों पर भी रौनक देखने को मिल रही है। इस बार राखियों के दाम में पिछले साल की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। उच्च वर्ग के ग्राहकों के लिए सोने-चांदी की कलात्मक राखियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। इनकी कीमत चार हजार से लेकर पचास हजार रुपये तक है, जो सराफा की दुकानों पर बिक रही हैं। खास बात यह है कि इस बार कई बहनों ने ऑर्डर देकर अपने भाई के नाम वाली चांदी की राखियां भी बनवाई हैं। राखी व्यवसायियों के अनुसार, चीन निर्मित 'फ्लोरा', 'सोफिया', 'रिया', 'ओमश्री', 'अशोक चक्र', 'सहेली', 'जलाशीष' और 'संगम' मार्का राखियों की मांग अधिक है। हालांकि इस बार चीनी राखियां बाजार में कुछ कम नजर आ रही हैं। दुकानदार सुजीत कुमार ने बताया कि धागे से बनी देसी राखियों को भी लोग पसंद कर रहे हैं, जबकि हाथ से राखी बनाने वाले रमेश कचेर ने अफसोस जताया कि चीन से आने वाली राखियों के कारण देशी राखियों की मांग पहले जैसी नहीं रही।



### बहनों की पसंद बनीं चांदी की राखियां

**लोहरदगा।** सराफा की दुकानों पर चांदी की राखियों की धूम है। दुकानदार अजय सोनी ने बताया कि हर साल इनकी मांग रहती है, लेकिन इस बार युवतियां खासतौर पर चांदी की राखियों को ज्यादा पसंद कर रही हैं। त्योहार में अब सिर्फ एक दिन बाकी है और सराफा की दुकानों पर भीड़ लगातार बढ़ रही है।

#### शुभ मुहूर्त

- **शुभ अवधि:** सुबह 5:47 से अपराह्न 1:24 तक–लगभग 7 घंटे 37 मिनट तक यह समय विशेष कल्याणकारी माना जाता है।
- **ब्रह्म मुहूर्त:** सुबह 4:22 से 5:02–5:04 तक।
- **अभिजीत मुहूर्त:** दोपहर 12:17 से 12:53 तक।
- **सौभाग्य-मोहूर्त:** सुबह 4:08 से अगले दिन 10 अगस्त, सुबह 2:15 तक प्रभावी।
- **शुभ योग:** इस वर्ष सर्वार्थ सिद्धि योग, सौभाग्य योग, शोभन योग, गजलक्ष्मी राजयोग, व बुधादित्य राजयोग का संगम है, जो कुछ राशि वालों के लिए विशेष लाभदायक रहेगा।

## उपायुक्त ने भंडरा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

# योजनाओं की समीक्षा में उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा (लोहरदगा)।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने गुरुवार को भंडरा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक से हुई। बैठक में कृषि विभाग की एनएफएसएम, बिरसा फसल विस्तार योजना और बीज विनिमय योजना की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पीवीटीजी एवं टाना भगत समूहों के किसानों को बीज वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने और केसीसी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मनरेगा योजनाओं में पशु शेड, मेढ़बंदी, टीसीबी, मिट्टी मोरग, बिरसा हरित ग्राम, दीदी बाड़ी जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लाभुकों का शीघ्र चयन करने के निर्देश दिए गए। आवास योजनाओं – प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, और पीएम जनमन के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायतों को बेहतर योजना चयन हेतु प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने तथा आबद्ध व अनाबद्ध निधियों की समीक्षा भी की गई। स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता तथा आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग को 6 वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों का नामांकन और 100% ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छता अभियान अंतर्गत वन स्टार गांवों को थ्री स्टार व फाइव स्टार में अपग्रेड करने, पेयजल विभाग को जल आपूर्ति से वंचित परिवारों हेतु कार्ययोजना तैयार करने तथा जलकर समिति गठन के निर्देश भी दिए गए। राजस्व विभाग को प्रमाण-पत्रों की जांच के साथ-साथ गलत निर्गत पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। हाथी हमले, वज्रपात या अन्य आपदाओं से संबंधित अभिलेखों को शीघ्र तैयार कर जिला कार्यालय भेजने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में भूमि म्युटेशन की स्थिति की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, सीडीपीओ नंदी रानी, बीपीओ अभिषेक किशोर, डॉ. संजय कुमार, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला-2025 का आयोजन

**लोहरदगा।** कृषि विभाग की ओर से जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला-2025 का आयोजन नगर भवन, सदर प्रखंड लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि किसानों के लिए यह खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया जा रहा है ताकि किसान इसमें कुछ सीख सकें। अभी खरीफ फसल का मौसम चल रहा है। इसमें बड़ी संख्या में किसान धान लगा रहे हैं। जो किसान अब तक बुआई नहीं कर सके हैं उनके लिए मडुआ बहुत अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि उसमें किसान को फसल का अच्छा मूल्य मिलता है। लोहरदगा जिला रांची के करीब होने के कारण यहां के किसानों को काफी कम परिवहन खर्च पर ज्यादा मुनाफा निर्यात की गई फसलों पर मिलता है। कोल्ड स्टोर में आप फसल स्टोर कर रखें और समय आने पर बेचें। बाजार के बारे अच्छी जानकारी रखें क्योंकि जानकारी ही आपकी ताकत है। वर्कशॉप में प्रश्न पूछें, जानकारी लें,प्रैक्टिस करें। कार्यक्रम में तकनीकी सत्र के दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा योजनाओं का विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा बागवानी फसलों एवं वर्तमान में विभिन्न फलों का पौधा वितरण संबंधी जानकारी दी गई। भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा भूमि संरक्षण की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा योजनाओं पर चर्चा की गई। मत्स्य पदाधिकारी द्वारा मछली पालन से संबंधित जानकारी दी गई। केवीके वैज्ञानिकों द्वारा कम पानी में धान की खेती की जा सकती है, की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने हेतु मिट्टी जांच आवश्यक है, पर जोर दिया गया। अपलैंड क्षेत्र जो अभी भी खाली पड़े हुए हैं उसमें अरहर उरद फसल की खेती लगाने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बतलाया गया।



## राहुल गांधी के आरोप सही, चुनाव आयोग की जांच हो : धीरज प्रसाद साहू



**लोहरदगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को सही ठहराया है। राहुल गांधी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र, दिल्ली समेत कई राज्यों में भाजपा ने वोट चोरी और फर्जी तरीके से चुनाव जीता है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि उन्हें भी लगता है कि कहीं न कहीं बड़ी गड़बड़ी हुई है और इसकी बारीकी से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी जो आरोप लगा रहे हैं, वह तथ्यात्मक हैं। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए, क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।"पूर्व राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम नहीं कर रहा और राहुल गांधी ने इस गड़बड़ी को उजागर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही लोकतंत्र को बचा सकते हैं और कांग्रेस पार्टी इसी दिशा में लगातार प्रयासरत है।

## मेहंदी व राखी प्रतियोगिता का आयोजन, बोले प्रधानाचार्य

# त्योहारों के महत्व व रचनात्मक कार्यों के माध्यम से संस्कृति का संरक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में रंगारंग एवं सांस्कृतिक वातावरण में मेहंदी एवं राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक त्योहारों के प्रति रुचि जागृत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागि बहनों को तीज-त्योहारों के महत्व तथा रचनात्मक कार्यों के माध्यम से संस्कृति के संरक्षण पर प्रेरणादायी विचार रखें। प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से नवम के बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विविध पारंपरिक एवं आधुनिक डिज़ाइन प्रस्तुत किए, वहीं राखी प्रतियोगिता में रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और सजावटी सामग्री से सुंदर एवं अनोखी राखियां तैयार की गईं। निर्णायक मंडल ने मौलिकता, सुंदरता एवं साफ-सुथरे कार्य के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान दिए गए। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास होता है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में दीदी अनीता देवी एवं श्वेता संदेश ने भूमिका निभाई,उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### शिशु मंदिर में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता के साथ-साथ रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव में विद्यालय के भैया-बहनों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमें भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर, विद्यालय में एक राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बहनों ने अपनी रचनात्मकता और कला का परिचय देते हुए स्वयं सुंदर राखियां बनाईं। इन हाथ से बनी राखियों में उनके प्रेम और भावनाओं की गहराई स्पष्ट रूप से झलक रही थी। प्रतियोगिता के बाद, इन बहनों ने अपने भैया की कलाई पर ये राखियां बांधीं और उनकी लंबी उम्र की कामना की। राखी बांधने के बाद बहनों ने भाइयों को मिठाई भी खिलाई, जिससे यह पर्व और भी मधुर बन गया।

## सफाई कर्मियों का भुगतान तुरंत नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन : अजातशत्रु



**लोहरदगा।** भाजपा झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अजातशत्रु के नेतृत्व में लोहरदगा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने उपायुक्त से मुलाकात कर चार माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग की। अजातशत्रु ने कहा कि चार महीने से वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मी गंभीर आर्थिक संकट में हैं और दाने-दाने के लिए मोहताज हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बकाया वेतन का भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो भाजपा युवा मोर्चा जोरदार आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सफाई कार्य एक निजी एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन कर्मचारियों का भुगतान न होना प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है। नगर पालिका भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। सफाई कर्मियों की समस्या सुनने के बाद उपायुक्त ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**

(अपहृत व्यक्ति तसलीम अंसारी, उम्र–करीब 21 वर्ष)



गढ़वा थाना कांड सं0–49/2025, दिनांक–02.02.2025 धारा–140, 351(2), 352, बी0एन0एस0 2023 के कांड में अपहृत तसलीम अंसारी, उम्र–करीब 21 वर्ष, पिता–शमीम अंसारी, सा0–बानुटीकर, पो0–अनराज नावाडीह, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। उक्त अपहृत व्यक्ति तसलीम अंसारी दिनांक–10.11.2024 से गायब है। उक्त अपहृत व्यक्ति का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि अपहृत व्यक्ति तसलीम अंसारी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0 नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया**– उम्र–करीब 21 वर्ष, रंग–गोरा, लम्बाई–05 फीट 02 इंच, बाल–काला, शरीर का बनावट–समान्य, पहनावा–नीला रंग का जिंस शर्ट पहना हुआ है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.359198 Police(25-26):D

---

### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............ दिनांक ................

**शुद्धि - पत्र**

कार्यालय ज्ञापांक 3161 दिनांक 01.08.2025 द्वारा सैरात बन्दोबस्ती सूचना आमंत्रित की गयी थी। उक्त सैरात बन्दोबस्ती सूचना में निम्नांकित तिथि में आंशिक संशोधन की जाती है :–

| क्रमांक | नाम | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | डाक से संबंधित कागजात जमा करना | 10.08.2025 | 11.08.2025 |
| 2 | खुली डाक बोली | 10.08.2025 | 11.08.2025 |

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी। जिसका PR – 358833 है।

ह0/– सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 359187 District (25-26)_D

---

### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**शुद्धि–पत्र**

पत्रांक–587 दिनांक–07.08.2025

इस कार्यालय का ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID/ Latehar/ F2-08/2025-26 यथा जिला अनाबद्ध निधि मद अन्तर्गत प्रखंड–बरवाडीह के पंचायत–बरवाडीह में भट्टी मुहल्ला से BSNL टावर होते हुए SBI रोड मिडिल स्कूल पीपल पेड़ बाजार रोड होते हुए पंचमुखी मंदिर तक तक पी0सी0सी0 पथ निमर्पाण कार्य विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-358510 water Resources(25-26_D) है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा बेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.08.2025 |
| 2 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 08.09.2025 अपराह्न 5.00 बजे। |

नोटः– निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.359211 Water Resource(25-26):D

---

### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

**शुद्धि–पत्र**

पत्रांक–586 दिनांक–07.08.2025

इस कार्यालय का ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-09/2025-26 यथा जिला अनाबद्ध निधि मद अन्तर्गत प्रखंड–बरवाडीह के पंचायत–छिपादोहर में गोरा सिंह के घर से ऑगनबाड़ी केन्द्र खैराही टोला तक पी0सी0सी0 पथ निमर्पाण कार्य विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-358513 (water Resources)25-26*D है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा बेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 18.08.2025 |
| 2 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 08.09.2025 अपराह्न 5.00 बजे। |

नोटः– निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 359209 Water Resource(25-26)D

---

### कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

पत्रांक–585 **शुद्धि–पत्र** दिनांक–07.08.2025

इस कार्यालय का ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-07/2025-26 यथा जिला अनाबद्ध निधि मद अन्तर्गत प्रखंड–बरवाडीह के पंचायत–केचकी PWD रोड कुटी मोड़ से रेलवे स्टेशन तक पी0सी0सी0 पथ निमर्पाण कार्य विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-358499 (water Resources)25-26D है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा बेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.08.2025 |
| 2 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 08.09.2025 अपराह्न 5.00 बजे। |

नोटः– निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 359207 (Water Resource)25-26*D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् **ई–अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– 16/RII/2025-26/RWD/CHATRA**, दिनांक–26.07.2025, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 04.08.2025 है, जिसका **P.R. No.** 358326 **Rural Work Department(25–26)D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **11.08.2025**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **18.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **20.08.2025 अपराह्न 03.30 बजे।**
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 359182 Rural Work Department(25-26)#D

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**

(अपहृता महिला राधिका देवी, उम्र–25 वर्ष)



भवनाथपुर(हरिहरपुर ओ0पी0) थाना कांड सं0–25/20, दिनांक–07.02.20 धारा–323, 498ए, 364, 504, 120बी, भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के कांड में अपहृता राधिका देवी, उम्र–25 वर्ष घटना के समय, पति–राकेश ठाकुर, ग्राम–डुमरसोता, थाना–भवनाथपुर (हरिहरपुर ओ0पी0), जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। उक्त अपहृता महिला दिनांक–20.10.19 को 10 बजे दिन में घर से गायब हो गई है। उक्त अपहृता महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि अपहृता महिला राधिका देवी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया– उम्र–25 वर्ष, घटना के समय, रंग–गोरा, लम्बाई–05 फीट 02 इंच, पहचान चिन्ह– गाल के दाहिने तरफ काला दाग (माशा) है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 359199 (Police) 25-26 (D)

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

E-Mail Id :- chatra_rwd@redifffmail.com

**-:शुद्धि-पत्र :-**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ( RCPLWEA, PMGSY-III, PMGSY-IV & PM-JANMAN ) अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु कोटेशन दिनांक–01.08.2025 के द्वारा आमंत्रित किया गया था, जिसे बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि – 13.08.2025 है, जिसका **P.R. No.** 358826 **Rural Work Department(25–26)_D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. आमंत्रित कोटेशन में क्रम सं॰–1 से 4 तक ही योजना प्रभावी रहेगी।
2. अन्य शर्त्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.359178 Rural Work Department(25-26):D

---

### OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR

**District Panning Office, Latehar, 829206**
**Website:** www.latehar.nic.in

REQUEST FORPROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF AGENCY FOR RATE CONTRACT OF SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS "MODULAR KITCHEN" ATGOVERNMENT ST RESIDENTIAL HIGH SCHOOL MAHUATANDOF DISTRICT LATEHAR

FACT SHEET

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at Govt. ST Residential School Mahuadanr, Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 08/ 08 /2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 23/ 08 /2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 25/ 08 /2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 25/ 08 / 2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1: -** The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2: -** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

*Table1: RFP Schedule*

**Note**:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

DISTRICT PLANNING OFFICER, LATEHAR

PR 359206 Planning and Development(25-26)#D

# न्यूज बॉक्स

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां तेज बैठक में तय हुई कार्यक्रमों की रूपरेखा

**बिशुनपुर।** प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस 2025 के भव्य आयोजन को लेकर समीक्षा व तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुड़री ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार :** सुबह 6:30 बजे – चिंगरी स्थित स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण। इसके बाद प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण। सुबह 7:00 बजे – प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से झंडोत्तोलन की शुरुआत। इसके बाद विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों एवं विद्यालयों में झंडोत्तोलन। मुख्य समारोह – सुबह 9:45 बजे बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय मैदान में झंडोत्तोलन, परेड की प्रस्तुति, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम। बीडीओ मुड़री ने सभी विभागों को सौंपे गए कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बैठक में सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल व स्वास्थ्य सुविधा की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस मौके पर प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, अंचलाधिकारी शेखर वर्मा, थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मीनू खालखो, उप प्रमुख चंदन सिंह राजू भगत, मुखिया राम प्रसाद बड़ाईक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जन शिकायत निवारण दिवस, कई मामलों का हुआ मौके पर समाधान

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय प्रांगण में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने की। दूर-दराज़ से आए ग्रामीणों ने भूमि विवाद, आपसी मतभेद, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत, सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और अवैध कब्जे जैसी कई समस्याएं उप विकास आयुक्त के समक्ष रखीं। कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया गया, जबकि शेष मामलों को त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। खरका ग्राम की बंधना उरांव ने अपनी पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का आवेदन दिया। तेलगांव निवासी लक्ष्मी नारायण ने अपनी पत्नी (गुमला सदर अस्पताल में कार्यरत) की सुरक्षा को देखते हुए उनका तबादला बसिया सीएचसी में करने का अनुरोध किया। डूमरडीह स्थित चरागाह भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग को एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया। जन शिकायत निवारण दिवस में प्राप्त अन्य कई मुद्दों को भी गंभीरता से सुना गया और समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया गया।

## जिला प्रशासन व श्रम विभाग ने केरल से लापता मजदूर को सकुशल घर पहुंचाया

**गुमला।** मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए गुमला जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग ने केरल के कालीकट से लापता मजदूर को सकुशल उसके घर पहुँचाया। ग्राम+पोस्ट गुनिया, प्रखण्ड घाघरा निवासी चंदरू उरांव ने उपायुक्त गुमला को आवेदन देकर बताया था कि उनका पुत्र जितवाहन उराँव मजदूरी के लिए केरल गया था और वहीं से लापता हो गया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन व श्रम विभाग ने तुरंत संबंधित प्राधिकरणों से संपर्क साधा। संयुक्त प्रयासों से जितवाहन उराँव का पता लगाया गया और 31 जुलाई 2025 को उन्हें सुरक्षित घर पहुँचा दिया गया। आज, 08 अगस्त 2025 को चंदरू उराँव अपने पुत्र के साथ श्रम विभाग कार्यालय पहुँचे और लिखित रूप में उसके सकुशल लौटने की सूचना दी। जिला प्रशासन की समयबद्ध कार्रवाई से एक बिछड़ा परिवार फिर से एकजुट हुआ। परिजनों ने इस मानवीय पहल के लिए प्रशासन और श्रम विभाग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई : कुरूमगढ़ में 34 गोवंशीय पशु तस्करों के चंगुल से बचाए गए

**चैनपुर।** कुरूमगढ़ पुलिस को पशु तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। बीती रात की गई एक गुप्त छापेमारी में पुलिस ने 34 गोवंशीय पशुओं को तस्करों के चंगुल से सुरक्षित छुड़ाया। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल रहे। यह कार्रवाई तब हुई जब कुरूमगढ़ पुलिस को देर रात यह सूचना मिली कि कुछ तस्कर गोवंशीय पशुओं को चैनपुर से कुरूमगढ़ होते हुए कोटाम की तरफ ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही, थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह ने तुरंत एक टीम बनाई, जिसमें एएसआई अनुज पासवान और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।पुलिस टीम ने बिना देरी किए रोघाडी घाटी के घने जंगली इलाके में रात करीब 3 बजे छापेमारी की। पुलिस की अचानक मौजूदगी देख तस्कर घबरा गए और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

## फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए ढोल-नगाड़ों के साथ की इश्तेहार चिपकाया

**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने थाना कांड संख्या 5/22 के एक फरार आरोपी को जल्द से जल्द आत्मसमर्पण कराने के उद्देश्य से उसके घर पर ढोल-नगाड़ों के साथ इश्तेहार चिपकाया किया। यह कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। यह घटना गुमला जिले के कोलपारा घाटा गांव की है, जहां आरोपी पवन उरांव, पिता सोमरा उरांव का घर है। पुलिस ने उसके घर के बाहर ग्रामीणों के सामने यह इश्तहार तामील की। इस मौके पर चैनपुर थाना के सब-इंस्पेक्टर विजय उरांव, गुमला पुलिस के जवान और कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। सब-इंस्पेक्टर विजय उरांव ने ग्रामीणों से बात करते हुए बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य मकसद फरार आरोपी पवन उरांव को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि पुलिस को उम्मीद है कि इस इश्तहार के बाद आरोपी खुद को कानून के हवाले कर देगा।

## विश्व स्तनपान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाये,आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्यकर्मियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ प्रखंड प्रमुख सविता देवी,बीडीओ दिनेश कुमार,सीओ ख़ाखा सुशील कुमार व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।अनाजों और सब्जियों से बनाए गए रंगोली के माध्यम से स्तनपान दिवस का महत्व दर्शाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं उपस्थित जनसमूह ने स्तनपान जागरूकता शपथ भी ली और नवजात बच्चों के पोषण में माँ के दूध की भूमिका पर प्रकाश डाला।वही कई महिलाओं को रागी लड्डू और हॉर्लिक्स का वितरण भी किया गया।वही बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि स्तनपान शिशु के संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल बच्चे को पोषण प्रदान करता है, बल्कि संक्रमण से भी सुरक्षा देता है। कार्यक्रम के दौरान माताओं को पोषण सामग्री और जानकारी प्रदान की गई।

## सांसद के पहल से लगा ट्रांसफार्मर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने किया उदघाट्न

**सिसई।** सिसई प्रखंड के लठदाग गांव में विगत तीन माह से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ था। जिससे ग्रामीण और विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहां के ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रयास के बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं मिला इसकी सूचना ग्रामीणों ने गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी को दिया। उन्होंने सांसद सुखदेव भगत से पहल कर ग्रामीणों को 63 केवीए का ट्रांसफार्मर दिलाया जिसका उदघाट्न आजाद अंसारी और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंच कर किया। ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत और युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सांसद सुखदेव भगत लगातार जनहित के कार्यों को तत्परता के साथ कर रहे हैं। मौके पर राजा अंसारी, इमरोज अंसारी, मुजीब अंसारी, संदीप उरांव, आशिक अंसारी, अफरोज अंसारी, जसीम अंसारी, सब्बीर अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मालम से कोल्हुकोना तक बन रही सड़क जर्जर, लोग परेशान

- वैकल्पिक रास्ते की कमी व धीमी गति का खामियाजा
- साप्ताहिक बाजार व सरकारी कार्यालय जाने में दिक्कत

नवीन मेल संवाददाता




**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के मालम से कोल्हुकोना तक बन रही सड़क का निर्माण स्थानीय लोगों के लिए वरदान के बजाय अभिशाप बन गया है। संवेदक और अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह कीचड़ जमा होने से खासकर जनजातीय परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, और वे सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ उठाने से भी वंचित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं बनाया गया, जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इसके साथ ही, संवेदक की धीमी कार्य गति ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पाकरटांड़ के लोग इस समस्या का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगत रहे हैं। सुरेश असुर ने बताया कि चैनपुर साप्ताहिक बाजार जाने या प्रखंड कार्यालय जाने के लिए उन्हें 15 किलोमीटर पैदल चलकर मालम मेन रोड तक जाना पड़ता है, तब जाकर उन्हें पक्की सड़क मिलती है। यह लंबी दूरी लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।नन्हू असुर ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि प्रखंड मुख्यालय जाने वाली इस सड़क में इतनी कीचड़ हो गई है कि साइकिल तक चलाना संभव नहीं है। उन्होंने संवेदक से वैकल्पिक रास्ता बनाने की गुहार लगाई है ताकि आवागमन सुचारू रूप से चल सके।

### पंचायत व प्रखंड से टूटा सीधा संपर्क

अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस खराब सड़क के कारण उनके गांव का सीधा संपर्क पंचायत और प्रखंड कार्यालय से टूट गया है। गैस सिलेंडर लेना, राशन लेना, या खाद खरीदने जैसे रोजमर्रा के कामों में भी उन्हें काफी समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के बहनों ने सिसई थाना के जवानों को रक्षा सूत बांधी

**सिसई।** मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को सिसई थाना में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बहनों ने थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह समेत थाना के सभी जवानों के कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान जब दुर्गा वाहिनी की छोटी सी बच्ची पल्लवी साहु थाना प्रभारी को राखी बांधने के लिए उनके कार्यालय कक्ष में पहुंची तो थाना प्रभारी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया और बहन के द्वारा राखी बंधवाया। थाना प्रभारी समेत सभी पुलिस बल के जवानों ने कहा कि हम सभी घर परिवार से दूर रहते हैं और इस तरह का कार्यक्रम होने से हमें खुशी मिलती है वहीं उन्होंने बहनों को रक्षा करने समेत सभी परिस्थितियों में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# युवक का कुएं से मिला शव गांव में फैली सनसनी

नवीन मेल संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में गांव के युवक अवधेश उरांव की शव कुआं में तैरता हुआ मिला जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, मृतक की पहचान गम्हरिया निवासी अवधेश उरांव (उम्र लगभग 36) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अवधेश बुधवार रात 12 बजे के करीब घर से निकले थे और उसके बाद से ही लापता थे। अवधेश के घर से जाने के बाद से ही परिजन उसकी काफी खोज बिन की लेकिन उनका कोई लेकिन कही पता नही चला आज सुबह जब कुछ ग्रामीण पूना भगत के कुएं पर पानी भरने गए, तो उन्होंने कुएं के अंदर एक शव देखा। खबर आग की तरह फैल गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त अवधेश उरांव के रूप में हुई। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस हत्या या आत्महत्या मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### चेक डैम में डूबने से युवक की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बिमरला गांव में चेक डैम में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के ही 20 वर्षीय रमेश उरांव के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, रमेश गुरुवार को खेत में काम करके घर लौटा था। खाना खाने के बाद वह गांव के पास स्थित चेक डैम में नहाने गया था।

### तालाब में डूबने से युवती की मौत

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के महूगांव में देर शाम एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवती संतोषी कुमारी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि संतोषी शाम के समय गांव के तालाब पर हाथ-पैर धोने गई थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरी। डूबने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## अनाज से बनी अनोखी रंगोली, स्तनपान के महत्व का दिया संदेश

**बिशुनपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 के अवसर पर बिशुनपुर प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी सेविकाओं ने प्रखंड कार्यालय में एक अद्वितीय और रचनात्मक पहल पेश की। जागरूकता फैलाने के लिए सेविकाओं ने अनाज से एक शानदार रंगोली बनाई, जिसमें मां अपने शिशु को स्तनपान करा रही है। इस कलाकृति के माध्यम से मातृत्व, पोषण और बच्चे के आरंभिक जीवन में मां के दूध की अहमियत को सजीव रूप से दर्शाया गया। रंगोली को दालों, चावल, पत्तियों और सब्जियों जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से सजाया गया, जो न केवल इसकी खूबसूरती बढ़ाते हैं बल्कि पौष्टिकता और प्रकृति से जुड़ाव का संदेश भी देते हैं।

## रक्षाबंधन पर विहिप व दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुलिस कर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र

**भरनो।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद एवं दुर्गा वाहिनी की बहनें भरनो थाना पहुंचीं और थाना प्रभारी कंचन प्रजापति सहित सभी पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर उनके दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने बहनों को राधा-कृष्ण की तस्वीर भेंट कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम ने भाई-बहन के पवित्र बंधन और समाज में सुरक्षा के प्रति विश्वास को और मजबूत किया। रक्षाबंधन समारोह में दुर्गा वाहिनी की संयोजिका सुनीता केशरी, सुमेश्वरी कुमारी, ज्योति कुमारी, जयश्री कुमारी, विहिप-बजरंग दल अध्यक्ष सुदामा केशरी, आशीष केशरी, बिट्टू गुप्ता, गुलशन केशरी, अनुज मिश्रा सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## राखी बनाव, मेहंदी रचाव प्रतियोगिता का आयोजन

**सिसई (गुमला)।** रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा, सिसई में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। इस अवसर पर बहनों के बीच राखी बनाओ, मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्धारित समय में प्रतिभागी बहनों ने अपने हाथों में मेहंदी रचाई और स्वयं राखी का निर्माण किया। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में सुरभि रानी- कक्षा नवम, नीतू कुमारी- कक्षा अष्टम, अंशु कुमारी- कक्षा सप्तम और आयुषी कुमारी- कक्षा षष्ठी क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर रहीं।

## माही रेस्टोरेंट एंड फास्ट फूड का हुआ उद्घाटन

**सिसई (गुमला)।** खाने के शौकीनों के लिए खुशखबरी है सिसई मेन रोड कुदरा मोड़ में माही रेस्टोरेंट एंड फास्ट फूड नामक रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सह कुदरा पंचायत मुखिया प्रकाश उरांव ने फीता काट कर उद्घाटन किया। रेस्टोरेंट के संचालक अजय जायसवाल ने बताया कि रेस्टोरेंट में मुर्गा भात, मीट भात और देशी पीठा के साथ साथ फास्टफूड के सभी आइटम उपलब्ध रहेगा। वहीं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। खाने पीने की सभी वस्तुएं अच्छी क्वॉलिटी की मिलेंगी साथ ही ग्राहकों के बैठने वाली जगह विशेष रूप से साफ सुथरी रखी जाएगी। जिससे ग्राहकों हमेशा स्वक्ष वातावरण में भोजन करने का आनंद मिलेगा। मौके पर अरुण बड़ाइक, प्रभात कुमार साहु, शशि साहु, विकास दुबे, राशिद करीम खान, माही जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डॉ. कृष्णकांत मिश्रा ने पुनः संभाला गुमला जिला यक्ष्मा पदाधिकारी का कार्यभार



**गुमला।** गुमला जिले में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम को एक बार फिर नई दिशा और ऊर्जा मिलने जा रही है। डॉ. कृष्णकांत मिश्रा ने आज जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के पद पर दोबारा कार्यभार ग्रहण किया। इसके साथ ही जिले में टीबी उन्मूलन की गतिविधियों को फिर से रफ्तार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. मिश्रा इससे पहले भी इसी पद पर कार्यरत रह चुके हैं और उनके गत कार्यकाल में गुमला जिला ने राज्य स्तर पर टीबी नियंत्रण के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की थीं। उनके नेतृत्व में बसिया प्रखंड के कोनवीर और बनई पंचायतों को "टीबी मुक्त ग्राम पंचायत" घोषित किया गया था, जो कि झारखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि रही। कार्यभार ग्रहण के उपरांत जिला यक्ष्मा कार्यालय में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़े सभी कर्मियों ने डॉ. मिश्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले की वर्तमान यक्ष्मा स्थिति, प्रगति एवं आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई। डॉ. मिश्रा को एक युवा, ऊर्जावान और दूरदर्शी अधिकारी के रूप में जाना जाता है, जिनकी कार्यशैली में अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
### आवश्यक सूचना।
### (नोटिस)

नाम–(1) राजु भुईयां, पिता–छोटेलाल भुईयां, सा0–भुईयॉ टोली, लवाही कला थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप बड़गड़ थाना कांड सं0–10/2025, दिनांक–07.04.2025 धारा–109, 324(6), 62, 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 25(1–बी)ए, 25(6), 26, 35, आर्म्स एक्ट, 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा दिनांक–29.07.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–02.08.2025 को आपके घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 359201 Police(25-26)D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
समाहरणालय परिसर, द्वितीय तल्ला, लातेहार, Email id :- mdm21lthr@gmail.com

**–: आवश्यक सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में दिये निदेशानुसार झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड 'प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023' के सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों (कक्षा 6 से 8 विषय गणित एवं विज्ञान) की मूल सूची, कॉउन्सिलिंग से संबंधित तैयार जाँच–पत्रक प्रकाशित करते हुए निम्न प्रकार कॉउन्सिलिंग हेतु तिथि निर्धारित की जाती है :–

1. चयनित अभ्यर्थी को निदेश दिया जाता है कि स्वहस्तलिखित पूर्ण रुपेन भरा हुआ जॉच पत्रक के साथ आवेदन के समय संलग्न किये गये सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजो की रंगीन छायाप्रति की स्वअभिप्रमाणित अभिलेख फोल्डर फाईल में कॉउन्सलिंग के समय उपलब्ध करायेगे।
2. चयनित अभ्यर्थी कॉउन्सलिंग के समय सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेज की मूल प्रति कॉउन्सिलिंग टीम के समक्ष उपस्थापित करेंगे।
3. चयनित अभ्यर्थी कॉउन्सलिंग के समय 4 पासपोर्ट साइज फोटो कॉउन्सिलिंग टीम के समक्ष उपस्थापित करेंगे।
4. चयनित अभ्यर्थी को कॉउन्सिलिंग से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहे तो कार्यालय के कर्मी श्री अरूण कुमार वर्मा लिपिक मो0– 7992474998 एवं श्री राहुल कुमार लिपिक मो0– 7061556623 पर संपर्क कर सकते है।

PR 359176 Human Resource Developement(25-26)#D

उपायुक्त, लातेहार



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या– 16/RII/2025-26/RWD/CHATRA**

**दिनांक– 07.08.2025**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/CHATRA/74/2024-25 | हंटरगंज | नावाडीह पनारी | पनारी | पंचायत सचिवालय से हनुमान मंदिर तक PCC पथ निर्माण | 99,39,800.00 | निन्यानबे लाख उन्चालीस हजार आठ सौ मात्र | 06 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **11.08.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **18.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **20.08.2025 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 359186 (Rural Work Department)25-26*D



### झारखण्ड सरकार
### श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय, लातेहार

**पी0 एम0 नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला अगस्त 2025 से संबंधित सूचना**

निदेशालय पत्रांक :1098 दिनांकः 07.08.2025 के अनुपालन में प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन दिनांकः 18.08.2025 (सोमवार) को B.S Degree College Latehar परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

अतः लातेहार जिला के 5वीं/10वीं/इन्टर/स्नातक/आई0टी0आई0 तथा उच्चतर प्रशिक्षणार्थियों एंव लातेहार जिला अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों से अनुरोध है कि www.Apprenticeshipindia.gov.in पर apprenticeship mela page पर जाकर Trainees/Establishment में अपना – अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए दिनांकः 18.08.2025 (सोमवार) को पूर्वाह्न 9:00 AM बजे B.S Degree College Latehar में आयोजित मेला में भाग लेकर हमें अनुग्रहित करें।

ह/0
प्राभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
लातेहार

PR 359261 (Labour Employment and Traning)25-26*D



### झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– 25/RI/2025-26/RWD/CHATRA**

**दिनांक– 07.08.2025**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/CHATRA/154/2024-25 | रूगुद आर॰ई॰ओ॰ रोड से खनगड्डा तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–2.060 कि॰मी॰)। | 241.555 | दो करोड़ एकतालीस लाख पचपन हजार पाँच सौ मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **12.08.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **26.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **28.08.2025 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.359189 Rural Work Department(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। **- श्री श्री परमहंस योगदानंद**

## संपादकीय

# टैरिफ युद्ध रणनीति व सावधानी

भारत ने ट्रंप की भभकी का जवाब रूस यात्रा से देने का प्रयास किया पर भारतीय ही नहीं, प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा 24 देशों में किए गए सर्वेक्षण में 19 देशों के आधे से अधिक वयस्कों को वैश्विक मामलों में ट्रंप के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। संदर्भ सब कुछ बदल देता है-परिभाषाएं, अपेक्षाएं और धारणाएं। बीते शुक्रवार को ट्रंप की टैरिफ संबंधी घोषणा से अनुमान के मुताबिक दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई। बिटकॉइन भी लुढ़क गया। टैरिफ ने मुद्रा बाजारों को हिलाकर रख दिया, जिससे शेयर बाजारों के 'डर सूचकांक' में तेजी आई। ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया और इस तरह भारत पर उसने कुल 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया है। अतिरिक्त टैरिफ आदेश जारी होने की तारीख से 21 दिन बाद लागू होगा, लेकिन भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे 'अनुचित, अकारण और तर्कहीन कार्रवाई' बताया है। टैरिफ के झटके और ट्रंप के तीखे हमलों से भारत में बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। ट्रंप ने भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताया, जिस पर काफी हंगामा हुआ। राहुल गांधी ने ट्रंप के बयान के प्रति सहमति जताई। वह सरकार और राष्ट्र की आलोचना के बीच अंतर करने में विफल रहे। विपक्षी नेताओं को अपनी टिप्पणियों पर संयम बरतने की जरूरत है। ट्रंप के बयान को गंभीरता से लिया जाना चाहिए, पर शाब्दिक रूप से नहीं। ट्रंप भारतीय अर्थव्यवस्था का सटीक आकलन करने के लिए पूरी तरह से योग्य नहीं हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इसका भविष्य भारतीयों द्वारा तय किया जाएगा। भारत के बारे में ट्रंप की टिप्पणी को उनकी हताशा ही समझी जानी चाहिए। ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद को और अधिक दंड का कारण बताया। यह दृष्टिकोण भारत के ऊर्जा सुरक्षा के अधिकार को प्रभावित करता है। उनकी इस अपेक्षा से पाखंड की भी बू आती है। ऊर्जा सूचना एजेंसी ने खुलासा किया है कि अमेरिका हाल तक रूस से यूरेनियम आयात करता था, और उसकी कंपनियां 2028 तक छूट मांग सकती हैं। यूरोपीय संघ की संसद की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि रूस से गैस आयात 2027 के अंत तक जारी रहेगा। हाल ही में नाटो प्रमुख मार्क रूट ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। विडंबना यह है कि उनके देश, नीदरलैंड ने रूसी यूरेनियम का आयात किया है। वास्तव में बताया गया है कि रूसी कंपनी रोसाटॉम नीदरलैंड के जरिये यूरेनियम से होने वाले मुनाफे का प्रबंधन करती है। असल में अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी नियामक मंजूरियों को ज्यों का त्यों स्वीकार कर ले, जिससे भारत के संप्रभु अधिकारों का हनन होता है। वह सोया और मक्का के साथ-साथ अन्य आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, जो भारत के लिए आत्मघाती हो सकता है। इसके अलावा, आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों से संबंधित मामले सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। अमेरिका यह भी चाहता है कि भारत अमेरिकी डेयरी उत्पादों को मंजूरी दे। यह भारतीय किसानों के लिए एक खतरा है और अमेरिकी डेयरी उद्योग द्वारा पशु आहार के रूप में मांस, मुर्गी और मछली के अर्क सहित पशु प्रोटीन का उपयोग सामाजिक-सांस्कृतिक विवाद को जन्म दे सकता है। आगामी 25 अगस्त को जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर चर्चा होगी, तो उम्मीदों में तालमेल बिठाना और खींचतान व दबाव के कारकों को परिभाषित करना मुश्किल होगा।

*टैरिफ ने मुद्रा बाजारों को हिलाकर रख दिया, जिससे शेयर बाजारों के 'डर सूचकांक' में तेजी आई।*

# झारखंड के अस्तित्व में रचा बसा है शिवयोग का पूरा ब्रह्मांड



रक्षाबंधन के साथ सावन का समापन हो जाता है। इस समापन के अपने मायने हैं क्योंकि यह भगवान भोलेनाथ के रूद्राभिषेक अभियान का उत्कर्षविन्दु होता है। इस रूद्राभिषेक के झारखंड में अपने मायने हैं क्योंकि अपनी प्राकृतिक मिठास के कारण भी इस मौसम में यह माटी खुद बौराई हुई नजर आती है। इस बावलेपन की एक अलग ही कहानी है। पुंड्र, पौन्ड्र, पौंड्रिक, ब्रात्य, कीकट आदि कई नामों के यात्रा वृत्तांत को अपने में समेटे इस भूभाग की इस कहानी में मनुस्मृति, वायु पुराण और महाभारत से लेकर आधुनिक काल तक के तमाम संदर्भ शिव में समाए हुए हैं। महाभारत काल में असुरों की इस माटी में जंगरोधी अस्त्र शस्त्र निर्माण का उल्लेख है। महादेव को असुरों का आराध्य माना जाता है जबकि अपने इस आराध्य के प्रति समर्पण का साक्षात प्रमाण आज भी यहाँ के टांगीनाथ मौजूद है। टांगीनाथ के इस प्रमाण का चमत्कार देखिए कि सदैव इस प्रदेश के कण-कण में शिव की उपस्थित रहे हैं। ऐसे में यहाँ बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक बैद्यनाथ धाम तो हैं ही, तो दूसरी ओर बासुकीनाथ, दलमा पहाड़ शिवालय, अखिलेश्वर धाम, तुतीझरना, जयदा मंदिर, आम्रेश्वर धाम, महासदाशिव मंदिर, देवाकी धाम, महादेव कोना मंदिर, टांगीनाथ, चांडिल मंदिर, कपिल नाथ मंदिर से लेकर अटूट आस्था के हजारों सिद्ध महादेव हैं और शिवदर्शन के लिए दूर-दूर से शिवभक्त यहाँ आते रहते हैं। यह आस्था कुछ इतनी प्रबल है कि यहाँ के लगभग सभी जिलों में एक एक बुढ़ा महादेव की अवधारणा जरुर है तो हर गांव में मरांगबुरु स्वयं विराजमान हैं। यह यहाँ का मूल स्वरूप है क्योंकि आदिवासी समुदाय मरांगबुरु के नाम पर पहाड़ की जिस चोटी की पूजा करते हैं वह अंततः भगवान शिव का ही प्रतीक होता है। यह कोई संयोग मात्र भी नहीं है क्योंकि झारखंड में शिवचर्चा की उपस्थिति का प्रसंग मूलतः पौराणिक रहा है। यह वह भूमि है जहां न केवल माता सती का हृदय गिरा था बल्कि भगवान शिव ने माता के अंतिम संस्कार के लिए पूरे ब्रह्मांड में से अंततः इसी चिता भूमि की शुद्धता का चयन किया था।संदर्भवश मनुस्मृति के श्लोकों की मानें तो इस माटी की व्याख्या "अयस्क पत्रे पयःपानम् ,शाल पत्रे च भोजनम्। शयनम् खर्जूरी पत्रे, झारखंडे विधियते।।" अर्थात झारखंड क्षेत्र में रहने वाले लोग, लोहे के बर्तन में पानी पीते हैं, साल के पत्ते पर भोजन करते हैं और खजूर के पत्तों पर सोते हैं। वस्तुतः जीवन जीने का यह स्वरूप शिव साधना के उस विशिष्ट शैली को समर्पित रहा है जिसके इसके साक्षात स्वरूप के दर्शन यहाँ प्रति वर्ष मंडा पर्व के दौरान देखने को मिलता हैं। विगत 23 मई 2023 को देश की प्रथम नागरिक के तौर पर महामहिम द्रौपदी मूर्मू ने खुंटी के अपने एक कार्यक्रम में इसी श्लोक की तो चर्चा की थी जबकि शैव संप्रदाय के प्रति इस समर्पण का प्रमाण वायु पुराण के 45वें अध्याय के श्लोक "वृहद् घटमात्राश्च तथा राष्ट्र विदुर्बुधाः। झारखंड विन्ध्य शालौ द्वौ पर्वतौ परिकीर्तितौ।।" में भी देखने को मिलता है। इस श्लोक में झारखंड का उल्लेख विन्ध्य पर्वत की सीमाओं के साथ किया गया है। इस चर्चा से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह क्षेत्र पाशुपत्य विद्यालय और अष्टशंभु महादेव के साकार स्वरूप की हदों में है। भारतीय दर्शन में विन्ध्य पर्वत को सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का दर्जा प्राप्त है और इस पर्वत का पुरब हमेशा से पाशुपत्य संप्रदाय को समर्पित रहा है। झारखंड इसी पर्वत श्रृंखला के पूरब में अवस्थित है और शैव धर्म के प्रति इसके उपरोक्त दावों के सामने कोई चुनौती नहीं है।

उल्लेखनीय है कि शैव धर्म को विश्व का सबसे प्राचीन संप्रदाय माना गया है जिसकी चर्चा वेदों से लेकरमहाभारत तक में है। इस संदर्भ में शैव धर्म के नैतिक सिद्धांतों, अनुष्ठानों, ध्यान विधियों और ब्रह्मांड विज्ञान के साथशैव मत, वैदिक परंपराओं, स्थानीय प्रथाओं, योग, पूजा व भक्ति आदि के मिश्रण की दृष्टि से देखें तो झारखंड की यह माटी मूलतः शैव आंदोलन के केंद्र में रहा है। यह महज कोई संयोग भी नहीं है कि इस माटी में बैजनाथ धाम की गरिमामय उपस्थिति है फिर भी यहाँ शैवमत के प्रति समर्पण को किसी भी ज्योतिर्लिंग या किसी मठ मंदिर के साथ बांधकर नहीं देखा जाता। ऐसे में बौद्ध धर्म अपनाने के बाद सम्राट अशोक के द्वारा मगध-कलिंग मार्ग के इस क्षेत्र में शिवालयों के महाविध्वंस के बावजूद शिव के प्रति इसके समर्पण को लेकर कभी सवाल खड़े नहीं किए जा सके। अब जबकि सवालों का कभी अंत नहीं होता तो झारखंड के अपने आदि आराध्य भगवान शिव को इन सवालों से वंचित भी नहीं रखा जा सकता। बहरहाल आज भाव का विषय तो यह है कि रसूखदार होने के बावजूद देवों के देव महादेव को यहाँ शोध की संभावनाओं से लगभग विश्राम दे दिया गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**केदारनाथ दास**

# बाढ़, मोक्ष व मंत्री जी की 'पैरधोई' राजनीति

जब देश में बाढ़ आती है, तो पानी सिर्फ खेतों और घरों को नहीं डुबोता — वह सत्ता की संवेदनशीलता को भी भिगोकर बेनकाब कर देता है। मगर हमारे नेता इस तबाही को आस्था की मिठास में लपेटकर ऐसा परोसते हैं कि डूबता इंसान भी ताली बजाकर कहे - वाह, सरकार। कानपुर देहात में बाढ़ से तबाही मची हुई है, गांव-के-गांव डूबे पड़े हैं, लोग छतों पर भूख से तड़प रहे हैं, मवेशी बह गए, स्कूल-हॉस्पिटल कीचड़ में तब्दील हो गए और इन हालात में मंत्रीजी का बयान आता हैः गंगा मैया तो गंगा पुत्र का पैर धोने आती हैं और आदमी सीधा स्वर्ग जाता है। वाह रे लोकतंत्र, क्या शानदार 'पैरधोई नीति' गढ़ी है। माने अब बाढ़ कोई प्राकृतिक आपदा नहीं रही, वो मोक्ष-मार्ग बन गई है। अब जनता के घर डूबें, बच्चे बिलखें, बूढ़े तड़पें — कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मंत्रीजी की दृष्टि में यह तो एक पवित्र स्नान है, जिसमें डूबने वाला सीधे स्वर्ग पहुंचता है। कितनी विचित्र विडंबना है – जिनकी जिम्मेदारी थी बाढ़ से बचाने की व्यवस्था करना, वो अब डबने की महिमा गा रहे हैं। यानी सिस्टम फेल हो गया, और उसकी लीपा-पोती धर्म और दर्शन के घोल से की जा रही है। दरअसल, यह बयान उस राजनीतिक प्रवृत्ति का उदाहरण है, जहां नेता जनता का सेवक नहीं, बल्कि दैवीय दूत बन बैठा है। जो बाढ़ को वरदान बताए, सूखे को तपस्या, और महामारी को पुण्य। इस बयान में सिर्फ संवेदनहीनता नहीं है, बल्कि एक गहरा राजनीतिक खेल भी छिपा है। जब नेता जवाबदेही से भागना चाहता है, तो वह जनता को श्रद्धा में उलझा देता है। उसे भूख नहीं, मोक्ष का सपना दिखाया जाता है। राहत शिविर नहीं, स्वर्ग का टिकट बांटा जाता है। अब सोचिए, अगर बाढ़ में मरने वाला सीधा स्वर्ग जाता है, तो क्या मंत्रीजी अगली बार खुद अपने बंगले के बाहर खड़े होंगे, जब गंगा जी पैर धोने आएंगी? या फिर उनके लिए बाढ़ सिर्फ गरीबों के घरों की शोभा है? अगर सच में यह पैर धोने की परंपरा है, तो कृपया इसे राजधानी तक भी लाया जाए। वीआई पी कॉलोनियों में भी यह गंगाजल बहाया जाए ताकि वहां भी कुछ लोगों को स्वर्ग की अनुभूति हो। लेकिन अफसोस, वहां बाढ़ नहीं आती, वहां हेलिकॉप्टर उतरते हैं और जनता की तकलीफ सिर्फ प्रेस कांफ्रेंस में इस्तेमाल होती है। कभी-कभी लगता है कि इन नेताओं ने जनता को ईश्वर की प्रयोगशाला बना दिया है। जहां हर आपदा एक नई लीला है – बाढ़ मतलब स्नान, सूखा मतलब तपस्या, और महामारी मतलब यमराज की वीआईपी एंट्री। बाढ़ आई – गंगा मैया। सूखा पड़ा – सूर्य देव। भूकंप आया – धरती माता की करवट। महामारी फैली – काली मां का प्रकोप। बस सरकार की नाकामी का ठीकरा किसी देवी-देवता पर पटक दो, और खुद कैमरा देखकर मुस्कुरा दो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**प्रो. आरके जैन**

# राखी कलाई में बंधा धागा नहीं विश्वास और प्रेम की परंपरा है

रक्षाबंधन भाई-बहनों के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। बहनें अपने भाई की लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उसे राखी बांधती हैं, और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा का वचन देता है।रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है।राजसूय यज्ञ के समय श्रीकृष्ण को द्रौपदी ने भी रक्षासूत्र रूप में अपने आंचल का टुकड़ा बांधा था। इसी के बाद से बहनों द्वारा भाई को राखी बांधने की परंपरा शुरू हो गई, रक्षाबंधन पर भाई-बहन के रिश्तों के कुछ प्राचीन उदाहरण हैं एक बार भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से खून बहते देख द्रौपदी ने अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दिया। श्रीकृष्ण ने बदले में उन्हें यह वचन दिया कि वे हर संकट में उनकी रक्षा करेंगे। दुर्योधन द्वारा द्रोपदी के चीर हरण के समय भगवान श्री कृष्णा अपने भाई होने का कर्तव्य निभाया और उसे चीर हरण के समय द्रौपदी की सुरक्षा की यही रक्षा का भाव रक्षाबंधन का मूल है।संत कबीर की बहन ने उन्हें राखी बांधते हुए रक्षा का आग्रह किया।कबीर ने कहा कि वे हमेशा उन्हें न केवल शारीरिक खतरों से, बल्कि आध्यात्मिक अज्ञान से भी बचाएंगे। कथा बताती है कि रक्षा केवल तलवार से नहीं, बल्कि मार्गदर्शन और अच्छे जीवन के मूल्यों से भी होती है।राजस्थान के जयपुर में रहने वाली 24 वर्षीय पूजा का एक सड़क दुर्घटना में काफी खून बह गया। डॉक्टरों ने तुरंत ओ-नेगेटिव ब्लड की जरूरत बताई, जो दुर्लभ है। अस्पताल पहुँचे से पहले ही उसका भाई रोहित, जिसने कुछ महीने पहले ही ब्लड डोनेशन के लिए अपना नाम रजिस्टर कराया था, दौड़कर पहुंचा और बहन की जान बचाने के लिए रक्तदान किया।, दिल्ली की सीमा को अचानक किडनी फेल होने की समस्या हुई। डायलिसिस पर जीवन कट रहा था। टेस्ट में पाया गया कि उसके भाई अनिल का मैच पूरी तरह सही है। बिना एक पल सोचे अनिल ने अपनी किडनी बहन को डोनेट कर दी। आज सीमा पूरी तरह स्वस्थ है और कहती हैं, "मेरे भाई ने मुझे दूसरी बार जन्म दिया।" रक्षाबंधन की परंपरा का मूल भाव बहन का रक्षा-सूत्र बाँधना और भाई का रक्षा-वचन निभाना अब भी वही है, लेकिन समय और समाज के बदलाव के साथ इस त्योहार की कई नई रूपरेखाएँ उभर आई हैं।

### रिश्तों की परिभाषा में विस्तार पहले राखी मुख्यत

जन्म से भाई-बहन के बीच बाँधी जाती थी।अब बहनें मित्रों, सहकर्मियों, गुरुओं, यहां तक कि पुलिसकर्मियों और सैनिकों को भी राखी बांधकर सुरक्षा के भाव को व्यापक रूप दे रही हैं।कई बार महिलाएं एक-दूसरे को भी "सुरक्षा और समर्थन" के प्रतीक के रूप में राखी बांधती हैं। पहले भाई बहनों को मिठाई, कपड़े या थोड़े पैसे देते थे। अब गिफ्ट कार्ड, ऑनलाइन शॉपिंग वाउचर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इंश्योरेंस पॉलिसी, और यहां तक कि म्युचुअल फंड SIP जैसी निवेश योजनाएँ भी उपहार में दी जा रही हैं। दूरी के कारण डिजिटल रक्षाबंधन प्रवासी और दूर रहने वाले भाई-बहन अब वीडियो कॉल, ई-राखी, और ऑनलाइन गिफ्ट डिलीवरी के जरिए त्योहार मनाते हैं। कई ऐप और वेबसाइट पर "वर्चुअल राखी" भेजने की सुविधा है।

### सामाजिक और सरकारी पहल

कई राज्यों में रक्षाबंधन के दिन महिलाओं के लिए मुफ्त बस या ट्रेन यात्रा की सुविधा दी जाती है (जैसे यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश)। स्कूलों, कॉलेजों और एनजीओ में रक्षाबंधन को पर्यावरण या सामाजिक संदेशों के साथ जोड़ा जाता है—जैसे पेड़ों को राखी बांधकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना।

### रक्षा की अवधारणा का आधुनिकीकरण

अब रक्षा का मतलब केवल "शारीरिक सुरक्षा" नहीं रहा। भाई बहनों को साइबर सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा और भावनात्मक समर्थन भी देने लगे हैं।बहनें भी भाइयों को राखी बांधकर उन्हें स्वास्थ्य और मानसिक सुख-शांति की शुभकामनाएं देती हैं। रक्षाबंधन का सार यह है कि "रक्षा" केवल शारीरिक खतरे से नहीं, बल्कि जीवन के हर भय, चिंता और असुरक्षा से होती है। यह पर्व हमें सिखाता है कि वचन निभाना ही सच्चे रिश्ते की पहचान है—चाहे समय महाभारत का हो, मध्यकाल का हो या आज का। राखी का धागा सिर्फ कलाई में नहीं, बल्कि विश्वास और प्रेम में बंधा होता है।रक्षाबंधन समय के साथ अपने रूप और तरीकों में भले बदल गया हो, लेकिन इसकी आत्मा आज भी वैसी ही है—रिश्तों में प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का वचन। यह धागा अब सिर्फ भाई-बहन के बीच ही नहीं, बल्कि समाज और इंसानियत के बीच भी जुड़ाव का माध्यम बन चुका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात




**योगाचार्य महेश पाल**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

आंसू तो ढुलके बहुत, पर घूंघट की ओट।
कौन जान पाया , लगी , भीतर कितनी चोट।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जीवन का रहस्य आदिवासी दर्शन में छुपा है

विश्व आदिवासी दिवस हर वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है, यह दिन न केवल आदिवासी समुदायों के अधिकारों, अस्तित्व और पहचान को सम्मान देने का अवसर है, बल्कि हमें उनकी जीवनदृष्टि, दर्शन, सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति-केन्द्रित जीवनशैली के गूढ़ रहस्यों को समझने का निमंत्रण भी देता है। "जीवन का रहस्य आदिवासी दर्शन में छुपा है" यह कथन केवल काव्यात्मक नहीं, बल्कि गहरे अध्यात्म और जीवन के सत्य को इंगित करता है। आदिवासी दर्शन का मूल आधार 'प्रकृति-पुरुष' के सिद्धांत में निहित है। उनके अनुसार, प्रकृति केवल संसाधन नहीं, अपितु माँ, देवी, संरक्षिका और जीवन की मूल प्रेरणा है। जंगल, पर्वत, नदियाँ, चट्टानें, सूर्य, चाँद, अग्नि, वायु सभी उनके देवता हैं। उनका जीवन केवल भौतिक नहीं, अपितु आध्यात्मिक और सामूहिक चेतना पर आधारित है। यह दर्शन वैदिक सनातन संस्कृति से बहुत मिलता-जुलता है, जहाँ पंचमहाभूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) की उपासना की जाती है। ऋग्वेद से लेकर महाभारत और पुराणों तक हमें ऐसे अनेक प्रसंग मिलते हैं जो आदिवासी परंपराओं से साम्य रखते हैं। उदाहरणार्थ महाभारत में भील योद्धा एकलव्य की कथा आदिवासी अस्मिता और शिक्षा के अधिकार की प्रतीक बन चुकी है। रामायण में शबरी एक वनवासी महिला हैं जिनकी भक्ति को भगवान राम ने स्वयं स्वीकार किया। पिंगला, निषादराज गुह, मतंग ऋषि जैसे अनेक पात्रों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि सनातन परंपरा ने वनवासी समुदायों को कभी हीन दृष्टि से नहीं देखा। यह भी उल्लेखनीय है कि ऋषि-मुनि अक्सर गहन वनों में ही तपस्या करते थे, जहाँ आदिवासी रहते थे। वहां की जीवनशैली, वन्य ज्ञान और औषधीय समझ ने वैदिक जीवन को भी समृद्ध किया। इनका जीवन पद्धति और रहन-सहन बहुत ही अनोखा है। इनके बीच सामूहिकता की भावना होती है। आदिवासी जीवन में 'मैं' नहीं, 'हम' की अवधारणा है। उनकी बस्तियाँ एक परिवार की तरह होती हैं, जहाँ दुख-सुख साझे होते हैं। आहार-व्यवस्था वन्य उत्पादों, मौसमी फल-सब्जियों, मांसाहार और पारंपरिक अनाजों पर आधारित संतुलित आहार, जिसे वे बिना रासायनिक प्रक्रिया के ग्रहण करते हैं। स्थायी जीवनशैली के तौर पर वे प्रकृति से केवल लेते नहीं, लौटाते भी हैं। उनकी खेती, शिकार, जल प्रबंधन प्रणाली पर्यावरण के अनुकूल होती है। आदिवासी पूजा-पद्धतियाँ अत्यंत मौलिक हैं। सरहुल, करम, जिउतिया, जनी शिकार, मांगा पर्व जैसे त्योहार झारखंड के आदिवासी समुदायों में उत्सवधर्मी जीवन का प्रतीक हैं। पूजा में मूर्ति नहीं, वृक्ष, जल स्रोत, शिला, सूर्य, चंद्रमा जैसे प्राकृतिक तत्वों की वंदना होती है। उनकी नृत्य-संगीत परंपरा भी एक रिचुअल है। संवाद, आराधना और सामाजिक सामंजस्य का माध्यम। विश्वभर में 370 मिलियन से अधिक आदिवासी 5000 से अधिक भाषाओं को बोलते हैं। भारत में ही लगभग 700 जनजातियाँ हैं, जिनकी अपनी विशिष्ट भाषाएं हैं जैसे संताली, हो, मुंडारी, खड़िया, कुड़ुख, गोंडी, आदि। इन भाषाओं में हजारों वर्षों से मौखिक परंपरा, लोककथाएँ, गीत, औषधीय ज्ञान, कृषि-पद्धतियाँ और मौसम विज्ञान सुरक्षित है। यह ज्ञान प्रणाली आधुनिक विज्ञान की सीमाओं से भी परे जाती है। झारखंड की 26% से अधिक आबादी आदिवासी है। यहाँ की जनजातियाँ जैसे मुंडा, संथाल, हो, खड़िया, उरांव, बिरहोर, असुर, आदि न केवल झारखंड की आत्मा हैं बल्कि भारत के सांस्कृतिक मानचित्र पर अपनी एक विशेष छाप छोड़ती हैं। बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, आदिवासी चेतना के पुरोधा थे। उनके नेतृत्व में चले उलगुलान आंदोलन ने यह दिखा दिया कि आदिवासी केवल जंगल के रक्षक नहीं, अपने अधिकारों के लिए जान देने वाले योद्धा भी हैं। एक नजर में अगर हम विश्व परिप्रेक्ष्य में आदिवासी परंपराएँ को देखें तो दक्षिण अमेरिका में मायन, इंका, और अमेज़ोन की जनजातियाँ आज भी पारंपरिक औषधीय ज्ञान और जंगल संरक्षण में अग्रणी हैं। अफ्रीका में मसाई, जुलु, और बुशमैन जैसे समुदायों का जीवन भी प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य में है। ऑस्ट्रेलिया में एबोरिजिनल्स की 'ड्रीमटाइम' अवधारणा आदिवासी मिथकीय इतिहास की वैश्विक मिसाल है। इन सभी संस्कृतियों में एक समान बात है प्रकृति की पूजा, सामूहिकता की भावना, और जीवन को एक उत्सव की तरह जीना। अब बात आती है आधुनिक युग में आदिवासी दर्शन की प्रासंगिकता की, जब आज का तथाकथित 'सभ्य समाज' प्रकृति से संघर्ष कर रहा है। जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापमान, जल संकट, मानसिक रोग, सामाजिक विघटन तब आदिवासी जीवनशैली हमें समाधान देती है। उनके पास "टेक फॉर नीड, नॉट ग्रीड" का मंत्र है। समाज केंद्रित सोच, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग। प्राकृतिक चिकित्सा के तौर पर हर्बल औषधियों, योग, वनस्पति ज्ञान के माध्यम से बिना दुष्प्रभाव के उपचार। मूल्य आधारित शिक्षा सीखना केवल किताबी ज्ञान नहीं, जीवन से, प्रकृति से और अनुभव से होता है। आदिवासी समाज हमें यह सिखाता है कि जीवन कोई दौड़ नहीं, बल्कि एक यात्रा है जिसमें प्रकृति, समाज और आत्मा के बीच संतुलन ज़रूरी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

विश्व आदिवासी दिवस पर विशेष

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### एसआईआर पर राहुल गांधी पर किया तीखा कटाक्ष

# अमित शाह ने कहा, जो भारत में नहीं जन्मा, उसे वोट देने का अधिकार नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चल रहे राजनीतिक विवाद को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी दल बहाने ढूंढ रहे हैं क्योंकि उन्होंने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में अपनी हार स्वीकार कर ली है। एसआईआर को लेकर हुंकार भरते हुए शाह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव किसे बचाना चाहते हैं? क्या आप उन बांग्लादेशियों को बचाना चाहते हैं जो बाहर से आकर बिहार के लोगों की नौकरियाँ छीन लेते हैं?



- गृह मंत्री अमित शाह ने एसआईआर को लेकर विपक्ष, खासकर राहुल गांधी और लालू यादव पर निशाना साधा।
- कहा कि विपक्ष हार मान चुका है, अब बहाने बना रहा है।
- मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाने के कदम का समर्थन किया।

शाह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को ये वोट बैंक की राजनीति बंद करनी चाहिए और एसआईआर, ये पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी शुरुआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी और 2003 में भी यही हुआ था... बिहार चुनाव हारने के बाद ये बहाने ढूँढ रहे हैं। शाह ने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने चाहिए या नहीं? भारत का संविधान उन लोगों को वोट देने का अधिकार नहीं देता जो भारत में पैदा नहीं हुए। राहुल गांधी संविधान लेकर घूम रहे हैं, उन्हें भी इसे खोलकर पढ़ना चाहिए। एसआईआर, ये इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि घुसपैठिए इनका वोट बैंक हैं।

अमित शाह ने कहा कि बिहार में बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मैं तेजस्वी यादव से पूछना चाहता हूँ, उनके पिता और माता लंबे समय तक सत्ता में रहे। गुंडागर्दी, गैंग चलाने, अपहरण करने, फिरौती मांगने के अलावा आपने मिथिलांचल के विकास के लिए क्या किया है? शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू संसद में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे हैं...लालू एंड कंपनी को पता नहीं है कि ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, एनडीए की सरकार है। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का किसी को हक नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने वैश्विक मंच पर मिथिला की कला को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति को मधुबनी पेंटिंग भेंट की और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति को भी मिथिलांचल की कला का नमूना देकर विदेश में मिथिला की कला का गौरव बढ़ाया है। माँ जानकी की जन्मस्थली पर जो यह भव्य मंदिर बनने जा रहा है, यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि मिथिलांचल के भाग्योदय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि मिथिला, वाल्मीकि रामायण से लेकर महाभारत और बौद्ध व जैन साहित्य तक - हमारी संस्कृति का केंद्र रहा है।

### वोट चोरी करके पीएम बने हैं नरेंद्र मोदी, बोले राहुल गांधी

## चुनाव आयोग हमें डेटा दे हम साबित कर देंगे

कर्नाटक में 'वोट अधिकार रैली' में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मने भारत के संविधान की रक्षा की है। अंबेडकरजी, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल की आवाज भारत के संविधान में गूंजती है। बसवना, नारायण गुरु और फुले जी की आवाज इसमें गूंजती है। उन्होंने कहा कि हमारे भारत का संविधान हर व्यक्ति को वोट देने का अधिकार देता है। पिछले चुनाव में हमारे सामने एक सवाल उठा था, पहले लोकसभा चुनाव थे, फिर महाराष्ट्र और कर्नाटक चुनाव... महाराष्ट्र में, इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव जीतता है लेकिन 4 महीने बाद भाजपा राज्य में विधानसभा चुनाव जीत जाती है। यह चौंकाने वाला था। हमने पाया कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए मतदाताओं ने मतदान किया।राहुल गांधी ने कहा कि कल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हमने 100% साबित कर दिया है कि चुनाव आयोग और भाजपा ने वोटों की चोरी की है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा की विचारधारा भारत के संविधान के विरुद्ध है। कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता इसकी रक्षा करेगा। भारत का चुनाव आयोग हमें पिछले 10 सालों की मतदाता सूचियाँ और वीडियो रिकॉर्डिंग तुरंत उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में पोल ने बताया कि हमें 15-16 सीटें मिल रही हैं। हमारी पोलिंग के मुताबिक 16 सीटों पर हम आगे थे। लेकिन हमें सिर्फ 9 में जीत मिली- जिसके बाद हमने सवाल पूछना शुरु किया।

### 'वोट चोरी' वाले आरोपों पर बीजेपी का करारा पलटवार

## तैयारी करके झूठ बोलते हैं राहुल गांधी...

चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' को लेकर गंभीर आरोप लगाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेन्द्र यादव ने कहा कि बहुत दिनों से हमारे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एटम बम छोड़ने की बात कर रहे थे। मुझे कल किसी मित्र ने कहा कि ये तो जिस पेड़ पर बैठे थे, उसी को कुल्हाड़ी से काटने का काम कर रहे थे। सच कहूं, तो कांग्रेस के युवराज और नेता प्रतिपक्ष की भाषा का जो अहंकार था, वो चुनाव आयोग के कर्मचारियों के लिए था।

भाजपा नेता ने सवाल किया कि क्या विपक्ष के किसी नेता को भारत के अधिकारियों के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए? और जब हमारे सशस्त्र बलों पर हमला करने की बात आती है, तो हमेशा राहुल गांधी ही आगे आते हैं। क्या देश की संवैधानिक संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए ऐसी भाषा नेता प्रतिपक्ष को शोभा देती है। देश की सेना के गौरव पर सवाल उठाने वाले भी राहुल गांधी ही हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर कांग्रेस के नेता सुप्रीम कोर्ट को ऊंचा-नीचा बोलने से नहीं चूकते।

भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इस देश की आर्मी, चुनाव आयोग, संसद ये सब ऐसी संस्थाएं हैं, जो स्वायत्त और स्वाधीन होकर काम करती हैं। हम सब इसके द्वारा पूरी तरह नियंत्रित है। इसलिए कोई स्वतंत्र निकाय जब किसी भी राजनीतिक प्रोसेस को फॉलो करती है, तो उसे हम सभी को मानना चाहिए। क्योंकि, इन सभी संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देश के संविधान ने दिया है।

### एसआईआर पर हंगामे से ठप हुई संसद

# सरकार ने वापस लिया इनकम टैक्स बिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार (11 अगस्त) तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी दोनों सदनों में हंगामा किया। आज कार्यवाही शुरू होने के बाद सबसे पहले संसद के दोनों सदनों में भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका निभाने वाले अन्य महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी जिनका गत पांच अगस्त को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

**राज्यसभा की कार्यवाही**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बज कर तीन मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि वर्तमान सत्र में लगातार हंगामे की वजह से सदन का अब तक 56 घंटे 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है। उपसभापति हरिवंश ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 20 नोटिस मिले हैं। उपसभापति ने बताया कि ये नोटिस पूर्व में दी गई व्यवस्था के अनुरूप नहीं पाए गए अत: इन्हें खारिज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात से, इसकी शुरुआत से अब तक कुल 34.13 करोड़ रुपये की आय हुई है।

**लोकसभा की कार्यवाही**

विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजकर पांच मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे बैठक शुरू हुई तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने की अनुमति मांगी और सभा की सहमति से सरकार ने विधेयक को वापस ले लिया। सदन में गैर-सरकारी कामकाज होने का उल्लेख करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि आज शुक्रवार है जो सदस्यों का दिन होता है और विशेष रूप से विपक्ष के सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण होता है।

### राहुल गांधी पर मनोज तिवारी का तंज

# वे वही काम कर रहे हैं जो उनकी दादी ने किया था

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चुनाव आयोग पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी एक वंशानुगत नेता हैं। जिस वंश से वे आते हैं, उसने हमेशा तानाशाही की भाषा बोली है। यह भाषा धमकी भरी भी है, और चुनाव आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए। उन्हें हमें बताना चाहिए कि किसका वोट गलत तरीके से हटाया गया। लेकिन अगर वे चाहते हैं कि अवैध घुसपैठिए अपना वोट डालें या मृत लोगों की जगह कोई और वोट डाले, तो वे वही काम कर रहे हैं जो उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने किया था - लोकतंत्र की हत्या...। चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' को लेकर गंभीर आरोप लगाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेन्द्र यादव ने कहा कि बहुत दिनों से हमारे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एटम बम छोड़ने की बात कर रहे थे। मुझे कल किसी मित्र ने कहा कि ये तो जिस पेड़ पर बैठे थे, उसी को कुल्हाड़ी से काटने का काम कर रहे थे। सच कहूं, तो कांग्रेस के युवराज और नेता प्रतिपक्ष की भाषा का जो अहंकार था, वो चुनाव आयोग के कर्मचारियों के लिए था। भाजपा नेता ने सवाल किया कि क्या विपक्ष के किसी नेता को भारत के अधिकारियों के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए? और जब हमारे सशस्त्र बलों पर हमला करने की बात आती है, तो हमेशा राहुल गांधी ही आगे आते हैं।

# लखनऊ: रक्षाबंधन से पहले यूपी में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा का तोहफा

**एजेंसी। लखनऊ**

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं के लिए एक खास सौगात दी है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने का ऐलान किया है। यह सुविधा 9 अगस्त की सुबह 6 बजे से 10 अगस्त की रात 12 बजे तक लागू रहेगी। इस दौरान महिलाएं राज्य परिवहन की सभी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। इस योजना के तहत न केवल महिलाएं, बल्कि उनके साथ एक सहयात्री भी मुफ्त में यात्रा कर सकेगा। यह पहल रक्षाबंधन के त्योहार को और खास बनाने के लिए की गई है, ताकि महिलाएं अपने भाइयों और परिवारजनों से मिलने के लिए आसानी से यात्रा कर सकें। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह सुविधा सभी प्रकार की बसों, जैसे साधारण, एसी, और जनरथ बसों में उपलब्ध होगी। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के टिकट की आवश्यकता नहीं होगी। महिलाओं को बस में चढ़ते समय अपनी पहचान सत्यापित करने के लिए कोई दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी, जिससे यात्रा और भी सुगम होगी। इससे पहले, चार अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह ऐलान कर दिया था कि उनकी सरकार रक्षाबंधन बंधन के मौके पर प्रदेश की बहन-बेटियों को बस का मुफ्त सफर देने जा रही है।




- आज से तीन दिनों तक मिलेगी सुविधा

## शिक्षक भर्ती घोटाला, टीएमसी मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ मुकदमा चलाने की राज्यपाल ने दी मंजूरी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जाँच के अधीन स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में राज्य के सुधार सेवा मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। राजभवन के एक सूत्र ने इसकी पुष्टि की। सूत्र ने बताया, उनके समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर, राज्यपाल ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाला मामले से संबंधित धन शोधन के अपराध के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के प्रभारी मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ईडी ने सिन्हा के खिलाफ एक विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है।

## राहुल गांधी ने भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर 'अनावश्यक' टिप्पणी की: सैनी

**एजेंसी। हरियाणा**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर 'अनावश्यक' टिप्पणियां करते रहते हैं। सैनी ने दावा किया कि पिछले दो दशकों में राहुल गांधी ने राजनीति में खुद को स्थापित करने की कई बार कोशिश की लेकिन हर बार असफल रहे। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी हर बात पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना अनुचित है।''सैनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' पिछले दो दशकों में उन्होंने (राहुल गांधी ने) राजनीति में स्थापित होने के कई प्रयास किये लेकिन असफल रहे। खुद तो असफल हुए ही, अपने साथ-साथ पूरी कांग्रेस की लुटिया भी डुबो दी।''सैनी का यह तीखा हमला राहुल गांधी द्वारा बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन

### अमित शाह ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, बोले-

## संसद में लालू एंड कंपनी ने किया ऑपरेशन सिंदूर का विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर से निपटने के सरकार के तरीके की आलोचना करने पर विपक्ष पर निशाना साधा और कांग्रेस पार्टी तथा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के गुट पर आतंकवाद विरोधी अभियान का विरोध करने का आरोप लगाया। बिहार के सीतामढ़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि किसी को भी देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू, लालू एंड कंपनी संसद में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई, असंयमित भाषा पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वृंदावन स्थित ऐतिहासिक बांके बिहारी मंदिर पर एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों पर नाराजगी व्यक्त की और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ असंयमित भाषा के इस्तेमाल पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय की एकल पीठ द्वारा 21 जुलाई और 6 अगस्त के आदेशों का अवलोकन किया, जिसमें उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 को चुनौती दी गई थी और उनमें की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी थी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर समानांतर कार्यवाही की और आदेश में कुछ अनुचित टिप्पणियां कीं। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट किस तरह की असंयमित भाषा का इस्तेमाल कर रहा है? मानो राज्य ने अध्यादेश पारित करके कोई पाप किया हो। यह सब क्या है? क्या हाईकोर्ट को यह नहीं बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर विचार कर रहा है?

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## दस बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा गया : हिमंत



**असम।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को असम के श्रीभूमि जिले से 10 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को पड़ोसी देश में खदेड़ दिया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अवैध घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है! आज तड़के असम पुलिस ने श्रीभूमि सेक्टर से 10 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को खदेड़ दिया। शर्मा ने कहा, ''असम की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सीमाएं सुरक्षित हैं, घुसपैठिए खदेड़ दिये गए!'' असम पुलिस ने पिछले हफ्ते श्रीभूमि से 27 अवैध घुसपैठियों को बांग्लादेश खदेड़ दिया था। हाल के महीनों में 387 से अधिक कथित अवैध घुसपैठियों को खदेड़ कर वापस भेजा गया है। शर्मा ने दावा किया कि राज्य सरकार घुसपैठ मुक्त असम के लिए प्रतिबद्ध है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले साल बांग्लादेश में अशांति शुरू होने के बाद से पूर्वोत्तर में 1,885 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

# निर्वाचन आयोग ने बढ़ाया मतदान अधिकारियों और अन्य कर्मियों का मानदेय

**एजेंसी। नई दिल्ली**




चुनाव आयोग ने पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों, मतगणना कर्मियों, माइक्रो ऑब्जर्वर और चुनाव से जुड़े अन्य कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की है। चुनाव के दौरान अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा को सम्मानजनक तरीके से पुरस्कृत करने के लिए आयोग ने यह बड़ा कदम उठाया है। चुनाव कार्य में केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, लोक प्राधिकरण के सदस्य, सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारी आदि शामिल होते हैं। चुनाव के दौरान ये कर्मी कई महीनों से लगातार कई घंटों तक काम करते हैं ताकि मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें और अपनी पसंद के प्रतिनिधि का चुनाव कर सकें। आयोग ने बताया कि इससे पहले 2014 से 2016 के बीच अंतिम बार मानदेय में वृद्धि की गई थी, जिसे अब सुधारते हुए नई दरें लागू की गई हैं। सीएपीएफ के गजेटेड अधिकारी को 15 दिन या उससे कम के लिए 4 हजार रुपए, 15 दिन से अधिक के लिए प्रति सप्ताह 2 हजार रुपए मिलेंगे। (पहले क्रमशः 2500 रुपए व 1250 रुपए)। अधीनस्थ अधिकारी (इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर आदि) के लिए 3000 रुपए 15 दिन तक, 1500 रुपए प्रति सप्ताह 15 दिन से अधिक (पहले 2000 व 1000 रुपए)।वहीं, अन्य रैंक (हेड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल आदि) के लिए 2500 रुपए 15 दिन तक, 1250 रुपए प्रति सप्ताह 15 दिन से अधिक के लिए।

**मानदेय वृद्धि इस प्रकार है**

1. पीठासीन अधिकारी एवं मतगणना पर्यवेक्षक: अब उन्हें प्रतिदिन या इसके भाग के लिए 500 रुपए या 2 हजार रुपए एकमुश्त मानदेय मिलेगा। पहले यह 350 रुपए था।
2. मतदान अधिकारी: अब 400 रुपए प्रतिदिन या उसके हिस्से के लिए 1600 रुपए एकमुश्त, जो पहले 250 रुपए था।
3. मतगणना सहायक: 450 रुपए प्रतिदिन या उसके हिस्से के लिए 1350 रुपए एकमुश्त, पहले 250 रुपए।
4. क्लास-4 कर्मचारी (विभिन्न कर्तव्यों के लिए): अब 350 रुपए प्रतिदिन या उसके हिस्से के लिए 1400 रुपए एकमुश्त, पहले 200 रुपए।
5. कॉल सेंटर / कंट्रोल रूम के क्लास-4 कर्मचारी: 1000 रुपए एकमुश्त, पहले 200 रुपए प्रतिदिन।
6. वीडियो निगरानी टीम, मीडिया मॉनिटरिंग कमिटी, फ्लाइंग स्क्वाड आदि के क्लास I/II कर्मचारी को अब 3 हजार रुपए एकमुश्त (पहले 1200 रुपए)। वहीं, क्लास III के कर्मचारी को 2 हजार रुपए एकमुश्त (पहले 1000 रुपए)
7. माइक्रो ऑ जर्वर: 2000 रुपए एकमुश्त, पहले 1000 रुपए।
8. मतदान स्थल/मतगणना केंद्र पर तैनात पुलिस, होम गार्ड, वन रक्षक, एनसीसी कैडेट, स्वयंसेवक आदि को भोजन/रिफ्रेशमेंट के लिए अब 500 रुपए प्रतिदिन मिलेंगे। पहले 150 रुपए मिलते थे।
9. डिप्टी जिला निर्वाचन अधिकारी को अब कम से कम संबंधित कर्मचारी के एक महीने के बेसिक वेतन के बराबर भुगतान होगा, जबकि पहले कोई वेतन नहीं दिया जाता था।

### हिदायत | राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे पर चुनाव आयोग ने कहा

# घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करें या देश से माफी मांगें

- चुनाव आयोग ने इन आरोपों को गंभीर और आधारहीन बताया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राहुल गांधी की ओर से चुनाव आयोग पर लगाए गए 'वोट चोरी' के गंभीर आरोपों पर आयोग ने सख्ती दिखाई है। चुनाव आयोग ने इस पूरे मामले की जांच करने के लिए राहुल गांधी से हलफनामा देने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने कहा कि यदि राहुल गांधी को अपने विश्लेषण पर भरोसा है और वे चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सच मानते हैं, तो उन्हें बिना किसी हिचकिचाहट के घोषणा-पत्र (डिक्लरेशन) पर हस्ताक्षर करने चाहिए। आयोग ने कहा कि यदि राहुल गांधी इस घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करते, तो इसका सीधा अर्थ होगा कि उन्हें अपने ही विश्लेषण और उसके आधार पर लगाए गए आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसे में, चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए 'बेतुके आरोपों' के लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने आगे कहा है कि राहुल गांधी के पास अब केवल दो विकल्प हैं, या तो घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करके अपने आरोपों को साबित करें, या फिर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए राष्ट्र से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगे।

### खड़गे ने पीएम मोदी और बीजेपी पर बोला हमला

## 'फर्जी वोटों के कारण 2019 चुनाव हारी थी कांग्रेस'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए वोट चोरी का आरोप लगाया। बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' को संबोधित करते हुए, मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पार्टी 2019 के आम चुनाव 'फर्जी वोटों' के कारण हारी थी। खड़गे ने कहा कि मौजूदा सरकार चोरी की सरकार है। मोदी फर्जी वोटों से इस देश को रुला रहे हैं। मैंने 2019 में यह कहा था। अपने पूरे जीवन में, मैं 2019 के चुनावों में हारा हूँ, मैं भी फर्जी वोटों के कारण हारा हूँ, जो अब सामने आया है। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे को दोहराते हुए, खड़गे ने दावा किया कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में हुए चुनावों में, एक विधानसभा ने 6,60,000 वोटों का सत्यापन किया है। पिछला चुनाव विश्वासघात का चुनाव था। मोदी की कोशिश है कि अगर लोग वोट न भी दें, तो मोदी और अमित शाह चुनाव आयोग को आदेश दें कि वह तय करे कि कहाँ कम वोट देना है और कहाँ ज़्यादा। प्रधानमंत्री मोदी पहले ही कांग्रेस और अन्य दलों को डराकर बहुमत हासिल कर चुके हैं।

## अभी तो बस शुरुआत है!


# मोदी ने दे दिया ट्रंप को पहला झटका रद्द हो गई अरबों की बोइंग डील...

● भारत और अमेरिका के बीच 31 हजार 500 करोड़ की बोइंग डील हुई थी

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

अमेरिका की तरफ से भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया गया। जिसके बाद भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। यूं तो भारत ने समय समय पर ये कहा है कि अमेरिका की तरफ से कोई भी अनैतिक फैसला लिया जाता है तो भारत इसके खिलाफ कदम उठाएगा और कार्रवाई करेगा। अब भारत ने बड़ा फैसला ले लिया है। दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच 31 हजार 500 करोड़ की बोइंग डील हुई थी। जिसे भारत ने अब रद्द कर दिया है।

2021 में अमेरिकी विदेश विभाग ने 2.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर में छह अतिरिक्त बोइंग पी-8आई समुद्री गश्ती विमानों के मूल सौदे को अपनी मंजूरी दे दी थी, लेकिन आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद दरें बढ़ गईं। रक्षा सूत्रों के हवाले से द फाइनेंशियल एक्सप्रेस ने बताया कि भारत ने परियोजना लागत में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के कारण सौदे को स्थगित करने का फैसला किया है। रिपोर्ट में आगे दावा किया गया है कि रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक पुनर्मूल्यांकन करने का फैसला किया है और मूल्य वृद्धि, भूराजनीति और रणनीतिक स्वायत्तता जैसे कारक अंतिम निर्णय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



एआई जेनरेटेड

### पी-8आई, एक बहु-मिशन समुद्री विमान

बोइंग पी-8 पोसाइडन एक बहु-मिशन समुद्री गश्ती विमान है। यह टोही, खुफिया जानकारी एकत्र करने, खोज और बचाव कार्यों और पनडुब्बी रोधी अभियानों में विशेषज्ञता रखता है। बोइंग की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पी-8 490 नॉट की अधिकतम गति से 41,000 फीट की ऊँचाई तक उड़ान भर सकता है।

**भारत ने 2009 में पी-8I अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे :** भारत ने 2009 में 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर में आठ P-8I विमान खरीदने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। 2016 में, भारत ने 1 अरब अमेरिकी डॉलर में चार और ऐसे विमान खरीदने का ऑर्डर दिया था। भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र की पूरी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए लगातार 18 ऐसे विमानों को शामिल करने पर ज़ोर दे रही है।

### ट्रंप को धमकाने वाले लूला ने मोदी को किया फोन

## टैरिफ के खिलाफ भारत के साथ मिलकर ब्राजील ने तैयार किया प्लान!



एक तरफ अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड वॉर लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ दुनियाभर की ताकतें जुड़ने लगी हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति तो डोनाल्ड ट्रंप को सीधी चेतावनी देते नजर आ रहे हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने पहले ही कह दिया था कि अगर फोन कॉल करना होगा तो वो ट्रंप को नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करेंगे। अब राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने बिना समय गवाएं सबसे पहला फोन कॉल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कर दिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने पीएम मोदी को फोन किया है। पीएम मोदी के साथ बातचीत में उन्होंने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। ललुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा कि ट्रंप से बात नहीं करेंगे। यह घटनाक्रम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश जारी करने के एक दिन बाद आया है। पीएमओ ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

### भारत ने टैरिफ को लेकर अमेरिका पर पलटवार किया

भारत ने ट्रंप के टैरिफ को 'अनुचित' बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। बाद में उन्हें ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा का भी फ़ोन आया, जिन्होंने उन्हें अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे टैरिफ़ के मामले में अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति लूला के साथ अच्छी बातचीत हुई। ब्राज़ील की मेरी यात्रा को यादगार और सार्थक बनाने के लिए उनका धन्यवाद। हम व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## साउथ कैलिफोर्निया में तेजी से फैल रही जंगल की आग

### घर छोड़कर जा रहे लोग



**लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)**

भीषण गर्मी के बीच साउथ कैलिफोर्निया के एक घाटी क्षेत्र में तेजी से जंगल की आग फैल रही है। आग के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पास के समुदायों को क्षेत्र खाली करने का आदेश दिया गया है। कैन्यन फायर नामक यह जंगल की आग स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1.25 बजे (2025 जीएमटी) पूर्वी वेंचुरा काउंटी में स्थित एक छोटे से शहर पीरू के पास लगी, जो लॉस एंजिल्स से लगभग 77 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। कैलिफोर्निया के फॉरेस्ट एंड फायर प्रोटेक्शन डिपार्टमेंट (कैलिफोर्निया फायर) ने गुरुवार को बताया कि आग कुछ ही घंटों में तेजी से बढ़कर 1,000 एकड़ (लगभग 4.05 वर्ग किलोमीटर) से ज्यादा क्षेत्र में फैल गई और इस पर कोई नियंत्रण नहीं पाया जा सका। इस आग ने छह घंटे में लगभग 15 वर्ग मील क्षेत्र को जला दिया और 50,000 लोगों को निकासी की चेतावनी जारी कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने वेंचुरा और लॉस एंजिल्स काउंटी में आग के पास के कुछ समुदायों के लिए कई निकासी आदेश और चेतावनियां जारी कीं। कैलिफोर्निया फायर ने अपने निकासी आदेशों में कहा, "जान को खतरा है। यह तुरंत निकलने का एक कानूनी आदेश है। यह क्षेत्र कानूनन जनता के लिए बंद है। लॉस एंजिल्स काउंटी सुपरवाइजर कैथरीन बार्गर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "वेंचुरा-एलए काउंटी लाइन के पास अत्यधिक गर्मी और शुष्क परिस्थितियों में कैन्यन फायर तेजी से फैल रहा है। निकासी के आदेशों को गंभीरता से लें।

**6 घंटे में 15 वर्ग मील तक फैली विनाशकारी आग**

● आग ने 6 घंटे में लगभग 15 वर्ग मील क्षेत्र को जला दिया।

**50000** लोगों को निकासी की चेतावनी जारी की गई।

# ट्रंप टैरिफ हाई होने के बाद अमेजन व वॉलमार्ट ने भारत से ऑर्डर रोक दिए हैं

### 50% टैरिफ लागू होने से उत्पादों की लागत में हो सकता है 30% से 35% का इजाफा

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी खरीदारों से पत्र और ईमेल मिले हैं। इनमें अनुरोध किया गया है कि वे अगली सूचना तक परिधान व वस्त्रों के शिपमेंट रोक दें। सूत्रों के अनुसार नए टैरिफ के बाद खरीदार लागत का बोझ उठाने को तैयार नहीं हैं, चाहते हैं कि निर्यातक ही लागत का वहन करें। मालूम हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 % टैरिफ लगाए जाने के बाद वॉलमार्ट, अमेजन, टारगेट व गैप समेत प्रमुख अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं ने भारत से ऑर्डर रोक दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया जा रहा है।अमेरिकी खरीदारों ने अगली सूचना तक शिपमेंट रोकने की अपील की। मौजूदा हालात में यदि 50% की दर से टैरिफ लगाए जाते हैं तो विभिन्न उत्पादों की लागत में 30 से 35 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे अमेरिका जाने वाले ऑर्डरों में 40 से 50 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। यदि ऐसा होता है तो कारोबारियों को लगभग 4-5 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। वेलस्पन लिविंग, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, इंडो काउंट और ट्राइडेंट जैसे प्रमुख निर्यातक अमेरिका में अपनी कुल राजस्व का लगभग 40 % से 70 % बिक्री करते हैं।भारत के कपड़ा व परिधान उद्योग के लिए अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है । मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, कुल कपड़ा और परिधान निर्यात में अमेरिका का योगदान 28 प्रतिशत था, जिसका मूल्य 36.61 अरब डॉलर था। विश्व में वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक भारत अब अमेरिका को वस्त्र निर्यात करने के मामले में बांग्लादेश और वियतनाम की तुलना में पीछे रह सकता है। ये देश भारत को मिलने वाले ऑर्डर हासिल कर सकते हैं। क्योंकि ट्रंप ने इन देशों पर महज 20 प्रतिशत टैरिफ का ही ऐलान किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 % टैरिफ लगाया है। इसमें से गुरुवार से लागू 25 % टैरिफ और रूसी तेल खरीदने पर दंड के रूप में 28 अगस्त से लागू होने वाला 25 % टैरिफ शामिल है। ट्रंप ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें लिखा है, "मैं यह मानता हूं कि भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त मूल्यानुसार शुल्क लगाना आवश्यक और उचित है, क्योंकि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल आयात कर रहा है।" दूसरी ओर भारत ने कहा है कि अमेरिकी टैरिफ "अनुचित, गलत और अविवेकपूर्ण" हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "हाल के दिनों में अमेरिका ने रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। इसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारा आयात बाजार घरेलू कारकों पर आधारित है। रूस से तेल का आयात भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किया जाता है।" भारत ने कहा, "यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर ऐसे कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का निर्णय लिया है, जिन्हें कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में उठा रहे हैं।" भारत ने कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।देखिए क्या -क्या कदम उठाता है , क्या -क्या कदम उठाने की स्थिति में है?

## गाजीपुर में फेसबुक लाइव के बाद पत्रकार की हत्या, उगाही के खिलाफ उठाई थी आवाज

**ढाका (आईएएनएस)** । बांग्लादेश के गाजीपुर में एक पत्रकार की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पत्रकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लाइव कर उगाही के खिलाफ आवाज उठाई थी। इसके तुरंत बाद उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना गाजीपुर शहर के चंदना चौरस्ता इलाके की है। मृतक पत्रकार की पहचान 38 वर्षीय मोहम्मद असदुज्जमां तुहिन के रूप में हुई, जो गाजीपुर में स्टाफ रिपोर्टर थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तुहिन ने गुरुवार दोपहर चंदना चौरस्ता पर से फेसबुक लाइव किया था, जिसमें उन्होंने स्थानीय दुकानों और फुटपाथों से हो रही उगाही के खिलाफ आवाज उठाई थी। रात करीब 8 बजे उन्होंने अपने निजी फेसबुक अकाउंट पर एक और वीडियो पोस्ट किया, जिसमें लोग सड़क को अनियंत्रित तरीके से पार करते दिख रहे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद तुहिन मस्जिद मार्केट के सामने एक चाय की दुकान पर बैठा था।



## दक्षिण कोरिया की पूर्व फर्स्ट लेडी की बढ़ी मुश्किलें, यूनिफिकेशन चर्च घोटाले में गिरफ्तारी वारंट जारी

**सियोल (आईएएनएस)**

दक्षिण कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम क्योन ही पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। एक स्पेशल काउंसिल टीम ने उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया है, जिसमें क्योन ही पर यूनिफिकेशन चर्च से जुड़े रिश्वत मामले में जियोन सेओंग-बे के साथ साठगांठ का आरोप लगाया है। विशेष अभियोजक मिन जोंग-की की टीम ने गुरुवार को दायर वारंट में दावा किया कि किम ने 2022 में जियोंग सेओंग-बे के साथ मिलकर यूनिफिकेशन चर्च से कीमती उपहार (जिसमें एक हीरे का हार शामिल है) को स्वीकार किया। हालांकि पूर्व प्रथम महिला ने व्यावसायिक लाभ के बदले उपहार लेने से इनकार किया है, जबकि जियोंग ने उपहार स्वीकार करने की बात मानी, लेकिन उन्हें किम को भेजने से इनकार किया है। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, वारंट में किम को 2009 से 2012 के बीच ड्यूश मोटर्स (बीएमडब्ल्यू डीलर) से जुड़े शेयर मूल्य हेरफेर मामले में सिर्फ एक साथी नहीं, बल्कि एक साजिशकर्ता बताया गया।

## नाथू ला समेत तीनों मार्गों से चीन से व्यापार करने पर बातचीत कर रहा भारत

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सांसद दोरजी शेरिंग लेप्चा ने नाथू ला सीमा से व्यापार फिर से शुरू करने के बारे में सवाल पूछा। इस पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार करने के लिए तीन तय रास्ते हैं — उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (साल 1992 से), हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रा (साल 1995 से) और सिक्किम में नाथू ला दर्रा (जुलाई 2006 से)।उन्होंने बताया कि साल 2020 में कोविड-19 महामारी के समय इन तीनों रास्तों से होने वाला व्यापार बंद हो गया था। तबसे अब तक यह व्यापार दोबारा शुरू नहीं हुआ है। भारत सरकार चीन से बातचीत कर रही है, ताकि इन तीनों रास्तों से फिर से सीमा व्यापार शुरू किया जा सके।

## मिसिसिपी नदी में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली** । अमेरिका के इलिनॉइस में बृहस्पतिवार को एक हेलीकॉप्टर मिसिसिपी नदी में दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने यह जानकारी दी। मिसौरी राज्य राजमार्ग गश्ती दल के कॉर्पोरल डलास थॉम्पसन ने दोनों की मौत की पुष्टि की और कहा कि किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। नदी को व्यावसायिक नौवहन के लिए बंद कर दिया गया है। रिवर्स पॉइंट फायर डिस्ट्रिक्ट के प्रमुख रिक पेंडर ने बताया कि हेलीकॉप्टर बृहस्पतिवार पूर्वाह्न लगभग 11 बजे बिजली के तार से टकराकर मिसिसिपी नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा शहर पर नियंत्रण करने की योजना को मंजूरी दी

**यरूशलम (आईएएनएस)**

इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा शहर पर नियंत्रण करने की एक योजना को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शुक्रवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने गुरुवार को सुरक्षा कैबिनेट की बैठक से पहले एक साक्षात्कार में कहा था कि इजरायल पूरे गाजा पर नियंत्रण चाहता है। नेतन्याहू ने कहा था कि हम अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और हमास को वहां से हटाने के लिए गाजा पर नियंत्रण चाहते हैं। नेतन्याहू ने कहा, "हम गाजा को अपने पास नहीं रखना चाहते। हम इसे ऐसी अरब ताकतों को सौंपना चाहते हैं जो इसे ठीक से चलाएं, हमें धमकी न दें, और गाजा के लोगों को अच्छा जीवन दें। इससे हम सुरक्षित रहेंगे। हमास ने इसके जवाब में बयान करते हुए कहा, "वह नेतन्याहू के बयानों को वार्ता के रुख को स्पष्ट रूप से उलटने वाला और अंतिम दौर से उनके हटने के पीछे के असली इरादों को उजागर करने वाला मानता है। इजरायल के हमले में गाजा में जान-माल की बड़े पैमाने पर क्षति हुई है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 18 मार्च को इजराइल द्वारा गाजा में हमले शुरू किए जाने के बाद से कम से कम 9,752 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

# कुली से रजनीकांत ने जीता दिल, फैन्स ने इसे कबाली के बाद उनकी सर्वश्रेष्ठ फिल्म बताया




2024 में अमिताभ बच्चन के साथ वेट्टैयां के बाद, रजनीकांत 14 अगस्त को अपनी आगामी फिल्म की रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार हैं। गुरुवार, 8 अगस्त को फिल्म की एक निजी स्क्रीनिंग आयोजित की गई और शुरुआती समीक्षाएं आनी शुरू हो गई हैं। और जो लोग फिल्म के बारे में सोच रहे हैं, उनके लिए बता दें कि कुछ प्रशंसकों ने खुलासा किया है कि 2016 में कबाली के बाद कुली, रजनीकांत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। एक एक्स यूज़र ने फिल्म के हर प्रमुख किरदार के अभिनय का विस्तृत विश्लेषण साझा किया है। रजनीकांत के लिए, यूज़र ने लिखा, "कबाली के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।" उन्होंने नागार्जुन को फिल्म की "रीढ़" भी कहा। इस प्रोजेक्ट में आमिर खान के विस्तारित कैमियो के बारे में, एक नेटिजन ने कहा कि उनकी उपस्थिति ने "पूरे थिएटर को स्टेडियम में बदल दिया।




# हेमंत सोरेन ने परंपरा के अनुसार निभाई बाबा को भोजन परोसे जाने की रस्म





नवीन मेल संवाददाता

● दिवंगत दिशोम गुरु के श्राद्धकर्म के चौथे दिन की रस्म संपन्न

**रांची।** दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्धकर्म का शुक्रवार को चौथा दिन था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धार्मिक मान्यताओं, संस्कारों और स्थानीय परंपराओं के अनुरूप शुक्रवार की सुबह बाबा को भोजन परोसे जाने की रस्म निभाई। दरअसल, दिवंगत व्यक्ति की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए श्राद्धकर्म के दौरान हर दिन स्थानीय विधि-विधान और परंपरा के अनुरूप यह रस्म-रिवाज निभाया जाता है।

## नेमरा पहुंचे विस अध्यक्ष, गुरुजी को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पैतृक आवास नेमरा पहुंचकर दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के परिवार जनों से मिले एवं उन्हें याद करते हुए परिवार के सदस्यों को सांत्वना दिया। अध्यक्ष ने गुरु जी के सानिध्य में गुजारे पुराने दिनों को याद करते हुए बहुत सारी घटनाओं को भी उनके परिवार जनों के साथ साझा किया।

## सर्वजन पेंशनधारियों को अगस्त माह की राशि का हुआ भुगतान

नवीन मेल संवाददाता



● 2 लाख 21 हजार 270 लाभुकों को 22 करोड़ 12 लाख 70 हजार की राशि का भुगतान

● डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक लाभुक के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई एक-एक हजार की पेंशन राशि

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिला में पेंशनधारियों को अगस्त महीने तक की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 21 हजार 270 लाभुकों के बैंक खाते में पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गयी है।

मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (ट्रांसजेंडर) अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपये का भुगतान किया गया है। राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों को अगस्त 2025 तक की पेंशन राशि का बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है। वैसे लाभुक जिन्हें किसी कारणवश पेंशन राशि प्राप्त नहीं हुई है वो जन शिकायत हेतु जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर- 9430328080 ''अबुआ साथी'' पर शिकायत कर सकते हैं, प्राप्त शिकायत पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा समुचित कार्यवाही की जायेगी।

### झूठ बोलना व बेबुनियाद आरोप लगाना बन चुकी है राहुल की आदत

# भारतीय राजनीति के 'मिस्टर लायर' साबित हो रहे : प्रतुल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति में खुद को "मिस्टर लायर" के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। झूठ बोलना और बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी आदत बन चुकी है। पहले आरोप लगाते हैं और जब आरोप गलत सिद्ध होता है तो माफी मांग कर चुपके से निकल जाते हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कभी "चौकीदार चोर है" जैसा आपत्तिजनक और झूठा नारा देकर देश के प्रधानमंत्री की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिलने के बाद उनको माफी मांगनी पड़ी थी। फिर उन्होंने बिना किसी प्रमाण के यह तक कह दिया कि "आरएसएस ने गांधी जी की हत्या की", जो अदालत में झूठा सिद्ध हुआ और उन्हें फिर माफी मांगनी पड़ी।


प्रतुल ने कहा कि चीन की घुसपैठ को लेकर भी उन्होंने बार-बार झूठ फैलाया, जबकि हमारी सेनाएं सीमा पर पूरी मजबूती से तैनात हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपनी टिप्पणी में कहा कि एक सच्चे देशभक्त को इस तरह की भाषा नहीं बोलनी चाहिए। राहुल गांधी देश की सेना का मनोबल गिराने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। दिवंगत नेता अरुण जेटली के बारे में उन्होंने झूठी बात कह दी कि वह उनको कृषि कानून लेकर धमका रहे थे। जबकि कृषि कानून आने के पहले ही अरुण जेटली जी का देहांत हो चुका था।

प्रतुल शाहदेव ने यह भी कहा कि अब नवीनतम उदाहरण में राहुल गांधी ने यह कहकर कि "चुनाव आयोग वोट चुरा रहा है", देश के लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था पर प्रश्नचिह्न लगाया है। यह बेहद शर्मनाक और गैर-जिम्मेदाराना है। प्रतुल ने कहा राहुल गांधी सक्षम जगह पर सबूत पेश करके अपनी बातों को नहीं रखेंगे।

सिर्फ प्रेस कांफ्रेंस करके माहौल को बिगड़ने की कोशिश करते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के लिए फ्रॉड जैसे शब्द का प्रयोग किया जो प्रतिपक्ष के नेता को कतई शोभा नहीं देता। राहुल गांधी ने तो चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों तक को धमका दिया कि जब उनकी सरकार आएगी तो सबको देखा जाएगा। प्रतिपक्ष के नेता का यह बहुत ही गैर जिम्मेदाराना बयान है।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने दिल्ली में मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल जाकर राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन से उनके उपचार की प्रगति और वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मंत्री रामदास सोरेन के परिजनों से भी भेंट की तथा कहा कि हम सभी ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

### दिल्ली के अपोलो अस्पताल में मंत्री रामदास सोरेन से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शनिवार को दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल गए और झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात की। रामदास सोरेन का अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ केएन सिंह से भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### सीयूजे में 'न्यूमेरिकल लिनियर अल्जेब्रा इन मशीन लर्निंग' पर विशेष व्याख्यान आयोजित



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे), रांची के गणित विभाग एवं सांख्यिकी विभाग ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से 'न्यूमेरिकल लिनियर अल्जेब्रा इन मशीन लर्निंग' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दिन में 2:30 बजे गणित विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार परीदा के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। व्याख्यान का संचालन डॉ रत्नेश कुमार मिश्रा ने किया। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार परीदा ने प्रो सिद्दकी अहमद के विषय तथा अनुसंधान कार्य को विस्तार पूर्वक समझाया। इसी क्रम में सांख्यिकीय विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो केबी पंडा ने प्रो सिद्दकी का स्वागत एवं अभिवादन करके गणित और सांख्यिकीय के अनुसंधान के प्रयोग को समझाया। मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी इंदौर के गणित विभाग के प्रो एसके शफीक अहमद ने अपने व्याख्यान में गणित के कई महत्वपूर्ण एवं रोचक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इनमें मशीन लर्निंग में न्यूमेरिकल लिनियर अल्जेब्रा के विभिन्न अनुप्रयोग शामिल थे। उन्होंने विशेष रूप से मैट्रिक्स डीकंपोजीशन तकनीक, सिंगुलर वैल्यू डीकंपोजीशन, ईगन वैल्यू और ईगन वेक्टर विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को गहराई से समझाया। यह व्याख्यान स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ-साथ संकाय सदस्यों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। यह प्रतिभागियों के करियर विकास में भी सहायक रहेगा। कार्यक्रम में सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो केबी पांडा, डॉ रत्नेश कुमार मिश्रा, डॉ राजू कुम्हार, डॉ संतोष कुमार चौधरी सहित विभिन्न विषयों के यूजी-पीजी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### झामुमो ने स्व. निर्मल महतो को किया नमन, विनोद पांडेय ने कहा

# सभी झारखंड आंदोलनकारियों को नमन करती है झामुमो

नवीन मेल संवाददाता



● सुप्रियो ने कहा, हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें, यही होगी सच्ची श्रद्धांजलि

**रांची।** झामुमो की रांची जिला समिति ने शुक्रवार को स्व. निर्मल महतो के शहादत दिवस पर रांची के जेल मोड़ स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और नमन किया। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं सिल्ली विधायक अमित महतो उपस्थित थे। मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा, शहीद निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य के संघर्ष को जो धार दी थी, वह दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में मुकाम तक पहुंच चुका है। उनके शहादत दिवस के अवसर पर हम लोग हर साल यहां पर उपस्थित होते हैं। उनको नमन करते हैं, उनके संघर्षों को याद करते हैं। उनके संघर्षों को अपने दिल-दिमाग में रखकर उनके बताए हुए संघर्ष के मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं। इस राज्य में झामुमो ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो पूरे साल झारखंड अलग राज्य के योद्धाओं को उनके शहादत दिवस पर उन्हें नमन करने का काम करती है। चाहे वह निर्मल महतो हों, विनोद बिहारी महतों हों या ऐसे जितने योद्धा हैं सबको झारखंड मुक्ति मोर्चा याद करती है, नमन करती है। उनके सपनों के अनुरूप आज हम झारखंड अलग राज्य में हैं। हमें गर्व भी होता है और हम उनके संघर्षों को याद करते हैं, नमन करते हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, आज एक विरल संयोग है कि राज्य के संघर्ष के लिए एक जोड़ी अटूट बंधन का काम किया था, चाहे वह कोयलालंचल से संथाल परगना तक और बिहार के कुछ हिस्से पूर्णिया से लेकर बांका और कोल्हान से लेकर ओडिशा और बंगाल तक, यह दो जोड़ी थे गुरुजी और निर्मल दा। आज यह संयोग है कि जब हम गुरुजी के शोककाल में हैं, तो हम निर्मल दा के शहादत को भी नमन कर रहे हैं। पहले पढ़ो और लड़ो मार्ग पर गुरुजी का भी जोर रहा और निर्मल दा का भी रहा। महाजनी शोषण, चाहे वह कोल्हान में हो या संथाल में हो, के खिलाफ इन दोनों लोगों का जो संघर्ष रहा, वह आज अमिट हो गया है। यह संघर्ष रुके नहीं, यह अब हमारी जिम्मेदारी है। सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि हम उन लोगों के दिखाए मार्ग पर हम आगे बढ़ें। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने भी स्व. निर्मल महतो को नमन करते हुए उनके शहादत दिवस पर उनके संघर्षों को याद किया और उनके संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### झारखंड आंदोलन को उग्र तेवर दिया निर्मल दा के बलिदान ने : सुदेश महतो



**रांची।** आजसू के संस्थापक शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर शुक्रवार को आजसू प्रमुख सुदेश महतो तथा अन्य नेताओं ने रांची और जमशेदपुर में निर्मल महतो को श्रद्धांजलि दी। श्री महतो ने रांची के निर्मल महतो चौक, अनगड़ा, सिल्ली, सोनाहातु और तमाड़ के अलावा जमशेदपुर में चमड़िया गेस्ट हाउस, निर्मल समाधि स्थल पर निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### निर्मल महतो का त्याग युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : गौतम सिंह



**रांची।** झारखंड आंदोलन के अमर सेनानी, वीर शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर अबुआ अधिकार मंच ने शुक्रवार को रांची के जेल चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छात्रों और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही।

### बच्चों, नागरिकों व सैनिकों के अटूट संबंध का प्रतीक हैं राखियां : सेठ



● 72 स्कूलों के बच्चों ने रक्षा राज्य मंत्री को सौंपी 12 हजार हस्त निर्मित राखियां

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** नई दिल्ली में 72 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को 12,000 से अधिक राखियां वायु सेना के जवानों के लिए सौंपी। यह कार्यक्रम मूल रूप से राज्यसभा के पूर्व सदस्य और उत्तराखंड युद्ध स्मारक शौर्य स्थल के संस्थापक अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार तरुण विजय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित हुआ था। उन्हीं के नेतृत्व में नई दिल्ली के 72 विद्यालयों के बच्चों ने वायु सेना के जवानों के लिए राखियां भेजी हैं। सभी राखियां बच्चों ने अपने हाथों से बनाई हैं। इनके साथ 12,000 प्रार्थना और भावनाओं से जुड़ा पत्र भी है, जो सैनिकों के लिए इन बच्चों ने लिखी है। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री सेठ को बच्चों ने राखियां भी बांधी।

इस अवसर पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी मौजूद रहे। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह सभी पवित्र राखियां देश के बच्चों की भावनाएं हैं, जो सेना के जवानों के लिए भेजी गई हैं। हमारे जवान अपने घर से दूर भले रहते हैं, परंतु देश के हर नागरिक और परिवार की प्रार्थनाओं और प्रेम में शामिल रहते हैं। अपने हाथों से राखियां बनाकर बच्चों ने सैनिकों के प्रति अपना प्रेम भी प्रदर्शित किया है और उनके प्रति कृतज्ञता भी प्रकट की है। संजय सेठ ने कहा कि यह हमारी गौरवशाली संस्कृति और देश के रक्षों के बीच गहरे संबंधों का प्रतीक है। इन सभी राखियों को सेना के जवानों तक पहुंचाया जाएगा, जो देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात हैं। हम सब के प्रेम और जवानों की रक्षा के लिए समर्पित यह रक्षा सूत्र हर देशवासी के सैन्य जवानों के प्रति प्रेम का प्रतीक है। यह देश के नागरिकों और सेना का ऐसा अटूट संबंध को प्रदर्शित करने वाली राखी है, जो समय के साथ और भी मजबूत हो रही है।

### भारत में मानव दुर्व्यापार | समन्वय व रोकथाम तंत्र को मजबूत करना विषय पर हुई बैठक, बोले हुलेश मांझी

# बच्चों को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

● बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**शिल्पी सोनिराज ने परामर्श बैठक में कहा-**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव शिल्पी सोनिराज ने परामर्श बैठक में कहा, हमें ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामलों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ देखने की आवश्यकता है। समय की मांग केवल न्याय ही नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण पुनर्वास भी है ताकि जिन बच्चों के साथ अन्याय हुआ है, उन्हें न्याय के साथ-साथ वह देखभाल और गरिमा मिल सके, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

**रांची।** बचाव और अभियोजन के बीच की चौंकाने वाली खाई बच्चों के खिलाफ अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने में एक बड़ी बाधा बनी हुई है। और, अक्सर बच्चे इस खाई में फंस कर बाल श्रम, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह तथा यौन शोषण जैसी स्थितियों में घिर जाते हैं। पटना में 'भारत में मानव दुर्व्यापार : समन्वय और रोकथाम तंत्र को मजबूत करना' विषय पर राज्यस्तरीय परामर्श बैठक में बच्चों की ट्रैफिकिंग एवं अन्य बाल अपराधों से निपटने के लिए बेहतर समन्वय, जवाबदेही और रोकथाम रणनीतियों की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया गया। यह परामर्श 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' की ओर से बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित किया गया।

बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) 418 जिलों में काम कर कर रहा है। जेआरसी ने अपने सहयोगी संगठनों की मदद से देशभर में 1 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2025 के बीच 56,242 बच्चों को ट्रैफिकिंग गिरोहों के चंगुल से मुक्त कराया और ट्रैफिकर्स के खिलाफ 38,353 से अधिक मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की।

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य हुलेश मांझी ने बच्चों के विरुद्ध अपराधों से निपटने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर बल देते हुए कहा, हमें एक समाज के रूप में बच्चों के खिलाफ हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार की सूचना देनी चाहिए। बहुत से कमजोर और असुरक्षित बच्चे हमारे सामने शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन हम इसे अनदेखा कर देते हैं। यह रवैया अब बदलना चाहिए, क्योंकि बच्चों को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बिहार पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कमजोर वर्ग) डॉ अमित कुमार जैन ने कहा, ह्यूमन ट्रैफिकिंग से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है। हम अभी भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने से बहुत पीछे हैं।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने भारत में ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए कानूनी ढांचे की सराहना करते हुए कहा, भारत सरकार ने देश में ट्रैफिकिंग विरोधी कानूनों को सुदृढ़ किया है और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)) के तहत कई महत्वपूर्ण प्रावधान और प्रक्रियाएं जोड़ी हैं। अब आवश्यकता इन कानूनों का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन की है जिसके लिए सभी स्तरों पर सभी पक्षों की समन्वित कार्रवाई जरूरी है।

इस परामर्श में भाग लेने वाले अन्य प्रमुख अधिकारियों में बिहार सरकार के संयुक्त श्रम आयुक्त विजय कुमार, बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष निशा झा, बीएसएलएसए की रजिस्ट्रार अनुपमा, वरिष्ठ अधिवक्ता केडी मिश्रा, समाजसेवी व पद्मश्री से सम्मानित सुधा वर्गीज, अंकिता कश्यप (राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार), पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता वत्सल वर्मा, बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के पूर्व सलाहकार सुनील झा, डीएसपी, आर्थिक अपराध शाखा एवं साइबर क्राइम धीरेंद्र और जेआरसी के सहयोगी संगठन मौजूद थे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने भारत में मानव दुर्व्यापार से जुड़े मौजूदा कानूनी और नीतिगत ढांचे की समीक्षा की और आह्वान किया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों, न्यायपालिका, सरकारी विभागों और सिविल सोसाइटी के बीच ठोस समन्वय स्थापित हो।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड राज्य स्तरीय जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में...**

दुबे, पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू योगासन संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे, पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, वूशु संघ के सचिव सुमित वर्मन, वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद, प्रदीप कुमार मेहता, रविंद्र उरांव, वेद प्रकाश, और रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी के एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी सहित पलामू खेल जगत के अन्य प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**हमारी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की...**

संस्कृति और परंपरा की भी वाहक है। किसान खुशहाल होगा, तभी देश-राज्य समृद्ध होगा। हमारी सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में बारिश का मौसम है और खेतों में धनरोपनी हो रही है। मुख्यमंत्री ने खेतों में जाकर धनरोपनी कर रहीं स्थानीय ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए खेती-किसानी के ताजा हालात से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। जब फसलें लहलहाएंगी, तो यह उनके चेहरे की मुस्कान बनेगी।

**सारंडा के दीघा में आईईडी विस्फोट सीआरपीएफ के दो...**

जाता है। दो दिन पहले नक्सलियों ने इसी जिले में करमपदा-रेंजरा रेल मार्ग पर आईईडी लगा दिया था, जिसकी चपेट में आकर रेलवे के एक ट्रैकमैन की मौत हो गई थी। जून महीने में भी सारंडा जंगल में आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर सीआरपीएफ के जवान सत्यवान कुमार सिंह शहीद हो गए थे। इसके पहले मार्च महीने में आईईडी विस्फोट की तीन घटनाएं हुई थीं, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर की शहादत के अलावा पांच अन्य जवान-अफसर घायल हुए हैं।

**देवघर में निशिकांत दुबे और मनोज...**

श्रद्धालुओं के साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती थी। सांसदों द्वारा जबरन प्रवेश कर पूजा करने से पूजा बाधित हुई और व्यवधान भी हुआ। कार्तिकनाथ ठाकुर ने शिकायत में बताया है कि उस रात करीब 8:45 बजे सायंकालीन कांचा जल पूजा के दौरान यह घटना हुई है। पुरोहितों ने सांसदों और उनके साथियों को गर्भगृह में प्रवेश से मना किया, लेकिन स्थानीय व्यक्ति अभयानंद झा ने मनोज तिवारी और उनके सचिव को जबरन अंदर पहुंचा दिया। इससे मंदिर परिसर में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं के बीच अफरातफरी मच गई। पंडा धर्मरक्षिणी महासभा के पूर्व महासचिव ने निशिकांत दुबे पर मंदिर में अराजकता फैलाने का भी आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि मनोज तिवारी ने सुल्तानगंज से देवघर तक करीब 105 किलोमीटर लंबी कांवर यात्रा 2 अगस्त को पूरी की थी। इस दौरान निशिकांत दुबे भी उनके साथ थे।

# बेन शेल्टन ने कारेन खाचानेव को हराकर जीता कैनेडियन ओपन पुरुष एकल वर्ग का

**टोरंटो (आईएएनएस)**

बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीत लिया है। फाइनल में शेल्टन ने कारेन खाचानेव को हराया। शेल्टन के करियर का यह सबसे बड़ा खिताब है। बेन शेल्टन ने कारेन खाचानेव तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7(5), 6-4, 7-6(3) से हराया। फाइनल मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला। बेन शेल्टन एंडी रोडिक के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 जीतने वाले दूसरे सबसे युवा अमेरिकी खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन से पहले 2004 में एंडी रोडिक ने मियामी ओपन का खिताब जीता था। खिताबी जीत के साथ शेल्टन एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में चौथे स्थान पर भी पहुंचे। इससे नवंबर में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावना बढ़ गई है। शेल्टन 2025 में पहली बार मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जैक ड्रेपर (इंडियन वेल्स), जैकब मेन्सिक (मियामी) और कैस्पर रूड (मैड्रिड) ने ये उपलब्धि हासिल की थी। यह शेल्टन के करियर का तीसरा खिताब है, इससे पहले उन्होंने 2023 में टोक्यो और 2024 में ह्यूस्टन में जीत हासिल की थी। शेल्टन ने लगातार तीन सालों से कम से कम एक खिताब जीता है। जीत के बाद बेन शेल्टन ने कहा, "यह एक अद्भुत एहसास है। यह एक लंबा सप्ताह रहा है। फाइनल तक का रास्ता आसान नहीं था। मेरा सर्वश्रेष्ठ टेनिस तब सामने आया जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। खाचानोव ने शुरुआती सेट में 10 फोरहैंड विनर लगाए और उनकी ताकत ने शेल्टन को बेसलाइन के काफी पीछे धकेल दिया। लेकिन अपने कोच और पिता ब्रायन की सलाह पर, शेल्टन ने दूसरे और तीसरे सेट में कोर्ट पर अपनी पकड़ मजबूत की और आक्रामक रुख अपनाया।



### शेल्टन ने जीता मियामी ओपन का खिताब

- शेल्टन ने मियामी ओपन जीतकर नया इतिहास रचा।
- 2004 के बाद पहली बार किसी अमेरिकी (एंडी रोडिक के बाद) ने यह खिताब जीता।

### एटीपी फाइनल्स की दौड़ में शेल्टन की बड़ी छलांग

- एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अब शेल्टन चौथे स्थान पर पहुंच गए।
- एटीपी फाइनल्स (नवंबर) के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ी

### यूएस अमेरिकी टेनिस को मिला नया स्टार

- शेल्टन की जीत अमेरिकी टेनिस के लिए नई उम्मीद लेकर आई।
- 21 साल बाद मियामी ओपन पर अमेरिका का परचम लहराया।

### शेल्टन बने 2025 में मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी

- 2025 में मास्टर्स 1000 जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शेल्टन चौथे।

## नाओमी ओसाका को हराकर विक्टोरिया म्बोको ने जीता कैनेडियन ओपन महिला एकल वर्ग का खिताब

**मॉन्ट्रियल (आईएएनएस)।** विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन महिला एकल का खिताब जीत लिया है। 18 साल की कनाडा की विक्टोरिया म्बोको ने जापान की दिग्गज खिलाड़ी नाओमी ओसाका को हराकर चैंपियन बनी। वाइल्ड कार्ड एंट्री करने वाली विक्टोरिया म्बोको ने चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर कैनेडियन ओपन का खिताब जीता था। अपने घर में मिली यह जीत म्बोको के लिए विशेष थी। म्बोको ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी की और दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत से म्बोको ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 25वें स्थान पर पहुंच गई। उन्हें इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क में होने वाले ग्रैंड स्लैम में पहली वरीयता दी जाएगी। 2019 के बाद म्बोको कनाडा की ऐसी दूसरी महिला खिलाड़ी बनी हैं, जिन्होंने कैनेडियन ओपन जीता है। 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने खिताब अपने नाम किया था।



## 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम बनी उपविजेता




- **फाइनल मैच में हॉकी पंजाब से 4-3 से पराजित, पंजाब की टीम बनी विजेता**

**रांची ।** झारखंड टीम 29 मिनट तक 290 से बढ़त ली थी, 29वें और 30वें मिनट में पंजाब ने लगातार दो गोल कर टीम को बराबरी पर ले आयी। झारखंड टीम 42वें मिनट में एक और गोल कर 3-2 बढ़त बना ली। पंजाब ने 3 मिनट बाद ही 45वें मिनट में गोल कर झारखंड के बढ़त को 3-3 की बराबरी पर ले आयी। 53वें मिनट में पंजाब ने एक और गोल कर 4-3 से मैच अपने नाम करते हुए झारखंड के चैंपियन बनने के सपने को पूरा होने नही दिया। लीग मैच झारखंड ने पंजाब को 5-2 से पराजित कर चुकी थी।आज के मैच में झारखंड टीम की ओर से आशीष तानी पूर्ति, अनीश डुंगडुंग और शुखू गुड़िया ने 1-1 गोल किया।

इससे पूर्व झारखंड टीम 2022 से उपविजेता और 2021 में विजेता बनी थी। झारखंड पुरुष टीम के उपविजेता बनने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के अधिकारियों ने बधाई दी है।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को चार मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हुई। भारतीय टीम ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली यह सीरीज काफी अहम है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के सभी चार मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया विश्व की छठी रैंकिंग वाली टीम है। भारत आठवें स्थान पर है। ऐसे में सीरीज के बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। बिहार के राजगीर में इसी महीने के अंत में हॉकी एशिया कप खेला जाना है। इस अहम टूर्नामेंट की तैयारी के भारतीय टीम का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण है।

## संजू सैमसन के लिए सबसे ज्यादा बेताब केकेआर होगी : आकाश चोपड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2026 से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से राजस्थान रॉयल्स से जुड़े संजू सैमसन अगले सीजन में टीम से अलग हो सकते हैं। सैमसन को लेकर पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सैमसन ने खुद टीम राजस्थान रॉयल्स से उन्हें रिलीज करने या फिर ट्रेड करने का आग्रह किया है। सैमसन की मुलाकात अमेरिका में आयोजित मेजर लीग क्रिकेट के दौरान सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग से हुई थी। इसके बाद से ही अटकलें हैं कि वह सीएसके का हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि, पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और लोकप्रिय कमेंटेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि राजस्थान के कप्तान को हासिल करने के लिए एक दूसरी टीम ज्यादा बेताब है। अपने यूट्यूब चैनल पर आकाश चोपड़ा ने कहा, "मेरे दिमाग में सबसे पहला नाम सीएसके का नहीं है। केकेआर का है। केकेआर ज्यादा बेताब टीम होनी चाहिए। कोलकाता के पास कोई भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज नहीं है। इससे उनके हाथ बंधे हुए हैं। दूसरी बात, अगर आपको कोई कप्तान मिल जाए तो इसमें क्या बुराई है?

## भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी मिश्रित टीम विश्व खेलों के क्वार्टर फाइनल में कोरिया से हारी




**चेंगदू ।** विश्व खेल 2025 के मिश्रित टीम कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में भारत का अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया। क्वार्टर फाइनल में मधुरा धामनगावकर और अभिषेक वर्मा की भारतीय जोड़ी को दक्षिण कोरियाई जोड़ी मून यिउन और ली यून से हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को आठवीं वरीयता प्राप्त कोरियाई जोड़ी से 151-154 से हार का सामना करना पड़ा। हार के साथ भारत की पदक जीतने की उम्मीद टूट गई।

## एशिया कप के लिए तैयार हो रहे हैं सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में चल रहे रिहैब के दौरान नेट्स पर बल्लेबाजी की। अपनी बल्लेबाजी से इस दिग्गज बल्लेबाज ने आगामी एशिया कप से पहले फिटनेस हासिल करने के महत्वपूर्ण संकेत दिए। जुलाई माह में, सूर्यकुमार यादव ने जर्मनी के म्यूनिख में हर्निया की सर्जरी करवाई थी और इसके बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन के लिए भर्ती हुए थे। उन्होंने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिखाया गया कि उन्होंने सीओई में फिर से बल्लेबाजी शुरू कर दी है। हालांकि आईएएनएस के अनुसार, सूर्यकुमार ने पिछले हफ्ते के अंत से ही नेट्स में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। यह उनके एशिया कप से पहले पूरी फिटनेस हासिल करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।




सूर्यकुमार ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "मैं उस काम को फिर से करने के लिए बेताब हूं जो मुझे पसंद है। वीडियो में वह व्यायाम और दौड़ते हुए भी दिखाई दे रहे हैं, और फिट नजर आ रहे हैं। सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत उनकी टीम ने टूर्नामेंट में दूसरा क्वालीफायर खेला।

## बाबर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज दौरे पर है। तीन टी20 मैचों की सीरीज में 2-1 से जीत हासिल करने के बाद पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत 8 अगस्त से हो रही है। इस सीरीज में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। बाबर आजम को वर्तमान समय का पाकिस्तान का श्रेष्ठ बल्लेबाज माना जाता है। 2015 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से उन्होंने पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन और शतक बनाए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान बाबर के पास पाकिस्तान के श्रेष्ठतम ओपनर्स में शुमार सईद अनवर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। सईद अनवर पाकिस्तान के लिए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। अनवर ने अपने करियर में 20 शतक लगाए।

## 64वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में के लिए झारखंड टीम बहा रही है पसीना



**नवीन मेल संवाददाता**

- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उभरते खिलाड़ी हो रहे तैयार, कोच और विशेषज्ञों की टीम कर रही मार्गदर्शन
- 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के तकनीकी, शारीरिक और मानसिक तैयारी पर दिया जा रहा है विशेष जोर

**रांची ।** 64वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम के चयनित खिलाड़ी खेलगांव में प्रैक्टिस कर रहे हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाड़ियों के तकनीकी, शारीरिक और मानसिक तैयारी विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर तीन चरणों में आयोजित हो रहा है। अंडर 17 बालिका वर्ग 1 से 16 अगस्त तक ,अंडर 15 बालक वर्ग 9 से 25 अगस्त, और अंडर 17 बालक वर्ग का 24 अगस्त से 13 सितंबर तक आयोजित होगा। 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षण दल में मुख्य कोच अमित शर्मा, सहायक कोच सुशीला साहू व आभा मिंज, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राजीव रंजन, शारीरिक विश्राम एवं रिकवरी हेतु योग प्रशिक्षक डॉ. अखिलेश यादव खिलाड़ियों को मानसिक सुदृढ़ता प्रदान कर रहे है। वही टीम प्रबंधक के रूप में श्रीमती बिंदु कुजूर को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को फुटबॉल के सूक्ष्म तकनीकी पहलुओं की जानकारी के साथ-साथ योग, फिटनेस एवं बॉडी रिलैक्सेशन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में आए खिलाड़ियों के लिए ठहरने व भोजन व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण के बाद झारखंड की टीम दिल्ली एवं बेंगलुरु में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर राज्य के उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध हो रहा है, जो उन्हें राष्ट्रीय और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा।

## बल्लेबाजी पर उठ रहे सवालों का शुभमन गिल ने बखूबी जवाब दिया : पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज में अपनी बल्लेबाजी से उन सभी सवालों के जवाब दिए जो अक्सर उनकी बल्लेबाजी पर उठाए जाते थे। इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला में, भारत के टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में गिल की पहली सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। वह श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे। गिल ने 10 पारियों में 75.40 की औसत से 754 रन बनाए। गिल के बल्ले से चार शतक आए। उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गिल ने 75.40 की औसत से 750 रन बनाए। चार शतक भी जड़े। गिल के बल्ले से सभी चार शतक अलग-अलग परिस्थितियों में आए। पटेल ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि जब गिल बल्लेबाजी के लिए उतरे थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### ट्रंप के टैरिफ से मार्केट में टेंशन!

# सेंसेक्स 765 अंक टूटा निफ्टी भी 233 अंक फिसला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर टैरिफ लगाने से उत्पन्न चिंता और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स 765.47 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 232.85 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 पर आ गया। साप्ताहिक आधार पर, निफ्टी में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि सेंसेक्स में 0.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2020 के बाद से बेंचमार्क सूचकांकों में यह सबसे लंबी गिरावट का सिलसिला है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, एनटीपीसी, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयरों में तेजी का रूख रहा। शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 4,997.19 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 10,864.04 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। अमेरिका की तरफ से भारतीय आयात पर घोषित शुरुआती 25 प्रतिशत शुल्क बृहस्पतिवार से लागू हो गए। वहीं रूसी तेल खरीदने पर अलग से लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होने वाले हैं। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर बढ़त मेंथे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.59 प्रतिशत बढ़कर 66.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 79.27 अंक बढ़कर 80,623.26 अंक और निफ्टी 21.95 अंक चढ़कर 24,596.15 अंक पर रहा था।



## भारतीय फार्मा मार्केट में जुलाई में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय फार्मा मार्केट (आईपीएम) में इस वर्ष जुलाई में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, हृदय तथा मधुमेह-रोधी थेरेपी सेगमेंट में अच्छी बिक्री देखी गई। यह जानकारी हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दी गई।मार्केट रिसर्च फर्म फामरैक की रिपोर्ट से पता चला है कि हृदय और मधुमेह-रोधी उपचार, के मूल्य में क्रमशः 14.1 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिनका कुल घरेलू बाजार में लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा है। यूरोलॉजी और एंटीनियोप्लास्टिक्स जैसे कई सुपर ग्रुप ने भी दोहरे अंकों में मूल्य वृद्धि दर्ज की। रेस्पिरेटरी सेगमेंट में भी 9.2 प्रतिशत मूल्य वृद्धि दर्ज की गई। फामरैक की उपाध्यक्ष (कमर्शियस) शीतल सपाले ने कहा, जुलाई महीने में अधिकतर उपचारों के लिए नए उत्पाद और मूल्य वृद्धि ने बाजार की वृद्धि को गति दी है। सपाले ने आगे कहा, शीर्ष उपचारों में, केवल हृदय और संक्रमण-रोधी दवाओं की ही बिक्री में मजबूत वृद्धि हुई है। नए उत्पादों के आने से मधुमेह-रोधी क्षेत्र में भी वृद्धि हुई है। इस बीच, रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि जीएलपी-1 एगोनिस्ट मार्केट में लगातार सकारात्मक रुझान बना हुआ है।



## पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को 9 एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपए सब्सिडी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने शुक्रवार को 12,000 करोड़ रुपए की लागत से वित्त वर्ष 2025-26 तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। पीएमयूवाई के तहत, लाभार्थियों को एक साल में 14.2 किलो वाले 9 एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपए प्रति रिफिल की सब्सिडी सरकार की ओर से दी जाती है।

पीएमयूवाई मई 2016 में देश भर के गरीब परिवारों की महिलाओं को बिना किसी जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। 1 जुलाई, 2025 तक, देश भर में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन उपलब्ध हैं। सभी पीएमयूवाई लाभार्थियों को बिना किसी जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन मिलता है, जिसमें सिलेंडर, प्रेशर रेगुलेटर, पाइप, घरेलू गैस उपभोक्ता कार्ड बुकलेट और इंस्टॉलेशन चार्ज शामिल होता है।

उज्ज्वला 2.0 की मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, सभी लाभार्थियों को पहला रिफिल और चूल्हा भी निःशुल्क प्रदान किया जाता है। पीएमयूवाई लाभार्थियों को एलपीजी कनेक्शन, पहले रिफिल या चूल्हे के लिए कोई भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इनका खर्च केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से वहन किया जाता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाने और इस प्रकार इन परिवारों द्वारा रसोई गैस के निरंतर उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु लक्षित सब्सिडी के अंतर्गत, सरकार ने मई 2022 में पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 200 रुपए की लक्षित सब्सिडी शुरू की थी। इस योजना का उद्देश्य पीएमयूवाई लाभार्थियों को एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तीव्र उतार-चढ़ाव के प्रभाव से बचाना है क्योंकि भारत की एलपीजी आवश्यकता का 60 प्रतिशत आयात के माध्यम से पूरा होता है। अक्टूबर 2023 में, सरकार ने लक्षित सब्सिडी को बढ़ाकर प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपये कर दिया।पीएमयूवाई उपभोक्ताओं की औसत प्रति व्यक्ति खपत (पीसीसी), जो 2019-20 में केवल लगभग 3 रिफिल और 2022-23 में 3.68 रिफिल थी, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान लगभग 4.47 रिफिल तक बढ़ गई है, जो योजना की सफलता को दर्शाती है।



## एसबीआई ने पहली तिमाही में कमाया 19,160 करोड़ मुनाफा, आय 41 हजार करोड़ रुपए से अधिक रही

**मुंबई (आईएएनएस)** । देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 19,160 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 17,035 करोड़ रुपए दर्ज किया गया था। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में एसबीआई का परिचालन लाभ सालाना आधार पर 15.49 प्रतिशत बढ़कर 30,544 करोड़ रुपए हो गया। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई), जो ऋणों पर अर्जित ब्याज और जमा पर दिए गए ब्याज के बीच के अंतर को दर्शाती है, अप्रैल-जून तिमाही के अंत में ग्रॉस एनपीए 1.83 प्रतिशत रहने के साथ, तिमाही के लिए एसबीआई की परिसंपत्ति गुणवत्ता में 38 आधार अंकों का सुधार हुआ।



## केंद्र ने ई-बसों, ट्रकों और एंबुलेंस के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना को 2 साल के लिए बढ़ाया आगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों, एम्बुलेंस और ट्रकों के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना को दो साल के लिए बढ़ाकर मार्च 2028 कर दिया है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, यह योजना अब मार्च 2026 के बजाय मार्च 2028 में समाप्त हो जाएगी। अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के लिए फंड आवंटन 10,900 करोड़ रुपए पर बरकरार रखा गया है और योजना के तहत कोई अतिरिक्त आवंटन नहीं किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएंगे। पीएम ई-ड्राइव योजना, देश भर में लगभग 5,600 ई-ट्रकों को इलेक्ट्रिक ट्रकों में बदलने के लिए 9.6 लाख रुपए तक के प्रोत्साहन के साथ कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद करती है।

